ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com ● डालटनगंज ● श्रावण शुक्ल पक्ष 05 ● विक्रम संवत 2080 ● शनिवार, 22 जुलाई 2023 ● वर्ष-29 ● अंक- 276 ● पृष्ठ-12 ● मूल्य ₹ 2.00

रैंप वॉक के लिए नेटिजेंस ने एक्ट्रेस आलिया ... पेज 10 पर



युवाओं के सपने हो रहे साकार सारथी बन रही झारखण्ड सरकार

मुख्यमंत्री सारथी योजना अंतर्गत

बिरसा योजना

(Block Level Institute for Rural Skill Acquisition)

एवं रोजगार प्रोत्साहन भत्ता/परिवहन भत्ता वितरण का

शुभारंभ

मुख्य अतिथि

श्री हेमन्त सोरेन
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

विशिष्ट अतिथि

श्री आलमगीर आलम
माननीय मंत्री, ग्रामीण विकास, ग्रामीण कार्य, पंचायती राज एवं संसदीय कार्य विभाग, झारखण्ड सरकार

श्री सत्यानंद भोक्ता
माननीय मंत्री, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, झारखण्ड सरकार

गरिमामयी उपस्थिति

डॉ महुआ माजी
माननीया सांसद, राज्यसभा

श्री संजय सेठ
माननीय सांसद, लोकसभा, रांची

श्री सी. पी. सिंह
माननीय विधायक, रांची

दिनांक : 22 जुलाई, 2023 | समय: अपराह्न 1 बजे
स्थान : आर्यभट्ट सभागार, रांची विश्वविद्यालय



योजना हेतु पात्रता (आयु)-
- सामान्य वर्ग: 18-35 वर्ष
- एससी/एसटी/ओबीसी वर्ग: 18-50 वर्ष तक

बिरसा केंद्र-
- प्रथम चरण में 80 प्रखण्डों में केंद्र की शुरुआत
- प्रखण्ड स्तर पर निःशुल्क कौशल प्रशिक्षण की व्यवस्था

रोजगार प्रोत्साहन भत्ता-
- युवकों को ₹1,000 प्रतिमाह
- युवतियों/दिव्यांग/परलैंगिक को ₹1,500 प्रतिमाह
(प्रशिक्षण के बाद सफल प्रशिक्षणार्थियों को तीन माह के अंदर नियोजन नहीं होने की स्थिति में भत्ता अधिकतम एक वर्ष के लिए DBT के जरिए)

परिवहन भत्ता-
- ₹1,000 प्रतिमाह
(गैर-आवासीय प्रशिक्षण के प्रशिक्षणार्थियों को उनके घर से प्रशिक्षण केंद्र आने-जाने के लिये भत्ता DBT के जरिए)

टोल फ्री नम्बर: 1800-123-3444

PR No. 302946 (Labour Employment and Traning) 2023-24

श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, झारखण्ड सरकार

## NEWS इन ब्रीफ

### अवैध बालू लदे दो ट्रैक्टर पाटन पुलिस ने किये जब्त

**नवीन मेल संवाददाता**

**पाटन।** थाना क्षेत्र के हिसरा बरवाडीह के समीप जिजोई नदी से खनन कर बालू लदा दो अवैध ट्रैक्टर को पाटन पुलिस ने पकड़कर थाना में जप्त किया है। थाना प्रभारी गुलशन गौरव ने बताया है की बालू लदा जप्त ट्रैक्टर पर करवाई हेतु जिला खनन कार्यालय को लिखित भेजा गया है। बालू लदा दोनो ट्रैक्टर एसआई रोबिन कुमार सदलबल गस्ती के दौरान गुप्त सूचना पर पकड़ा गया है। 10 जून से 15 अक्टूम्बर तक एनजीटी के तहत नदी से बालू की खनन, ढुलाई पर पूरी तरह से प्रतिबंध होने के बाबजूद कुछ लोग चोरी छिपे बालू की खनन नदी से करने की जानकारी है। पुलिस अवैध खनन रोक लगाने के लिये छापामारी अभियान लगातार चला रही है। जिसके तहत चार दिन पूर्व भी जंघासी के समीप जिजोई नदी से बालू लदा एक ट्रैक्टर बरामद कर जप्त किया है। पुलिस को देखते ही चालक एवं बालू लोड करने वाले मजदूर बालू लदा ट्रैक्टर छोड़ भाग गये। ट्रैक्टर मालिक की शिनाख्त किया जा रहा है।

### 50 छात्रों का एनसीसी में चयन

**हरिहरगंज।** स्थानीय सीता प्लस टू उच्च विद्यालय में शुक्रवार को 44 झारखंड बटालियन के कमांड लेफ्टिनेंट कर्नल अमिताभ मुखर्जी के निर्देश पर एनसीसी में छात्रों की चयन प्रक्रिया 44 बटालियन के सूबेदार माधव राम, नायक सूबेदार बिरसा उरांव तथा विद्यालय के एनसीसी पदाधिकारी ओरेंद्र कुमार यादव के देखरेख में पूरा किया गया। विद्यालय के एनसीसी पदाधिकारी ओरेंद्र कुमार यादव ने बताया कि एनसीसी में भर्ती हेतु कुल 300 छात्र शामिल हुए। जिसमे 50 छात्रों का चयन किया गया।

# पूर्व सैनिकों का कारगिल विजय महाउत्सव 31 जुलाई को




**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पूर्व सैनिक सेवा परिषद हुसैनाबाद इकाई के कार्यकर्ताओं की बैठक हुई । जिसमें पेंशन समस्याओं के अलावा कारगिल विजय दिवस मनाने पर भी चर्चा हुई। पूर्व में कारगिल विजय दिवस 26 जुलाई को मनाने का निर्णय लिया गया था, लेकिन अपरिहार्य कारणों से अब इस कारगिल विजय दिवस को 31 जुलाई को मनाया जायेगा। कार्यक्रम की तैयारी हेतु आगामी 25 जुलाई की सुबह 10 :00 बजे हुसैनाबाद स्थित कार्यालय में सभी पूर्व सैनिकों की बैठक बुलाई गई है। इस बैठक में कार्यक्रम संबंधित सभी को जिम्मेदार दी जायेगी। कार्यक्रम पहले की भांति इस साल भी कार्यालय के प्रांगण में इस महा विजय उत्सव को सभी पूर्व सैनिकों द्वारा मनाई जायेगी। यह निर्णय संगठन के संरक्षक कर्नल संजय कुमार सिंह के निर्देश एवं पूर्व सैनिक कार्यकताओं द्वारा ली गई है। बैठक में मुख्य रूप से संगठन के प्रमंडलीय अध्यक्ष कैप्टन दुखन सिंह, जिला उपाध्यक्ष लेफ्टिनेन्ट प्रेमतोष प्रसाद, प्रमंडलीय उपाध्यक्ष सुबेदार उदित सिंह, सुबेदार सत्येंद्र ठाकुर, असर्फी पाल, मिडिया प्रभारी सुधीर सिंह, सुभाष सिंह आदि लोग मौजूद थे।

# मंदिर आने जाने वाली सड़क अतिक्रमण से मुक्त करायी गयी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सदर प्रखंड के रजवाडी पंचायत के मुखिया अनुज कुमार त्रिपाठी के सफल प्रयास से रजवाडी पंचायत के बड़कागांव सूर्य मंदिर की और जाने वाली सड़क को अतिक्रमण से मुक्त कराया गया। जानकारी के अनुसार बड़कागांव निवासी स्वर्गीय राजकुमार तिवारी की पत्नी देवंती देवी और उनके दो पुत्र के द्वारा बड़कागांव सूर्य मंदिर की और आने जाने वाली सार्वजनिक सड़क को कांटा लगा कर बाधित कर दिया गया था। इसके बाद स्थानीय ग्रामीणों के



द्वारा सार्वजनिक रास्ते को बाधित करने की सूचना मुखिया अनुज कुमार त्रिपाठी को दी गई थी। जानकारी मिलने पर मुखिया अनुज कुमार त्रिपाठी वहां पहुंचे और उस परिवार के लोगों को समझा-बुझाकर सड़क को बाधित करने से मना किया। परंतु उस परिवार के लोग मुखिया से ही उलझ गये और रास्ते को कांटा लगा कर फिर से बाधित कर दिया। इसके बाद मुखिया अनुज कुमार त्रिपाठी के द्वारा इसकी सूचना अंचल पदाधिकारी जेके मिश्रा एवं सदर थाना प्रभारी गौतम कुमार को दी गई। सूचना मिलने पर अंचलाधिकारी और सदर थाना प्रभारी ने राजस्व कर्मचारी के अंचल अमीन और सदर थाना के एसआई रामतबक्या कुमार को घटनास्थल पर भेजा। घटनास्थल पर पुलिस के द्वारा ग्रामीणों से सड़क के बारे में पूछताछ की गई। पूछताछ के क्रम में ग्रामीणों ने बताया कि यह सड़क सार्वजनिक है।परंतु स्वर्गीय राजकुमार तिवारी के परिजनों द्वारा सड़क को हमेशा बाधित कर दिया जाता है। जिससे ग्रामीणों को मंदिर आने जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। घटनास्थल पर मौजूद पुलिस ने रास्ते को बाधित करने वाले परिवार के लोगों को समझाया और चेतावनी दी कि अगले बार से रास्ता को बाधित ना करें वर्ना कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

## चहारदीवारी का विधायक ने किया शिलान्यास

# ब्लॉक हेल्थ पब्लिक यूनिट भवन बनने से होगा लाभ : कमलेश

### आईटीआई भवन में चहारदीवारी नहीं रहने से परिसर को आवारा पशु गंदा कर दिया करते थे : विधायक

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद में आईटीआई भवन की चहारदीवारी निर्माण व अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद परिसर में ब्लॉक हेल्थ पब्लिक यूनिट भवन का शुक्रवार को विधायक कमलेश कुमार सिंह ने शिलान्यास किया। मौके पर विधायक कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि आईटीआई भवन में चहारदीवारी नहीं रहने से परिसर को आवारा पशु गंदा कर दिया करते थे, जिससे शिक्षकों और



विद्यार्थियों को परेशानी होती थी। अब आईटीआई भवन पूरी तरह सुरक्षित हो जायेगा। ब्लॉक हेल्थ पब्लिक यूनिट भवन के बन जाने से मरीजों के लिए सभी तरह की जांच आदि कराने में सुविधा होगी। उन्होंने कहा कि इस भवन के बन जाने के बाद आधुनिक जांच की सुविधा आम लोगों को मिलने लगेगी। विधायक ने अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद में दिव्यांग जांच शिविर का भी उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि दिव्यांग भाई बहनों को प्रमाण पत्र बनवाने के लिए मेदिनीनगर नहीं दौड़ना पड़े, इसके लिए समय समय पर शिविर आयोजित किया जाता है। मौके पर विधायक प्रतिनिधि अजीत सिंह, रौनक सिंह,ओपी राजवंशी, राजकुमार ठाकुर, विनय पासवान, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी दीपक सिन्हा, बीपीएम विभूति कुमार, योगेंद्र सिंह उर्फ गुड्डु सिंह, रविन्द्र कांस्कार, जानकी रजवार, विमलेश सिंह, रजनीश मिश्रा, बबलू तिवारी, राजू सिंह, विनय सिंह, इम्तेयाज आलम के अलावा कई चिकित्सक, अधिकारी व ग्रामीण मौजूद थे।

## दो प्रखंडों में 248 केंद्रों में मात्र 72 के पास है अपना भवन

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद प्रखंड में हुसैनाबाद और मोहम्मदगंज दो प्रखंडों में कुल- 248 आंगनबाड़ी केंद्रों का संचालन किया जाता हैं। जिसमें हुसैनाबाद में 197 व मोहम्मदगंज में 51 केंद्र हैं। जिसमें दोनों प्रखंड में 72 आगंनबाड़ी केन्द्रों का अपना भवन हैं। शेष किराए पर चलता है। पथरा आगंनबाडी केंद्र काफी जर्जर स्थिति में है। जिसके कारण वह घर पर ही चलाती हैं। सेविका गोबिंदा देवी और सहायिका शीला देवी ने बताया कि मानदेय समय पर नहीं मिलता है। पोषाहार भी समय से नहीं मिलता है। केंद्र में बर्तन की आवश्यकता है। बच्चों को बैठने के लिए दरी काफी पुरानी व फटी हुई हैं। जहां केंद्र चलता हैं, वहां किराया प्रति केन्द्र,प्रतिमाह दो सौ रुपए मिलता है। सेविकाओं को केन्द्र सरकार से 4500 रूपए एवं राज्य सरकार से 5000 हजार रुपए यानि प्रतिमाह 9,500 रुपए मानदेय मिलता है। इस मानदेय में केन्द्र सरकार के हिस्सा 4500 रूपए प्रतिमाह, प्रति सेविका दिसम्बर 2022 से बकाया है। जबकि राज्य सरकार का मानदेय पर मिलता रहता है। केन्द्रों पर तीन वर्ष से 6 वर्ष के बच्चों को स्कूल पूर्व शिक्षा दी जाती हैं। लेकिन नाम नहीं छापने की शर्त पर कुछ सेविकाओं ने बताया कि हमलोगों से बीएलओ सहित राज्य सरकार के अन्य कार्य कराये जा रहे हैं, जिससे केन्द्रों का संचालन सही ढंग से नहीं हो पा रहा है।

## संगठन की मजबूती को लेकर बसपा की बैठक

**मेदिनीनगर।** परिसदन भवन में शुक्रवार को मुख्य अतिथि, बहुजन समाज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व विश्रामपुर विधानसभा प्रत्याशी माननीय राजन मेहता जी, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अरुण कुमार राम के नेतृत्व में पलामू जिला में संगठन के मजबूती के लिए बैठक का आयोजन किया गया था जिसमें पलामू जिला अध्यक्ष संतोष कुमार गुप्ता ने संचालन किया, पलामू जिला के सभी विधानसभा के सैकड़ों नेता कार्यकर्ता उपस्थित हुए जिसमें पूर्व पलामू जिला अध्यक्ष अशोक राम, सूरजमल राम, नंदू राम,अजय राम, राम बाबू, प्रदीप कुमार पासवान, पूर्व प्रत्याशी डालटेनगंज विधानसभा क्षेत्र बिनोद कुमार सोनी, सुहैल अंसारी,धर्म देव शर्मा, सनी कुमार, धर्मेंद्र ठाकुर, आशिक अंसारी, राम परीक्षा राम सूरजमल राम, मनोज राम, साबिर अंसारी, रामबाबू यादव, एवं काफी संख्या में लोग अपने अपने विचारों को रखा और 2024 लोकसभा चुनाव एवं विधानसभा चुनाव को देखते हुए सभी ने एक स्वर में कहा कि पार्टी के मजबूती देने के लिए कार्य करेंगे एवं झारखंड में बसपा के नेतृत्व में ही सरकार बनेगी इसके लिए कार्यकर्ता, नेताओं को जोर शोर से ताकत लगाने कि आवश्यकता है। आज माननीय रामनाथ दुबे जी, ग्राम शाहपुर निवासी ने बहुजन समाज पार्टी में शामिल हुए, प्रदेश अध्यक्ष ने फूल माला देकर सम्मानित किया एंव उपस्थित सभी पार्टी के नेता एवं कार्यकर्ता ने गर्मजोशी से माननीय रामनाथ दुबे जी को स्वागत किया।

## बसपा नेता को फंसाने का हो रहा प्रयास

**विश्रामपुर।** युवा बसपा नेता राहुल दुबे ने कहा कि विश्रामपुर नगर प्रशासन बेगुनाह बसपा नेताओं कार्यकर्ताओं को फंसाने का प्रयास कर रहा है। नप के सहायक नगर आयुक्त मो परवेज पूर्वाग्रह से ग्रसित होकर वरीय बसपा नेता नईमुद्दीन अंसारी पर झूठा प्राथमिकी दर्ज कराये हैं। जिसका बसपा पार्टी घोर निन्दा करता है। श्री दुबे रेहला के शिवांश रेस्तरां में बसपा द्वारा आयोजित प्रेसवार्ता में बोल रहे थे। उन्होंने गोदरमा गांव की घटना पर क्षोभ व्यक्त करते हुए कहा कि वहां पिछले दिनों जो भी हुआ वह दुर्भाग्यपूर्ण था। लेकिन उसके नाम पर निर्दोष लोगों को फंसाना भी निंदनीय है। घटना के दिन बसपा नेता नईमुद्दीन अंसारी घटना स्थल पर मौजूद भी नही थे, बावजूद उनपर प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। घटना के विरोध में जब विश्रामपुर में सड़क जाम हुआ था तब पुलिस पदाधिकारियों द्वारा उन्हें फोन कर बुलाया गया और जाम हटाने में उनसे मदद भी लिया गया। पुलिस पदाधिकारियों के आग्रह पर उन्होंने जमाकर्ताओं से वार्ता कर सड़क जाम को समाप्त कराया। फिर भी उनपर झूठा मुकदमा दायर किया गया, जो बर्दास्त के लायक नही है।

# अंचल समिति का किया गया पुनर्गठन

**नवीन मेल संवादाता**

**पांकी।** प्रखंड के श्री राम जानकी मंदिर में शुक्रवार को एकल अभियान के तहत पांकी अंचल समिति का पुनर्गठन किया गया। सर्वप्रथम कार्यक्रम की शुरूआत मां भारती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर की गई। जिसके पश्चात मधुसूदन प्रसाद की अध्यक्षता अंचल समिति के पुनर्गठन हेतु एक विशेष बैठक की गई। जिसमें भाग पलामू उपाध्यक्ष रमेश चंद्र द्विवेदी के द्वारा अंचल कार्यकारिणी समिति की घोषणा की गई। जिसमें मुख्य रुप से उपस्थित केंद्रीय ग्राम संगठन प्रमुख संजय साहू ,दक्षिण झारखंड संभाग अभियान प्रमुख राजनाथ उरांव, दक्षिण झारखंड हरि कथा योजना प्रमुख प्रभाकर पांडे, सहित पांकी समेत सभी अंचल टोली के सेवावर्ती उपस्थित थे। पांकी अंचल समिति में मुरली प्रसाद, मधुसूदन प्रसाद, डॉक्टर ज्योति व निरंजन वर्मा को संरक्षक बनाया गया।


## समाहरणालय, चतरा
## (पर्यटन, कला–संस्कृति, खेलकूद एवं युवाकार्य शाखा)
sport.chatra@gmail.com

**आम–सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण सूचित किया जाता है कि क्षेत्रीय निदेशक, खेलो इण्डिया, भारतीय खेल प्राधिकरण, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार का पत्रांक 56/KI/SLKIC-SMALL-JHARKHAND/2020-21, दिनांक–10.03.2023 एवं कार्यकारी निदेशक, झारखण्ड खेल प्राधिकरण, झारखण्ड, राँची का पत्रांक–213, दिनांक– 28.06.2023 के आलोक में चतरा जिले में खेलो इंडिया सेंटर के तहत फुटबॉल प्रशिक्षण केन्द्र (गैर आवासीय) संचालित करने का निदेश प्राप्त है। उपरोक्त फुटबॉल प्रशिक्षण केन्द्र हेतु कुल 30 सुयोग्य खिलाड़ियों (15 बालक / 15 बालिका), उम्र 10 से 14 वर्ष तक का चयन किया जाना है, जो चतरा जिला मुख्यालय के 05 कि0मी0 के अंदर के होंगे। चतरा जिला में फुटबॉल प्रशिक्षण केन्द्र में खिलाड़ियों के चयन हेतु प्रस्तावित स्थल एवं तिथि निम्नवत् है :–

प्रस्तावित स्थल :–जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम, चतरा।

प्रस्तावित तिथि :–06.08.2023 एवं 07.08.2023

इच्छुक खिलाड़ी उपरोक्त प्रस्तावित स्थल एवं तिथि को चयन हेतु भाग लेना सुनिश्चित करेंगे तथा **अधिक जानकारी एवं आवेदन प्रपत्र हेतु www.chatra.nic.in अथवा जिला खेल कार्यालय, चतरा में संपर्क कर सकते है।**

**संपर्क नं0– 8083771175, 9304119683**

जिला क्रीड़ा पदाधिकारी, चतरा

**PR302879 (Tourism, Art Culture Sports And Youth Affairs)23-24*D**



## कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम

ज्ञापांक ............... दिनांक ......................

**इच्छा से अभिव्यक्ति (EOI) सूचना संख्या 14 / 2023–24 (2nd Call)**

मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत निगम द्वारा लगाये गये LED लाईट की मरम्मति हेतु सामग्री क्रय की आवश्यकता है। इच्छुक निर्माणकर्त्ता / आपूर्तिकर्ता / संवेदक को मेदिनीनगर नगर निगम कार्यालय में निविदा / कोटेशन दिनांक 28.07.2023 को 1.00 बजे अपराह्न तक जमा करना होगा। कोटेशन के साथ निविदा आमंत्रण शूल्क मो0 5,000/- रू0 एवं सुरक्षित जमा राशि मो0 60,000/- रू0 बैंक ड्राफ्ट / बैंकर्स चेक संलग्न करना अनिवार्य होगा। बैंक ड्राफ्ट / बैंकर्स चेक नगर आयुक्त, मेदिनीनगर नगर निगम के पद्नाम से देय होगा। निविदा शूल्क की राशि वापस नहीं की जाएगी। निविदा / कोटेशन उसी दिन अपराह्न 2:00 बजे नगर निगम कार्यालय में निविदा समिति के समक्ष खोली जाएगी। कोटेशन समर्पित करने वाले कोटेशनदाता अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि कोटेशन खोलने के समय उपस्थित रह सकते है। निविदा संबंधित नियम एवं शर्तें कार्यालय सूचना पट पर कार्यालय अवधि में देखी जा सकती है। LED लाईट की सामग्री क्रय किये जाने से संबंधित विस्तृत विवरणी निम्नवत् है :–

| Sl. No. | Description of Item | Sl.NO. | Description of Item |
|---|---|---|---|
| 1. | Wire- 1 (10 Sq.mm Aluminium) | 7. | SMD LED Bulb – (50W) – 300 Pcs. |
| 2. a. | Driver- (120 W)) - pcs. | 8. | SMD Driver – (50W) – 300 Pcs. |
| 3. | Driver – (70W) - 150 Pcs. | 9. | Driver – (150 W) – 100 Pcs |
| 4. a. | PCB- (120W) - 100 | 10. | PCB- (150W) – 40 Pcs. |
| 5. | Main Switch – (32A) - 30 | 11 | Wire – (1.5 Sq. mm copper) -7 Coil |
| 6. | Tape – (Pocket) – 8 | | |

ह0/–
नगर आयुक्त –सह प्रशासक
मेदिनीनगर नगर निगम

PR 302928 District (23-24)_D



## अनुमण्डल पदाधिकारी–सह–दण्डाधिकारी का कार्यालय, गुमला
(गोपनीय शाखा)

**भारतीय रेड क्रॉस सोसाईटी, जिला शाखा, गुमला की अंतिम मतदाता सूची प्रकाशन एवं आम बैठक की सूचना**

भारतीय रेड क्रॉस सोसाईटी, जिला शाखा, गुमला के मतदाता सदस्यों को सूचित किया जाता है कि भारतीय रेड क्रॉस सोसाईटी, जिला शाखा, गुमला के नयी कार्य समिति के गठन के पूर्व मतदाता सूची में संशोधन हेतु प्राप्त दावा / आपत्ति का निराकरण के पश्चात मतदाता सूची में संशोधन करते हुए अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन दिनांक 19.07.2023 के अप0 01.00 बजे कर दिया गया है जो अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में अवस्थित नोटिश बोर्ड पर प्रदर्शित है।

अंतिम मतदाता सूची के प्रकाशन के पश्चात दिनांक 30.07.2023 (दिन रविवार) को सदर अस्पताल, गुमला स्थित सभाकक्ष में पूर्वा0 11.00 बजे से भारतीय रेड क्रॉस सोसाईटी, जिला शाखा, गुमला की आम बैठक निर्धारित की गई है। उक्त बैठक में नयी कार्य समिति के गठन पर विचार विमर्श तथा आवश्यकतानुसार चुनाव कार्य सम्पन्न कराया जाना है।

सभी मतदाताओं से अपील है कि दिनांक 30.07.2023 (रविवार) को उक्त महत्वपूर्ण बैठक में ससमय उपस्थित होकर अपना योगदान देंगें।

निर्वाची पदाधिकारी,
भारतीय रेड क्रॉस सोसाईटी, जिला शाखा गुमला
–सह–अनुमण्डल पदाधिकारी, गुमला

PR 302887 District (23-24)D



## झारखण्ड सरकार
## जिला खनन कार्यालय, गुमला

**–: आम सूचना :–**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि गुमला जिला के लिए लघु खनिज पत्थर एवं मिट्टी इत्यादि (बालू छोड़कर) का Draft DSR (District Survey Report) तैयार कर गुमला जिला के बेबसाईट (https://gumla.nic.in) में Upload कर दिया गया है।

District Survey Report (जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट) के संबंध में यदि कोई सूझाव हो तो 21 दिनों के अन्दर अपना सूझाव जिला खनन कार्यालय, गुमला में (किसी कार्य दिवस) अथवा ई–मेल आईडी० dmo-gumla@jharkhandmail.gov.in पर सूचना उपलब्ध कराने की कृपा की जाय।

ह०/–
21.07.2023
जिला खनन पदाधिकारी, गुमला

PR 302985 Mines and Geology(23-24)#D



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा

**ई0 निविदा आमंत्रण सूचना**

ई0 निविदा संख्या– WRD/MIDIV GARHWA/ 08-F2/2023-24

पत्रांक – 598 गढ़वा / दिनांक – 19.07.2023

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | करूसना मध्यम सिंचाई योजना का जीर्णोद्वार कार्य, प्रखण्ड– बड़गड़, जिला– गढ़वा |
| 2 | प्राक्कलित राशि | 88,76,674.21 / – (अठासी लाख छेहत्तर हजार छः सौ चौहत्तर रू0 ईकीस पैसा) मात्र |
| 3 | परिमाण विपत्र की राशि | 10,000.00 (दस हजार रू0) मात्र |
| 4 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 24 माह |
| 5 | ई0 निविदा वेबसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि | 27.07.2023 12:00 PM |
| 6 | ई0 निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 11.08.2023 12:00 PM |
| 7 | ई0 निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 12.08.2023 04:00 PM |
| 8 | अग्रधन व हार्डकॉपी जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 12.08.2023 01:00 PM |
| 9 | (क) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता (ख) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का फोन नं0 | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा। मो0– 9931162912, eemidgarh-cemr-jhr@nic.in |
| 10 | ई0 निविदा हार्ड कॉपी जमा करने का कार्यालय। | 1. कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा। 2. अधीक्षण अभियंता, लघु सिंचाई अंचल, मेदिनीनगर। 3. कार्यलपालक अभियंता, लघु सिंचाई, रूपांकण प्रमण्डल, रांची। |
| 11 | ई0 प्रोक्योमेन्ट सेल एवं हेल्पलाईन संख्या | 0651–2214784 |

नोटः– केवल ई0 निविदा ही स्वीकार की जायेगी।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट– jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।
प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है। वेबसाईट पर अपलोडेड राशि प्रभावी मानी जायेगी।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा

PR 302878 Minor Irrigation(23-24)#D



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा

**ई0 निविदा आमंत्रण सूचना**

ई0 निविदा संख्या– WRD/MIDIV GARHWA/ 04-F2/2023-24

पत्रांक – 594 गढ़वा / दिनांक – 19.07.2023

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | चुतरू मध्यम सिंचाई योजना का जीर्णोद्वार कार्य, प्रखण्ड– रंका, जिला– गढ़वा |
| 2 | प्राक्कलित राशि | 24,80,390.59 / – (चौबीस लाख अस्सी हजार तीन सौ नब्बे रू0 उनसठ पैसा) मात्र |
| 3 | परिमाण विपत्र की राशि | 5,000.00 (पांच हजार रू0) मात्र |
| 4 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 24 माह |
| 5 | ई0 निविदा वेबसाइट पर प्रकाशित करने की तिथि | 27.07.2023 12:00 PM |
| 6 | ई0 निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 11.08.2023 12:00 PM |
| 7 | ई0 निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 12.08.2023 04:00 PM |
| 8 | अग्रधन व हार्डकॉपी जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 12.08.2023 01:00 PM |
| 9 | (क) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता (ख) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का फोन नं0 | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा। मो0– 9931162912 eemidgarh-cemr-jhr@nic.in |
| 10 | ई0 निविदा हार्ड कॉपी जमा करने का कार्यालय। | 1. कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा। 2. अधीक्षण अभियंता, लघु सिंचाई अंचल, मेदिनीनगर। 3. कार्यलपालक अभियंता, लघु सिंचाई, रूपांकण प्रमण्डल, रांची। |
| 11 | ई0 प्रोक्योमेन्ट सेल एवं हेल्पलाईन संख्या | 0651–2214784 |

नोटः– केवल ई0 निविदा ही स्वीकार की जायेगी।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट– jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।
प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है। वेबसाईट पर अपलोडेड राशि प्रभावी मानी जायेगी।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा

PR302881 (Minor Irrigation)23-24*D

## एएनएम के न होने से परती कुशवानी वासी परेशान

# उप स्वास्थ्य केंद्र में 1 वर्ष से लगा है ताला



**नवीन मेल संवाददाता। केतार**
सरकार की ओर से अंतिम पायदान तक के लोगों तक स्वास्थ्य सेवा का लाभ पहुंचाने का प्रयास दम तोड़ रहा है। केतार प्रखंड के आदिवासी बहुल परती कुशवानी पंचायत में एएनएम की पदस्थापना नहीं होने के कारण पिछले एक साल से उप स्वास्थ्य केंद्र में ताला लगा है। इसके कारण नौनिहालों को प्रत्येक गुरुवार एवं शनिवार को लगने वाला रोग प्रतिरोधक टीका भी नहीं लग पा रहा है।

स्वास्थ्य उप केंद्र के पोषक क्षेत्र में रहने वाली गर्भवती महिलाओं दस किलोमीटर दूर केतार स्वास्थ्य उप केंद्र में प्रसव कराने को मजबूर हैं, जबकि बच्चों को लगने वाला टीका एवं अन्य स्वास्थ्य संबंधी कार्य पूर्ण रूप से बंद पड़ा है। पंचायत के ग्रामीणों ने बताया कि इसके लिए हम सबों ने जनप्रतिनिधियों से गुहार लगाई, परंतु किसी ने हमारी समस्या का समाधान नहीं किया है। इसके कारण पूरे पंचायत क्षेत्र के लोगों को स्वास्थ संबंधित समस्या को लेकर प्रतिदिन भागदौड़ करनी पड़ रही है। परती कुशवानी पंचायत की मुखिया मुन्नी देवी ने बताया कि एक साल से उप स्वास्थ्य केंद्र बंद है अभी हमलोगों को केतार स्वास्थ्य उप केंद्र में महिलाओं को प्रसव कराने के लिए भाड़े के वाहन से जाना पड़ता है। इस संबंध में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी दिनेश कुमार सिंह ने कहा कि स्वास्थ्य उप केंद्र परती कुशवानी में एएनएम की पदस्थापना अभी तक नहीं हुई है। जल्द ही एएनएम की प्रतिनियुक्ति की जाएगी।

# अधर्मी भी चाहता है धर्म की व्यापकता का लाभ : जीयर स्वामी

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**
धर्म सिर्फ आस्था की चीज नहीं, बल्कि एक मानक भी है। धर्म की सर्व व्यापकता का समयोचित लाभ सभी प्राप्त करना चाहते हैं। जिस व्यक्ति के जीवन में धैर्य, क्षमा, दम, अस्तेय, शौच, निग्रह, धी, सत्य का भाव एवं क्रोध पर नियंत्रण हो तो वह अपने को धार्मिक समझे। मनुस्मृति में धर्म के दस लक्षण दिए गए हैं। ये लक्षण जिस व्यक्ति में विद्यमान हो उसे अपने को धार्मिक समझना चाहिए। जिन नियमों पर व्यक्ति से लेकर विश्व की व्यवस्था टिकी हुई है, उनका निस्वार्थ पालन करना सामान्य धर्म है। सृष्टिकर्ता के प्रति कृतज्ञता, भक्ति अर्पित करना मानव का परम धर्म है।

उक्त बातें जीयर स्वामी ने पाल्हे जतपुरा ग्राम में प्रवचन के दौरान कहीं। उन्होंने कहा कि नैमिषारण्य में व्यास गद्दी पर बैठे सूत जी, सुकदेव जी द्वारा राजा परीक्षित को भागवत कथा सुनाकर मुक्त किए जाने की बात कहीं गयी। सूत जी ने मंगलाचरण करते हुए कहा कि जैसे कीमती वस्तु की सुरक्षा हेतु एक गांठ से विश्वास नहीं होता। इसलिए दूसरा गांठ बाँध दिया जाता है। उसी भाव से सूत जी ने दोबारा मंगलाचरण किया। जन्म, पालन, संहार और मोक्ष प्रदान करने वाले सर्व शक्तिमान, जिसके प्रकाश से संसार प्रकाशित है, वैसे सत्य स्वरुप का वंदन किया सत्य स्वरुप की सत्ता से अलग दुनिया के अस्तित्व की कामना संभव नहीं। वैसे भगवान वामन, नृसिंह, राम और श्रीकृष्ण के रुप में जाने जाने वाले परमात्मा का मैं वंदन करता हूं।

जीयर स्वामी जी ने कहा कि धर्म की व्यापकता की परिधि का



समयोचित लाभ बालक, युवा, वृद्ध, चोर, अपराधी, जुआड़ी और शराबी भी उठाना चाहते हैं। बालक जब कोई खेल खेलता है, तो दोस्तों को ईमानदारी से खेलने की नसीहत देता है। जुआ खेलने वाला भी बेईमानी नहीं करने की हिदायत देता है। शराबी भी दुकानदार को दो नंबर का शराब नहीं देने और कीमत अधिक नहीं लेने के व्यवसाय धर्म की सीख देता है। अपराधी कभी भी अपने परिजनों को अपराधी नहीं बनाना चाहता। यानी बुरा व्यक्ति भी धर्म की दुहाई और सीख देता है। वह नहीं चाहता कि परिजन उसके मार्ग का अनुशरण करें। कैकई ने धर्म की आड़ में दशरथ को भगवान राम का वनगमन के लिए बाध्य कर दिया। स्वामी ने कहा कि एक धर्म और एक परमधर्म होता है। खेती व्यापार नौकरी, मकान और दुकान बनाना-चलाना धर्म है.जिसके द्वारा संसाधन व्यवस्था मिले है, उनके प्रति प्रेम एवं आदर की भावना करना परमधर्म है। यक्ष प्रश्न की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि मनुष्य घर-परिवार, पुत्र पुत्री, घन-वैभव और पद-प्रतिष्ठा को अपना मानते हैं, लेकिन उन सबको देने वाले, जिनके कारण वे इस दुनिया में हैं, उनको नहीं मानना ही आश्चर्य है। जो दैहिक, दैविक और भौतिक तापों का उन्मूलन करने वाले हैं, उन्हें भूलना नहीं चाहिए। सत्य शांति है और धर्म आनंद है। ऐसे सत्य एवं धर्म स्वरुप परमात्मा का नित्य वंदन करना चाहिए। परमात्मा धर्म के विग्रह ( मूर्त्त रूप) हैं।

# बाइक दुर्घटना में सवार 4 युवक घायल

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**
मझिया मार्ग पर पिंडरा गांव के पास बाइक दुर्घटना में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में मेराल थाना क्षेत्र के चटनिया गांव निवासी स्वर्गीय शंभू उरांव का पुत्र राजू कुमार उरांव, प्रेम विश्वकर्मा का पुत्र बॉबी देवल विश्वकर्मा, सूर्य देव उरांव का पुत्र मोतीचंद उरांव एवं बौराहा गांव निवासी वीरेंद्र उरांव का पुत्र उत्तम उरांव शामिल हैं। सभी को इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है। घटना के संबंध में बताया गया कि सभी लोग अपने घर से गढ़वा आ रहे थे। इसी दौरान पिंडरा गांव के पास एक साइकिल से उसकी बाइक में टक्कर हो गई। इससे बाइक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गयी।

## संक्षिप्त

### जल-नल योजना का शाही ने किया शिलान्यास



**केतार।** विधायक भानु प्रताप शाही ने शुक्रवार को प्रखंड के परती कुशवानी पंचायत में 7 करोड़ 50 लाख रुपये की लागत से जल-नल योजना के तहत जलमीनार का शिलान्यास किया। वहीं केतार पंचायत सचिवालय परिसर में स्थित 250 मिट्रिक टन की क्षमता वाले राशन गोदाम का उद्घाटन किया। जल नल योजना से दो हजार घरों में पेयजल के लिए पानी आपूर्ति होगी। मौके पर जिप सदस्य सह विधायक प्रतिनिधि ज्वाला प्रसाद, सिताराम जयसवाल, रविंद्र सोनी,गौरव सिंह, अमित चंद्र चंद्रवंशी आदि लोग उपस्थित थे।

### युवक को सांप ने काटा, हालत गंभीर

**सिंघीताली।** सिंघीताली में बुधवार की देर शाम में सर्पदंश से गुलाबचंद दास गंभीर रूप से घायल हो गया, गंभीरावस्था में परिजनों ने रात्रि आठ बजे के करीब स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया, जहां पर तैनात आयुष डॉक्टर नीतीश भारती ने प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए 108 एंबुलेंस से सदर अस्पताल गढ़वा रेफर कर दिया। गंभीरावस्था में युवक ने बताया कि वह शाम में क्रिकेट खेलने के बाद लौटकर घर के बगल में चापाकल हांथ मुंह धोने जा रहे थे,तभी पैर में सर्प ने डंस लिया। उसने बताया कि कौन सर्प था उसे देख नहीं पाया।

### महिला को सांप ने काटा, उपचाराधीन

**गढ़वा।** थाना क्षेत्र के पोटमा गांव निवासी मजलूम अंसारी की पत्नी सहीवन बीवी सांप काटने से जख्मी हो गई। उसे इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है। घटना के संबंध में सहीवन बीवी ने बताया कि वह अपने घर में जमीन पर चटाई बिछाकर सोई हुई थी। इसी दौरान सांप ने उसके बाएं हाथ में काट लिया। परिजनों ने उसे सदर अस्पताल में भर्ती करवाया।

### किशोरी को सांप ने डसा, चल रहा इलाज

**गढ़वा।** गढ़वा थाना क्षेत्र के तिलदाग गांव निवासी राजेश्वर उरांव की पुत्री रजंती कुमारी को सांप ने डस लिया। सदर अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। रजंती कुमारी मक्का के फसल की निकाई गुड़ाई कर रही थी। इस दौरान सांप ने उसके दाएं पैर में डस लिया। इसके पश्चात उसके स्वजनों ने सदर अस्पताल में लाकर भर्ती कराया। इलाज के बाद उसकी हालत में सुधार हो रहा है।

### हाई स्कूल में फुटबॉल प्रतियोगिता आयोजित

**श्री बंशीधर नगर।** राजकीयकृत प्लस टू उच्च विद्यालय परिसर में शुक्रवार को 62वीं सुब्रतो कप इंटरनेशनल फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाध्यापक बिरेंद्र पांडेय ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर एवं फुटबॉल को किक मारकर किया। इस मौके पर प्रधानाध्यापक बिरेंद्र पांडेय ने कहा कि हमारे देश में लोकप्रिय खेलों में से एक फुटबॉल है, जो शहरी क्षेत्र के साथ साथ ग्रामीण क्षेत्र में भी खेला जाता है। फुटबॉल ही एकमात्र ऐसा खेल है जिसमें खिलाड़ियों के शरीर के सभी अंग क्रिया करती है। उन्होंने कहा कि अगर उचित प्लेटफॉर्म मिले तो हमारे क्षेत्र के खिलाड़ी भी क्षेत्र व देश का नाम रोशन कर सकते हैं। फुटबॉल प्रतियोगिता विद्यालय के ग्रीन हाउस व येलो हाउस के बीच आयोजित हुआ। इसमें में ग्रीन हाउस ने 6-3 गोल से जीत हासिल की। मौके पर शिक्षक अमरेंद्र दास, दिलीप पाठक, दीपक मिश्रा, अभिषेक पाठक, अनंजय प्रसाद, संतोष कुमार, विजय कुमार, राधाकृष्ण पांडेय, सुमन रानी जायसवाल, मो सोहेल अहमद, प्रवेश टोप्पो, प्रियरंजन, मो होमेदुल्लाह, बली प्रसाद, रमेश प्रसाद यादव, धर्मेंद्र प्रसाद सहित सभी शिक्षक एवं छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

### बीएलओ घर घर जाकर कर रहे सत्यापन कार्य



**खरौंधी।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, मंत्रिमंडल (निर्वाचन) विभाग, झारखंड, रांची के आलोक में मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम-2024 के पुनरीक्षण पूर्व गतिविधियों के अंतर्गत बीएलओ द्वारा 21 जुलाई से 21 अगस्त 2023 तक अपने-अपने मतदान केंद्र क्षेत्र अंतर्गत घर-घर जाकर सत्यापन का कार्य किया जा रहा है। बीडीओ गणेश महतो ने बताया की खरौंधी प्रखंड अंतर्गत सभी 48 मतदान केंद्रों के बीएलओ के द्वारा घर घर मतदाताओं का सत्यापन कार्य किया जा रहा है एवं मतदाताओं से संबंधित सभी सूचनाएं मतदाता रजिस्टर में एकत्रित की जा रही है। साथ ही सत्यापन कार्य के दौरान मतदाताओं के घर पर निर्वाचन आयोग का स्टिकर भी बीएलओ द्वारा उनके घरों पर चिपकाया जा रहा है। साथ ही बीएलओ के कार्य को पर्यवेक्षण करने वाली बीएलओ सुपरवाइजर को भी इस कार्य पर पैनी नजर रखते हुए बीएलओ को आवश्यक सहयोग किया जा रहा है।

# अंशिका ने यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट में लहराया सफलता का परचम

**800 में से 787.2 अंक हासिल कर टॉपर लिस्ट में जगह बनाई**



**नवीन मेल संवाददाता। मेराल**
नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट (सीयूईटी) का रिजल्ट घोषित कर दिया है। इसके बाद गढ़वा जिला के संगबरिया की गांव के रहने वाली अंशिका गुप्ता ने 800 में से 787.2 अंक हासिल कर टॉपर लिस्ट में अपनी जगह बनाई है। अंशिका ने 12वीं तक की पढ़ाई रांची के डीएवी स्कूल से की है। 12वीं में भी अंशिका ने 94.5 प्रतिशत प्रतिशत अंक हासिल किया है।

अंशिका ने बताया कि जितनी मेहनत की थी, उस मुताबिक भरोसा था कि परीक्षा पास कर लूंगी। लेकिन राज्य टॉपर बनूंगी इसकी उम्मीद नहीं थी। यह मेरे और परिवार के लिए बहुत खुशी की बात है। मैं जॉइंट फैमिली में रहती हूं और मेरे परिवार में मेरे मम्मी पापा, मेरे भाई बहन हैं। मेरे पिता का नमा बीरेंद्र साव है जो गढ़वा विधानसभा के पूर्व बसपा विधायक प्रत्याशी भी रहे हैं। इसके पहले जिला परिषद रह चुके हैं। इन सभी का मेरी सफलता में बहुत बड़ा योगदान रहा। मुझे घर में एक बहुत ही बेहतरीन वातावरण मिला। अंशिका बताती हैं यह सफलता मुझे सिर्फ सेल्फ स्टडी से मिली है। जब तक सेल्फ स्टडी अच्छे से न की जाए, तब तक कांसेप्ट क्लीयर नहीं होता। इस परीक्षा में सबसे जरूरी है कि कांसेप्ट क्लीयर होना, क्योंकि परीक्षा में सवाल मल्टीपल चॉइस के रूप में होते हैं तो जब तक कंसेप्ट क्लियर नहीं होगा, तब तक कन्फ्यूजन रहेगा जब तक कंफ्यूज रहेगा, तब तक गलतियां होते रहेंगी। इसलिए सेल्फ स्टडी के द्वारा सबसे पहले कांसेप्ट को अच्छे से समझा जाए। अंशिका बताती हैं कि सेल्फ स्टडी के बाद जो सबसे जरूरी है, वह रीविजन है। जितना भी पढ़ लो अगर 4 से 5 बार नहीं दोहराया तो उस पढ़ाई का कोई मतलब नहीं रहेगा। क्योंकि एग्जाम में भूलने का डर रहता है। लेकिन अगर रीविजन अच्छे से किया है तो थोड़ा पढ़ कर भी आप काफी अच्छा कर सकते हैं। इसके साथ डिटरमिनेशन और मोटिवेशन भी काफी जरूरी है।

## पति-पत्नी एचआईवी पाजिटिव मिले, सदर अस्पताल में भर्ती

**गढ़वा।** श्रीबंशीधर नगर थाना क्षेत्र के एक गांव की एक दंपती को एचआईवी पाजिटिव पाया गया है। दंपती को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। 30 वर्षीय युवक पहले चेन्नई में राजमिस्त्री का काम करता था। वह एक वर्ष पहले घर लौटा था, लेकिन छह माह पूर्व से उक्त युवक की तबीयत खराब रहने लगी। स्वजनों ने कई जगह इलाज कराया, लेकिन उसकी हालत में सुधार नहीं हुआ। स्वजनों ने सदर अस्पताल में भर्ती कराया। युवक के रक्त की जांच कराई गई, जिसमें उसे एचआईवी पाजिटिव पाया गया। उसकी पत्नी का भी रक्त जांच कराए जाने पर उसे भी एचआईवी पाजिटिव पाया गया है। स्वजनों ने बताया कि दंपती को एक पुत्री व दो पुत्र हैं। पुत्री की उम्र 12 वर्ष है, बड़े पुत्र की उम्र 10 व छोटे पुत्र की उम्र आठ वर्ष है। युवक ने बताया कि छह माह से उसकी तबीयत अधिक खराब चल रही है।

# ऑटो-बाइक की टक्कर में दो छात्राएं समेत तीन घायल

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**
एनएच 75 गढ़वा-रेहला मार्ग पर गढ़वा थाना क्षेत्र के बेलचंपा गांव के समीप ऑटो व बाइक की टक्कर में दो छात्राएं समेत तीन लोग घायल हो गए। घायलों में डंडा थाना क्षेत्र के गढ़ौता गांव निवासी कामेश्वर राम की पुत्री रीमा कुमारी, गढ़वा थाना क्षेत्र के पतसा गांव निवासी बाबूलाल राम की पुत्री पुनम कुमारी एवं पतसा गांव के ही राजू कुमार शामिल हैं। तीनों घायलों का सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है।

बताया गया कि रीमा कुमारी एवं पुनम कुमारी पलामू जिले के रेहला स्थित लक्ष्मी चंद्रवंशी कालेज से राजू कुमार के साथ मोटरसाइकिल से पतसा गांव वापस लौट रहे थे। इसी दौरान बेलचंपा मोड़ के समीप एक अज्ञात ऑटो ने उनकी मोटरसाइकिल में पीछे से टक्कर मार दी। इस घटना में

**घायलों में डंडा थाना क्षेत्र के गढ़ौता गांव निवासी कामेश्वर राम की पुत्री रीमा कुमारी, गढ़वा थाना क्षेत्र के पतसा गांव निवासी बाबूलाल राम की पुत्री पुनम कुमारी व पतसा गांव के ही राजू कुमार शामिल**

मोटरसाइकिल पर सवार रीमा कुमारी, पुनम कुमारी एवं राजू कुमार घायल हो गए। तीनों घायलों को घटनास्थल के आसपास के लोगों की मदद से सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने गंभीर रूप से घायल पुनम कुमारी को बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया, जबकि रीमा कुमारी व राजू कुमार का सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है।

# रमना थाना परिसर में किया गया पौधरोपण



**नवीन मेल संवाददाता। रमना**
संत जेपी स्कूल की ओर से रमना थाना परिसर में शुक्रवार को एक सौ इमारती, फलदार और छायादार पौधे लगाये गये। इस अवसर पर प्रमुख करुणा सोनी ने कहा कि रमना को हरा-भरा बनाने की दिशा में संत जेपी स्कूल की ओर से किया जा रहा प्रयास सराहनीय है। सीओ सतीश कुमार सिन्हा ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण ही मानव जीवन का आधार है। ऐसे में सभी लोगों को कम से कम पांच-पांच पौधे अवश्य लगाने चाहिएं। थाना प्रभारी कृष्ण कुमार कुशवाहा ने कहा कि बड़े पैमाने पर पौधरोपण कर ही हम आने वाली पीढ़ी को सुरक्षित भविष्य दे सकते हैं। डॉ पारस नाथ ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य पौधे लगाने और इसे बचाने के लिए लोगों में जागरूकता लाना है। मौके पर मुखिया दुलारी देवी आदि मौजूद थे।

# झामुमो की बैठक में संयोजक मंडल का हुआ गठन

**नवीन मेल संवाददाता। चिनिया**
प्रखंड मुख्यालय के बिलैती खैर पंचायत सचिवालय परिसर में झामुमो युवा जिला अध्यक्ष संजय छोटू सिंह की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में झामुमो युवा मोर्चा कमेटी को सशक्त एवं मजबूत करने को लेकर विशेष रूप से चर्चा की गई। बैठक के उपरांत प्रखंड स्तरीय संयोजक मंडल का भी गठन किया गया, जिसमें भरत सिंह, रामबदन रवि, सुरेंद्र यादव, कन्हाई परहीया, महेंद्र सिंह, मुन्ना यादव, दिलीप परहीया रामेश्वर सिंह, रामवीर सिंह, अर्जुन सिंह, नितेश सिंह को शामिल किया गया।

बैठक में मुख्य रूप से झामुमो प्रखंड अध्यक्ष अरविंद यादव, जिला परिषद सदस्य बनारसी सिंह, प्रखंड प्रमुख सुनैना देवी, उप प्रमुख मोहम्मद फारुख, राम सागर यादव,



हीरामन सिंह, सतवंत यादव, रमेश यादव, रतन सिंह, चरकू परहिया, विभूति नारायण सिंह, बेलाल अंसारी, मनदीप यादव, रमेश यादव, सहित सैकड़ों झामुमो कार्यकर्ता बैठक में मौजूद रहे। बैठक में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए संजय छोटू सिंह ने कहा कि झामुमो बूथ स्तर तक पूरी तरीके से मजबूत है। आज मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में जब से सरकार बनी है तब से विपक्ष के लोग व केंद्र की भाजपा सरकार लोकप्रिय एवं जनप्रिय हेमंत सरकार को बदनाम करने के लिए दिन रात साजिश रच रही है। क्षेत्र में मंत्री मिथिलेश ठाकुर के द्वारा कराये जा रहे विकास कार्यों को विपक्षी दल केंद्र सरकार के बताकर यहां की भोली-भाली जनता को बरगलाने का काम कर रहा है। यहां की जनता ने पूर्व प्रतिनिधियों को पूरा अवसर दिया था। इनके समय में कुछ काम नहीं हुआ। अगर पूर्व की सरकार में काम हुआ है तो एक भी काम दिखा दें। जिस दिन विधायक निधि के काम की जांच होगी उस दिन पूर्व के जनप्रतिनिधियों को जेल जाने से कोई नहीं बचा सकता है। ऐसे जोक लड़ाई करने वाले प्रतिनिधियों से भोली भाली जनता को सावधान रहना चाहिएद्ध मौके पर सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## आस्था | जिक्रे शोहदा-ए- कर्बला कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया

# 'हजरत इमाम कयामत तक याद किये जायेंगे'

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**
नगर पंचायत क्षेत्र के अंतर्गत वार्ड संख्या तीन कर्बला के मैदान में जिक्रे शोहदा-ए- कर्बला कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर अंजुमन कमेटी के सदर तौहीद खान, मोहर्रम इंतेजामिया कमेटी के सदर मुराद खान (मुन्ना खान) खजांची लाल बाबू खान, नायब सदर शमीम खान उर्फ फुलटून खान ने संयुक्त रूप से फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस मौके पर सदर तौहिद खान ने कहा कि हजरत इमाम हसन हुसैन की शहादत के रूप में मोहर्रम का त्यौहार मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि अपने ईमान, इस्लाम धर्म और इंसानियत



के लिए जान न्योछावर करने वाले हजरत इमाम हुसैन कयामत तक लोगों के दिलों में याद किये जायेंगे। मोहर्रम इंतेजामिया कमेटी के सदर मुराद खान ने कहा कि जिक्रे शोहदा ए कर्बला कॉन्फ्रेंस का आयोजन एक तारीख से लेकर 7 तारीख तक किया गया है। बाहर से आए हुए वलमाओ के द्वारा तकरीर किया जाएगा। खजांची लालबाबू ने कहा कि इस्लाम धर्म प्रेम और भाईचारे से रहने का पैगाम देता है हर मुस्लिम को इसका अनुसरण करना चाहिए। मुफ्ती जुनैद मिस्बाही इलाहाबादी ने कहा कि हजरत इमाम हुसैन की जिंदगी पर प्रकाश डालते हुये कहा कि हमे इस्लाम हजरत हुसैन की शहादत से मिला है उन्हें कभी भुलाया नही जा सकता है। उन्होंने कहा कि इमाम हुसैन की शख्सियत से हमें हक के लिए लड़ने व जुल्म के आगे सिर नहीं झुकाने की सीख मिलती है। हालात चाहे जो हों सच्चाई की राह कभी नहीं छोड़नी चाहिए। कार्यक्रम अंत में सलातो सलाम पढ़कर अमन चैन की दुआ की गई। मौके पर मौलाना अब्दुल कादिर साहब, मौलाना पैगाम रजा, मौलाना आबिद हुसैन, सरपरस्त शमीम खान, मोहर्रम इंतजामिया कमेटी सचिव इरफान खान, शेरमोहमद खान, डॉ मेराजुद्दीन खान, आजाद खान नेपाली, फिरोज खान, वाजुदिन अंसारी, डॉ सरफराज खान, अंसार खान, बबलू खान, अलाहु खान, अजूबा खान, मंसूर खान, फेराजूल खान, सोनु खान, अजहरुल खान सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

## रास्ता विवाद में दो पक्षों के बीच मारपीट

**मेराल।** थाना क्षेत्र के चेचरिया पंचायत के खोलरा गांव में रास्ता विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट हुई। मारपीट की घटना को लेकर राम नरेश चौधरी ने थाने में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। घटना के संबंध में दिए गए आवेदन के अनुसार राम नरेश चौधरी खेत जुताई के लिए अपना ट्रैक्टर लेकर जा रहा था। इस दौरान राजबली सिंह द्वारा ट्रैक्टर रोकने के बाद दोनों ओर से वादद विवाद हुआ।

इसके बाद राजबली सिंह के पुत्र सुनील सिंह व उनके पुत्र तथा कुछ अज्ञात लोग घर पर आकर उसके साथ मारपीट की। इस घटना की जानकारी मेराल थाना को दी गयी। घटना की जानकारी पाकर मेराल पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और मामले की छानबीन करते हुए कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।

# मणिपुर की घटना ने किया मानव समाज को शर्मसार : सीपीआई

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रूचिर कुमार तिवारी ने भाजपा शासित प्रदेश मणिपुर तकरीबन ढाई महीने से हो रही हिंसा और महिलाओं के साथ हुई घटना पर चिंता व्यक्त की है। इसे मानवता को शर्मसार करने वाला कृत्य बताया। उन्होंने कहा कि यह विदित है कि आज भाजपा शासित प्रदेश मणिपुर में कई महीनों से हिंसा चल रही है,दो समुदायों के बीच आपसी लड़ाई चल रही है। परंतु देश के प्रधानमंत्री का विदेश दौरा चल रहा है । सुप्रीम कोर्ट ने स्वत संज्ञान लिया तब प्रधानमंत्री अपना चुप्पी तोड़ते हैं, जो निन्दनीय है। नैतिकता के आधार पर मणिपुर के मुख्यमंत्री और देश के गृह मंत्री को तुरंत इस्तीफा देना चाहिए। साथ ही सभी दोषियों की अविलंब गिरफ्तारी एवं पीड़ित परिवार को मुआवजा के साथ सुरक्षा की भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी मांग करती है एवं लोगों से शांति की अपील करती है।



## पशु पालन विभाग ने लाभुकों के बीच किया बकरी-बकरे का वितरण

**पाटन।** आजीविका संबर्धन के लिये बकरी पालन करने के लिये पशुपालन विभाग द्वारा लाभुको के बीच दस बकरा सहित दस दस बकरी लाभुको के बीच वितरण किया। प्रखण्ड कार्यालय परिसर में आयोजित वितरण समारोह में प्रखण्ड प्रमुख शोभा देवी , डॉ मनीषा , प्रखण्ड प्रमुख प्रतिनिधि शक्ति शंकर गुप्ता, आदि पशुपालन विभाग के कर्मी उपस्थित थे। बकरी वितरण करते हुये प्रमुख शोभा देवी ने कहा की बकरी पालन कर लाभुक अच्छी आय प्राप्त कर सकते है। तथा आजीविका संबर्धन के लिए पशुपालन विभाग की यह योजना अंतर्गत 90 प्रतिशत अनुदान पर लाभुको दिया जा रहा है।

## गतका प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ियों को सम्मान

**मेदिनीनगर।** कजरी संत मरियम स्कूल के असेंबली में एक सादे कार्यक्रम के दौरान झारखंड राज्य स्तरीय गतका प्रतियोगिता में विजेता रोशन कुमार, पीयूष कुमार मेहता, आयुष कुमार और आर्यन पांडे ने गोल्ड मेडल जीतने की खुशी में विद्यालय परिवार की ओर से इन चारो खिलाड़ियों को स्कूल के प्राचार्य आदर्श देव द्वारा सम्मानित किया गया। मौके पर आदर्श देव ने कहा की गतका एक भारतीय पारंपरिक खेल है इस खेल को ज्यादातर पंजाब राज्य में खेला जाता है क्योंकि यह एक सिख मार्शल आर्ट खेल है हमारे विद्यालय के यह 4 होनहार विद्यार्थी अपने लग्न एवं परिश्रम से पलामू का नाम बढ़ाए है स्कूल परिवार की ओर से इन बच्चों को ढेर सारी शुभकामनाएं। मौके पर शारीरिक प्रशिक्षक सुमित बर्मन ने कहा कि इन खिलाड़ियों का चयन राष्ट्र स्तरीय गतका प्रतियोगिता जो आसाम में 4 अगस्त से 6 अगस्त को आयोजित की जायेगी उसमें यह चारों खिलाड़ी भाग लेंगे।

तस्वीर झूठ न बोले




छाया- भोला

चार मासूम बच्चियों की मौत का गवाह बना रामगढ़ के सरजा का शहीद नीलाम्बर पीताम्बर विद्यालय अपने स्थापना काल से ही विवादों में घिरा रहा है। 90के दशक में स्थापित इस विद्यालय को पलामू के तत्कालीन एसपी अनिल पालटा के कार्यकाल में पुलिस ने बंद करा दिया था। आरोप था कि इस विद्यालय की स्थापना में नक्सलियो का न सिर्फ हाथ है, बल्कि इस स्कूल का संचालन भी नक्सलियों द्वारा ही किया जाता है। तब यह उच्च विद्यालय के रूप में स्थापित था। स्कूल के छात्र -छात्राओं का ड्रेस भी लाल रंग का का था। काफी दिनों तक स्कूल बंद भी रहा। बाद में कब और कैसे इस विद्यालय को सरकारी मान्यता मिली, इसके प्रबंधन में कौन लोग हैं, यह आज तक जांच का विषय ही है। स्कूल के पुराने भवन में ही आज भी पढ़ाई होती है। स्कूल के जमीन की चाहरदिवारी भी आज तक नहीं हुई है। बहरहाल स्कूल से सटे आहर में डूबने से चार मासूम छात्राओं की हुई मौत की घटना से यह स्कूल एक बार फिर सुर्खियों में आ गया है।

**NEWS इन ब्रीफ**

## मुहर्रम की शुरुआत होते ही किये गये कई कार्यक्रम

**मेदिनीनगर।** सतबरवा अल हुसैन कमिटी सतबरवा के द्वारा गुरुवार की रात्रि में मुहर्रम के प्रथम दिन पर कई कार्यक्रम की शुरूआत की गई। मेदिनीनगर मुहर्रम इंतजामिया कमिटी के जेनरल खलीफा शहरयार अली और थाना प्रभारी अमित सोनी के द्वारा संयुक्त रूप से कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। मौके पर दोनों समुदाय के लोगों को पगड़ी पोशी कर स्वागत किया गया। इससे पूर्व जेनरल खलीफा के सम्मान में बाइक रैली निकाली गई तथा समारोह स्थल मस्जिद मुहल्ला तक ले जाया गया। अल हुसैन कमिटी के सदस्यों की तारीफ करते हुए कहा कि मस्जिद मुहल्ला में 10 दिनों तक मिलाद शरीफ का कार्यक्रम कराना सराहनीय है। थाना प्रभारी अमित सोनी ने कहा कि मुहर्रम जुलूस के दौरान प्रशासनिक गाइडलाइन के तहत कार्यक्रम करेंगे। साथ ही मिलजुलकर इस त्यौहार को भाईचारगी के साथ मनाने की जरूरतों पर बल देते हुए कहा कि आपसी मेलजोल से कार्यक्रम कराने में दोनों समुदाय के बीच की दूरियां कम होती है।

## 24 साल बाद परिवार को मिला न्याय

# हत्यारे को आजीवन कारावास की सजा, पीड़ित को मिला न्याय

### अर्थदंड की राशि नहीं देने पर एक वर्ष अतिरिक्त सजा भुगतनी पड़ेगी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला व्यवहार न्यायालय के पंचम जिला व अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अभिमन्यु कुमार की अदालत ने हत्या के एक मामले में रामा भुइयाँ व कलुआ भुइयाँ को सश्रम आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। वहीं 25 ,25 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया है । अर्थदंड की राशि नहीं देने पर एक वर्ष अतिरिक्त सजा भुगतनी पड़ेगी। इस मामले में कमल भुइयां ने छतरपुर थाना में चार लोगों के विरुद्ध नामजद प्राथमिकी दर्ज करायी थी । जो छतरपुर थाना कांड संख्या 125 सन 1999 तिथि 15 नवंबर 99 को भारतीय दंड विधान की धारा 302 / 34 एवं 201/ 34 के तहत दर्ज किया गया था। अभियुक्तों पर आरोप था कि 11 नवंबर 1999 को अभियुक्त गण कमल भुइयां के घर गए तथा कमल भुईयां के पिताजी लखन भुइयाँ को टांगी से प्रहार कर उनकी हत्या कर दी। रामा भुइयाँ टांगी तथा कलुआ भुइयां लाठी लिए हुए अन्य अभियुक्तों के साथ मृतक के घर जाकर उनकी हत्या कर दी । तथा मृतक के शव को जंगल में ले जाकर जला दिया । ये लोग मृतक पर ओझा होने का तथा भूत लगाने का आरोप लगा रहे थे। सूचक ने कलुआ भुईयां, रामा भुईयां, हरि भुईयां व लल्लू भुईयां के विरुद्ध छतरपुर थाना में नामजद प्राथमिकी दर्ज करायी थी। इसमें एक आदमी की मृत्यु हो गई है। तथा एक फरार चल रहा है । दो मुदालय रामा भुईयां व कलुवा भुईयां के विरुद्ध केस का ट्रायल चल रहा था। अदालत ने साक्ष्य के आधार पर दोषी पाते छतरपुर के भिखही निवासी रामा भुईयां व कलुआ भुईयां को सश्रम आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। वहीं पीड़ित परिवार को सरकारी सहायता पीड़ित प्रतिकर की राशि दिलाने के लिए डालसा को अनुशंसा किया गया है।




## भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा पाल्हे कला गांव: संग्राम

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पाटन पश्चिमी जिला परिषद सदस्य संग्राम सिंह शुक्रवार को अपने क्षेत्र का भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान निर्माण हो रहे दो पंचायत सचिवालय का सेकंड फ्लोर का शिकायत कुछ ग्रामीणों के द्वारा की गयी थी। शिकायत थी कि पंचायत सचिव भवन का जो द्वितीय तल का निर्माण किया जा रहा है जिसमें तीन नंबर का ईंट और 15/1 के सीमेंट से जुड़ाई किया जा रहा है। कार्यस्थल पर जाकर देखा गया तो गड़बड़ी पाई गई। इसकी प्राक्कलन राशि करीब 18 लाख से ऊपर की है। निर्माण घटिया किया जा रहा है। जिला परिषद सचिव और अधिकारीगण से अनुरोध है ऐसे संवेदक को उच्च स्तरीय जांच कराकर अग्रधन की राशि और एकरारनामा मे जमा राशि को फॉरफिट किया जाये। साथ ही काली सूची में डाला जाये।



## आजसू का प्रमंडलीय कार्यकर्ता सम्मेलन 23 को

**हरिहरगंज।** आजसू पार्टी का प्रमंडलीय कार्यकर्ता सम्मेलन 23 जुलाई को मेदिनीनगर स्थित टाउन हॉल में होगा। सम्मेलन में पलामू , गढ़वा तथा लातेहार जिले के सभी प्रखंडों से हजारों की संख्या में कार्यकर्ता व पदाधिकारी शामिल होंगे। इसकी जानकारी आजसू पार्टी के जिला अध्यक्ष दिलीप चौधरी ने शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दी। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में आजसू पार्टी के सुप्रीमो सह पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश कुमार महतो के अलावे केंद्रीय प्रवक्ता डा. देवशरण भगत, केंद्रीय उपाध्यक्ष सह पूर्व विधायक कुशवाहा शिवपूजन मेहता, हसन अंसारी मुख्य रूप से मौजूद रहेंगे।

## सीएससी के संचालकों को उपाध्यक्ष ने दी सख्त हिदायत

**मेदिनीनगर।** सदर प्रखंड मेदिनीनगर पलामू के सभाकक्ष में शुक्रवार को 20 सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति द्वारा सभी विभागों की समीक्षा बैठक की गई । बैठक में 20 सूत्री उपाध्यक्ष रामानंद पाठक ने क्रमवार उपस्थित पदाधिकारियों से चल रही योजनाओं के बारे में जानकारी ली एवं कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा करते हुए उपाध्यक्ष ने आए दिन सर्पदंश से हो रही मौत के रोकथाम के लिए आवश्यक निर्देश देते हुए एंटी वेनम इंजेक्शन को अधिक मात्रा में उपलब्ध कराने एवं स्वास्थ्य कर्मियों को गांवों में जाकर जागरूकता फैलाने की बात कही। ताकि सुदूर क्षेत्र के लोगों को झाड़-फूंक के चक्कर में ना पड़ते हुए सरकारी अस्पतालों एवं स्वास्थ्य केंद्रों में सही इलाज कराया जा सके। साथ में फलेरिया जैसे गंभीर बीमारी के रोक थाम के सभी पंचायतों में जागरूकता फैलाने की बात कहीं। कृषि विभाग की समीक्षा करते हुए उपाध्यक्ष ने इस वर्ष भी औसतन बारिश नहीं होने के कारण किसानों की समस्या को देखते हुए दलहन फसलों की वैकल्पिक व्यवस्था करने की बात कही।

# पौधा रूपी प्रसाद को लगाने से तर जायेगी पीढ़ी : कौशल

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** बंगाल के जादवपुर यूनिवर्सिटी और गंगासागर के स्वर्ग आश्रम प्रांगण में विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वनराखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल्य ने बीपीएसए संस्था के सचिव अरविंद कुमार , प्रधान सचिव सह डाली बाजार के मुखिया पूनम जायसवाल व छतरपुर पूर्वी से जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल और बंगाल के नवमनोनीत प्रदेश अध्यक्ष पारसनाथ गुप्ता एवं सचिव मानिकचंद के साथ पर्यावरण धर्म के प्रार्थना के साथ चंदन का पौधा लगाकर वृक्षों पर रक्षाबंधन किया। कार्यक्रम में देश के कई राज्यों से आए तीर्थ यात्रियों को चंदन और कपूर का पौधा वितरण करते हुए पर्यावरणविद ने कहा कि यह पौराणिक मान्यता कि गंगासागर में नहाने से लोगों के पूर्वज तक शुद्ध हो जाते हैं। जबकि उनके द्वारा चलाए गए पर्यावरण धर्म के तहत अतिथियों को पौधा रूपी प्रसाद को धरती पर लगाकर बचाने से सात पीढ़ी तक तर जाती हैं। श्री जायसवाल ने अतिथियों को पर्यावरण धर्म के 8 मूल ज्ञान मंत्रों की शपथ भी दिलाई। कार्यक्रम के उपरांत यूनिवर्सिटी के डायरेक्टर आशीष मजूमदार ने पर्यावरण धर्मगुरु कौशल व सचिव अरविंद एव प्रधान सचिव पूनम, व जिला पार्षद अमित को सम्मानित किया। वन राखी मूवमेंट के प्रणेता कौशल ने बताया कि संस्था का विस्तार सिंगापुर और मलेशिया, के बाद बंगाल में नए सिरे से संस्था का विस्तार किया जा रहा है। इससे पहले देश के 22 राज्यों में संस्था गठित कर वहां अध्यक्ष एवं सचिव की नियुक्ति किया जा चुका है। कार्यक्रम में मुख्यरूप से काउंसलर संदीप दास, संजय बाला विश्वास, सुबासी डे,चंदन डे, दुलाल डे, उषा जायसवाल, उर्मिला देवी, आशा देवी, शिल्पा जायसवाल, सिद्धि कुमारी, सुरेंद्र महाराज, विनोद पासवान आदि शामिल थी।

## दलित संघ की बैठक में भाग लेने अध्यक्ष सचिव दिल्ली रवाना

**मेदिनीनगर ।** भारतीय दलित वर्ग संघ की राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति की बैठक 23 जुलाई को नई दिल्ली में आयोजित है। बैठक की अध्यक्षता पूर्व लोकसभा अध्यक्ष और बाबू जगजीवन राम की सुपुत्री मीरा कुमार करेंगी। ज्ञातव्य हो कि भारतीय दलित वर्ग संघ की स्थापना बाबू जगजीवन राम ने दलित समुदाय को शिक्षित करने संगठित करने और आगे बढ़ाने के लिए दलित वर्ग संघ की स्थापना की थी। दलित वर्ग संघ के माध्यम से बाबू जगजीवन राम ने हजारों रात्रि पाठशालाए शुरू की थी। गरीब समुदायों को शिक्षित करने का बीड़ा उठाया था। दलित वर्ग संघ ने बाबू जगजीवन राम के समय में कई सामाजिक उत्थान के कार्यक्रम किये थे।

# उपायुक्त कार्यालय में जनता दरबार का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आंजनेयुलू दोड्डे ने शुक्रवार को समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया। जिले के विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे ग्रामीणों ने उपायुक्त को अपनी-अपनी समस्याओं से अवगत कराते हुए समाधान करने हेतु अनुरोध किया। जनता दरबार में आये समस्याओं का अवलोकन करते हुए डीसी ने संबंधित अधिकारियों को आवेदन अग्रसारित करते हुए निर्धारित समय सीमा पर निष्पादन करने का निर्देश दिया।जनता दरबार मे ग्राम पंचायत नवगढ़ के मुखिया बिजय शंकर पांडेय ने उपायुक्त से शिकायत किया कि तरहसी पंचायत नवगढ़ में चार जनवितरण प्रणाली के दुकानदारों के द्वारा ग्रामीणों के बीच जुलाई महीने का राशन वितरण नही किया गया है। इसी तरह ग्राम पांडु के बिफन मिस्त्री ने उपायुक्त से सरकारी तालाब का जीर्णोद्धार कराने का अनुरोध किया। इसी तरह बिन्दुवा डेवडर के मो. शमीम अंसारी ने उपायुक्त से गांव के जगदीसपुर टोला में डिपबोर जलमीनार निर्माण करवाने का अनुरोध किया। इसी तरह तरहसी थाना क्षेत्र के धर्मदेव सिंह ने उपायुक्त से अपने जमीन की सीमांकन करवाने का अनुरोध किया।आज के जनता दरबार में मुख्य रूप से जमीन संबंधी, प्रधानमंत्री आवास व जमीन दाखिल खारिज, जमीन हड़पने,राशन कार्ड,वृद्धा पेंशन आदि से सबंधित कई आवेदन आये जिसे उपायुक्त ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को अग्रसारित कर निर्धारित समय सीमा के अंदर निष्पादित करने का निर्देश दिया।

**मुआवजा** | पीड़ित परिवारों को मिलेगा मुआवजा, होगी कार्रवाई

# चार बच्चियों की मौत पर स्कूल प्रबंधन के खिलाफ जांच शुरू

### घटना के बाद पूरे गांव में मातम का माहौल

### सभी बच्चियां रामगढ़ के सरजा में संचालित नीलाम्बर- पीताम्बर हाई स्कूल की छात्राएं थी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के रामगढ़ थाना क्षेत्र के सरजा में आहर में डूब कर चार स्कूली बच्चियों की मौत मामले में जांच शुरू हो गई है। जांच रिपोर्ट के बाद लापरवाही बरतने वाले स्कूल एवं संचालकों के खिलाफ कार्रवाई की जा सकती है। वहीं पीड़ित परिवारों को आपदा प्रबंधन के तहत चार-चार लाख रुपये का मुआबजा दिया जायेगा। पलामू डीसी ए दोड्डे ने बताया कि मामले में जांच की जा रही है। पीड़ित परिवारों को मुआवजा दिया जायेगा। लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ ही कार्रवाई की जाएगी। मुआवजा के लिए संबंधित क्षेत्र के अधिकारियों को मौके पर भेजा गया है। इधर मृतक चारों बच्चियों के शव का पोस्टमार्टम मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पीटल में किया गया। पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया गया है। घटना के बाद पूरे गांव में मातम का माहौल है। मृतक सभी बच्चियां पलामू के रामगढ़ थाना क्षेत्र के उलदंडा की रहने वाली हैं। सभी बच्चियां रामगढ़ के सरजा में संचालित नीलाम्बर- पीताम्बर हाई स्कूल की छात्राएं थीं। जानकारी के अनुसार जिस आहार में बच्चियां डूबीं है वह नीलांबर पीताम्बर हाई स्कूल से करीब 50 मीटर की दूरी पर है। आहर के बगल से एक रास्ता गुजरता है। स्कूल से कुछ दूरी पर एक स्थानीय ग्रामीण अपना घर बनवा रहा है। घर बनवा रहे व्यक्ति ने आहर में पिछले वर्ष गड्ढा करवाया था। गड्ढा में करीब आठ फीट पानी है। इसी गड्ढे में गिरकर सभी बच्चियों की मौत हुई है। आशंका जताई जा रही है कि सभी बच्चियां आहर के बगल के रास्ते से गुजर रही होंगी और फिसल कर गिर गई होंगी। पूरी घटना गुरुवार की है। लेकिन देर शाम तक बच्चियों को वापस घर नहीं लौटने के बाद परिजनों ने खोजबीन शुरू की थी। गुरुवार की देर रात सभी बच्चियों का शव बरामद किया गया। स्थानीय विधायक आलोक चौरसिया ने पीड़ित परिवारों को पांच पांच लाख रुपये मुआवजा देने की मांग की है। पूरे मामले में पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी ने पलामू डीसी से मुलाकात की और मुआवजा देने की मांग की है।



# पदक विजेता खिलाड़ियों को फेमिना ने किया सम्मानित

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पिछले दिनों बोकारो में आयोजित राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता में पलामू की ओर से भाग लेकर पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को लायंस क्लब की महिला शाखा फेमिना के द्वारा गुरुवार को सम्मानित किया गया। होटल शिवाय ब्लू में समारोह का अयोजन किया गया । मौके पर फेमिना की अध्यक्ष बिंदू तुलस्यान ने कहा कि उनकी संस्था हमेशा प्रतिभाओं का सम्मान करती है, उन्हे प्रोत्साहित कर आगे और अच्छा प्रदर्शन के लिए मनोबल बढ़ाया है। इसी के तहत शहर के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को सम्मानित करने का काम किया गया है। खिलाड़ियों ने बोकारो में राज्य स्तरीय पदक जीतकर जिले का नाम रौशन किया है। फेमिना की सचिव हरविंदर कौर डॉली ने कहा कि उनकी संस्था आगे भी प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का सम्मान करती रहेगी। उन्होंने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा की वर्तमान समय में खेल के क्षेत्र में भी केरियर बनाने की काफी संभावनाएं हैं। मौके पर फेमिना द्वारा ट्रिपल जंप में ब्रोंज मेडल जितने वाले आर्यन कुमार, जेवलिन थ्रो में सिल्वर मेडल जितने वाले हेमंत कुमार, डीसकस थ्रो में ब्रोंज मेडल जितने वाली नेहा कुमारी व स्केटिंग के नन्हा प्रतिभा हसन अख्तर को सम्मानित किया. मौके पर रेखा शर्मा, ममता तुलस्यान, सुनीता सिंघानिया, पूजा खन्ना, निशा साइन, नीलम शाह, सबिता सर्राफ, आभा केजरीवाल आदि मौजूद थी। कार्यक्रम का संचालन राजलक्ष्मी वर्मा ने की।

**संस्था हमेशा प्रतिभाओं का सम्मान करती है : अध्यक्ष**



### आने जाने वाले लोगों को होती है परेशानी, समस्या का सुध लेने वाला कोई नहीं

# साप्ताहिक शुक्र बाजार की सड़कें कीचड़ में तब्दील



**मनोज मिश्रा। लोहरदगा**

शहरी क्षेत्र के कृषि मार्केट परिसर में प्रत्येक शुक्रवार को साप्ताहिक बाजार लगता है। इस बाजार में लोहरदगा समेत अन्य जिलों के कोने कोने से लोग अपनी रोजमर्रा के सामानों को खरीदने एवं बेचने के लिए आते हैं। साप्ताहिक बाजार में बहुत भीड़ होती है, लोग दूसरे जिला से भी आते हैं। इस दिन का भीड़ किसी मेला से कम नहीं होता है।

समस्या तो तब होती है जब बारिश का मौसम होता है और अभी बारिश का मौसम चल रहा है। पूरा बाजार कीचड़ से भरा हुआ है। बाजार की मुख्य सड़क कीचड़ में तब्दील हो गई है जिसके कारण आने वाले राहगीरों और बाजार करने वाले लोगों को बहुत परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कृषि बाजार समिति की ओर से यहां पर दुकान लगाने वाले छोटे बड़े और मंझोले दुकानदारों से चुंगी वसूली जाती है। छोटे दुकानों से आमतौर पर 20 रुपये तो बड़े दुकानों से 50 से 100 रुपये तक की चुंगी वसूल किया जाता है। चुंगी वसूलने के लिए बाजार समिति का ठेकेदार आते हैं और पैसा तसिल कर ले जाते हैं। लेकिन दुकानदार की समस्या ज्यो का त्यों की रह जाता है। इसके लिए अबतक कोई पहल किसी ओर से नहीं की गयी है। बाजार लगाने वाले दुकानदारों ने बताया कि बारिश के मौसम में हमे बहुत परेशानी होती है। हमलोग दुकान लगाने की जगह पर स्वयं के खर्च पर मिट्टी मोरम गिराकर दुकान तैयार करते हैं और टेंट लगाते हैं। बारिश से बचने के लिए प्लास्टिक तिरपाल लगाते है। यहां की सड़कों की मरम्मत भी हमलोगों को ही करना पड़ता है ताकि दुकान में कीचड़ न फैले। वहीं बाजार समिति के लोग सिर्फ हमसे चुंगी की वसूली करने से मतलब रखते हैं। हमारी सुविधाओं का ध्यान बाजार समिति को नहीं है। फिलहाल साप्ताहिक बाजार आने जाने वाले लोगों को बहुत परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस समस्या की सुधि लेने वाला कोई नहीं है। ऐसे कीचड़ भरे बाजार में साइकिल और मोटर साइकिल से चलने वाले लोगों को हादसे का शिकार होते देखा गया है। वहीं कई बार इस बाजार में सुरक्षा व्यवस्था की कमी होने के कारण बाइक व साइकिल की चोरी भी हो गई है।

# मोहर्रम को लेकर विशेष सतर्कता बरतें

### एसपी ने की मासिक क्राइम कंट्रोल की समीक्षा



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

समाहरणालय परिसर स्थित पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शुक्रवार को एसपी आर रामकुमार की अगुवाई में मासिक क्राइम कंट्रोल की समीक्षा बैठक हुई। इस दौरान जिले में अपराध की घटनाओं में रोक लगाने और अपराध नियंत्रण के लिए एसपी ने सभी थाना प्रभारियों और वरीय पुलिस पदाधिकारियों को कड़ा निर्देश दिया। इस दौरान गत माह में मिली पुलिस को सफलता पर भी समीक्षा की गई। वहीं नक्सल गतिविधियों, लॉ एंड ऑर्डर को लेकर कई दिशा निर्देश दिये गये। खास तौर पर मुहर्रम त्योहार को लेकर पुलिस अधिकारियों को चौकस रहने का निर्देश दिया गया।

एसपी ने कहा कि त्योहार के दौरान किसी भी तरह की कोताही बर्दाशत नहीं की जाएगी। इस दौरान विशेष सतर्कता बरतने का निर्देश दिया गया। वहीं पुलिस मुख्यालय से प्राप्त निर्देशानुसार कार्रवाई करने सहित कानून-व्यवस्था बनाए रखने के संबंध में दिशा निर्देश दिए। अपराध गोष्ठी में विगत माह जिले में घटित सभी संवेदनशील/महिला उत्पीड़न/हत्या/आपराधिक मामले चोरी, गृहभेदन, वाहन चोरी आदि मामलों की थानावार समीक्षा की गई। लंबित वारंट निष्पादन में और तेजी लाने तथा फरार अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किये गये। एसपी ने महिला उत्पीड़न, एससी/एसएसटी के कांडो में शीघ्र कार्रवाई पूर्ण कर समय पर न्यायालय में आरोप पत्र समर्पित करने का आदेश दिया। यातायात अधिनियम के अंतर्गत यातायात प्रभारी को विशेष अभियान चलाने का भी आदेश दिया। एसपी ने कहा कि अपराध को नियंत्रित करने को लेकर रात्रि गश्ती में तेजी लाएं। मौके पर डीएसपी मुख्यालय परमेश्वर प्रसाद, इंस्पेक्टर बनारसी प्रसाद, इंस्पेक्टर मंटू कुमार, चंद्रमोहन हांसदा, सदर थाना प्रभारी अनिल उरांव, थाना प्रभारी अभिनव कुमार, शशि शेखर, अख्तर अली, गौतम कुमार, विश्वजीत सिंह समेत सभी थानों के थानेदार मौजूद रहे।

## संक्षिप्त

### फर्जी प्रमाणपत्र निर्गत किये जाने की जांच शुरू

**सेन्हा।** फर्जी प्रमाण पत्र निर्गत किये जाने की सूचना पर प्रखंड विकास पदाधिकारी सेन्हा द्वारा नोटिस जारी कर सभी प्रज्ञा केंद्र एवं सीएससी संचालक को आईडी प्रस्तुत करने का दिया निर्देश। सेन्हा प्रखंड मुख्यालय स्थित संचालित प्रज्ञा केंद्र एवं सी एस सी संचालक को कार्यालय में आईडी प्रस्तुत करने का निर्देश प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा द्वारा नोटिस जारी कर किया गया। इसके आलोक में सेन्हा प्रखंड मुख्यालय के समीप संचालित प्रज्ञा केंद्र एवं सी एस सी संचालक कार्यालय पहुंच अपना आईडी प्रस्तुत किया। इस संदर्भ में प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा ने कहा प्रज्ञा केंद्र एवं सी एस सी का आईडी जांच के क्रम त्रुटि पाए जाने पर नियम संगत कारवाई किया जाएगा। बताते हुए उन्होंने कहा हाल ही में जाली प्रमाण पत्र निर्गत करने की सूचना प्राप्त हुआ है। इसको लेकर चिकित्सा प्रभारी लोहरदगा को अवगत कराया गया है। सूचना के आलोक में जांच की कारवाई भी आरंभ कर दी गयी है। जांच के दौरान जाली प्रमाणपत्र निर्गत करने वाले प्रज्ञा केंद्र या सीएससी संचालक के चिन्हित होने पर उसके विरुद्ध सख्त से सख्त कारवाई की जायेगी। फिलहाल सभी प्रज्ञा केंद्र एवं सी एस सी संचालक से दस्तावेज लिया गया है।

### बजरंग दल ने रक्तदान कर इलाज में मदद की

**लोहरदगा।** बजरंग दल ने अपने सामाजिक कर्तव्य का निर्वहन करते हुए एक यूनिट रक्तदान कर मरीज के इलाज में मदद की। जानकारी के अनुसार बजरंग दल के सुरक्षा प्रमुख उमेश सिंह को जानकारी मिली की अंबेडकर नगर निवासी सुहानी देवी को एक यूनिट खून की त्वरित आवश्यकता है। बिना विलंब किए उमेश सिंह ने एक यूनिट रक्तदान किया तथा लोगों से अपील की कि हर राम भक्त बजरंगी को इस तरह के नेक काम में भाग लेना चाहिए।

### मतदाता सत्यापन कार्य का किया निरीक्षण

**कुडू।** शुक्रवार से आरंभ हुए विशेष मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत किए जा रहे डोर टू डोर मतदाता सत्यापन एवं मतदान केंद्र के भौतिक सत्यापन कार्य का शुक्रवार को अनुमंडल पदाधिकारी अरबिंद कुमार लाल ने निरीक्षण किया। लाल ने कुडू बीडीओ मनोरंजन कुमार के साथ उत्क्रमित मध्य विद्यालय टाटी में बूथ संख्या 130 और 131 का निरीक्षण किया और बीएलओ से प्राप्त हुए आवेदनों की जानकारी ली। इस दौरान अनुमंडल पदाधिकारी बूथों के मतदाओं से डोर टू डोर मिले और मतदाताओं को प्रेरित कर अपना मत बनवाने व आवश्यकता अनुसार संशोधन करवाने की कार्रवाई में सहयोग करने की अपील की। गौरतलब है कि मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत बीएलओ द्वारा 21 जुलाई से 21 अगस्त तक अपने-अपने मतदान केंद्र क्षेत्र अंतर्गत घर-घर जाकर सत्यापन का कार्य किया जाना है।

### कुडू व किस्को में चला जागरूकता अभियान

**लोहरदगा।** जिला जनसंपर्क कार्यालय के सूचीबद्ध कला दलों की ओर से शुक्रवार को कुडू और किस्को प्रखंड में सरकार की कल्याणकारी योजनाओं और जनजागरूकता से संबंधित प्रचार नुक्कड़-नाटक के माध्यम से किया। गणेश लोहरा के नेतृत्व में झारखंड का नवा मंजर कला दल द्वारा कैरो प्रखंड के गजनी पंचायत के खंडा गांव में और दीप नारायण सिंह के नेतृत्व में वनांचल कला केंद्र द्वारा कुडू प्रखंड कुडू पंचायत में सरकार की योजनाओं का प्रचार-प्रसार नुक्कड़-नाटक के माध्यम से किया गया। इन कार्यक्रमों में राज्य सरकार के लोककल्याणकारी योजनाओं यथा सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, सर्वजन पेंशन योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, फूलो-झानो आशीर्वाद अभियान, श्रमाधान योजना, वज्रपात से बचाव, सर्पदंश से बचाव, मलेरिया, हाथी से बचाव की जानकारी दी गयी।

### डीएवी स्कूल में हुयी देशभक्ति गायन प्रतियोगिता

**लोहरदगा।** एमबी डीएवी विद्यालय लोहरदगा में प्राचार्य जीपी झा के नेतृत्व व निर्देशन में सीसीए प्रभारी शिक्षक शितेश कुमार पाठक द्वारा पाठ्य सहगामी क्रियाओं के अंतर्गत देशभक्ति गायन प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। कक्षा सातवीं व आठवीं के विद्यार्थियों के मध्य देशभक्ति गायन प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया, जिसमें यजुर्वेद हाउस के विद्यार्थी विजित हुए। एकल गायन प्रतियोगिता में अनुराग कुमार ने प्रथम, अमीषा कुमारी ने द्वितीय तथा समीक्षा लकरा ने तृतीय स्थान अर्जित किया। श्रोता विद्यार्थियों के मध्य भी देशभक्त गायन की खुली प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया है जिसमें दक्ष भालेकर ने प्रथम तथा अक्षरा वाणी ने द्वितीय स्थान अर्जित किया।

### पशुओं की देखभाल की जानकारी दी गयी

**सेन्हा।** प्रखंड क्षेत्र के ग्राम बाजार डांडू में पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन कर लम्पी बीमारी एवं मौसमी बीमारी के बारे में डॉ रोहित कुमार के द्वारा विस्तारपूर्वक जानकारी पशु पालकों को दी गयी। यह कार्यक्रम एच डी एफ सी बैंक एवं बाएफ संस्था के तत्वधान में आयोजित किया गया था। साथ ही पशु संबंधित विभिन्न बीमारियों पर प्रकाश डालते हुए किसानों को जागरूक किया गया। वहीं पशुओं की जांच के पश्चात संस्था द्वारा निःशुल्क दवा का वितरण किया गया। मौके पर पशु चिकित्सक डॉ. रोहित कुमार, पशु संरक्षण कार्यक्रम पदाधिकारी पंकज कुमार, मनोहर नायक, अरविंद टाना भगत, फगुवा उरांव, बिजय दुबे, जगजीवन नायक, राजेंद्र नायक, सुनील महतो, सितंबर नायक सहित सैकड़ों ग्रामीण पशुपालक उपस्थित थे।

### भू अधिग्रहण को लेकर ग्राम सभा का आयोजन

**भंडरा।** भंडरा से सेन्हा पथचौड़ीकरण पथ निर्माण हेतु भूमि अधिग्रहण कार्य के लिए ग्राम भैसमुंदो, पंचायत उदरंगी में ग्राम प्रधान धरती पहान के अध्यक्षता एवं मुखिया परमेश्वर महली की उपस्थिति में प्रभावित रैयतों के साथ ग्राम सभा हुयी। इसमें अंचलकर्मी सुमित जायसवाल, पथ निर्माण विभाग के पदाधिकारी गण संवेदक के प्रतिनिधि के साथ रैयत शारू उरांव, बाल कृष्णा सिंह, वासुदेव उराव, यासीन अंसारी सहित गांव के गणमान्य लोग व ग्रामीण उपस्थित हुए।

### ठगी के शिकार हुए लोगों ने पकड़ कर पुलिस को सौंपा था

# करोड़ों रुपये की ठगी करने के आरोपी को पुलिस ने भेजा जेल

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

जिले के सदर थाना पुलिस ने आम लोगों से करोड़ों रुपये ठगी करने के मामले में फरार चल रहे जेल भेज दिया। इससे पहले ठगी के शिकार लोगों ने ठग को पकड़ कर सदर थाना पुलिस को सौंपा था। ठग की पहचान राजेश लकड़ा के रूप में हुई है जो किस्को थाना क्षेत्र के तिशिया अंबा टोली का रहने वाला है। आरोपी वर्तमान में सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत जुरिया में घर बनाकर रहता है। वहीं इसके खिलाफ पहले भी प्राथमिकी दर्ज हो चुकी है और वारंट जारी होने के बाद से ठग राजेश लकड़ा फरार था। ठग राजेश लकड़ा एक एनजीओ का निर्माण कर अनुदान के रूप में पैसे डबल करने और आधे दामों में नई बाइक, स्कुटी और कार दिलाने के नाम पर ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के लोगों से ठगी करता था। इसका नेटवर्क लोहरदगा के साथ-साथ झारखंड के कई जिलों के साथ ओडिशा, छत्तीसगढ़ में फैला हुआ था। यह लोगों को अपने जाल में फसाकर उसके साथ ठगी की घटना को अंजाम देता था। ठग राजेश के साथ जिले के कई सफेदपोश भी शामिल हैं जो ठगी के पैसे का उपयोग व्यवसाय में करते थे और बदले में राजेश का संरक्षण करने का काम करते थे। फिलहाल पुलिस आगे की करवाई में जुटी हुई है।

जानकारी के अनुसार सिर्फ लोहरदगा में 200 से ज्यादा लोगों को ठग राजेश लकड़ा ने अपने जाल में फंसाया था और करीब 2 करोड़ रुपये से अधिक की ठगी लोहरदगा से की गई थी। राजेश के पास कई लोगों ने मोटी रकम के लालच में आकर 5 लाख रुपये से 40 लाख रुपये तक जमा किए थे। राजेश ने भी एक साल में पैसे डबल देने का लालच देकर लोगों को अपने झांसे में लिया। वहीं कई लोगों को फंसाने के लिए आधे दामों में स्कूटी और बाइक दे दी, जिससे उसके पास अपने आप लोग आकर पैसे देने लगे। जब समय पर लोगों को बाइक और पैसे नहीं मिले तब जाकर इस ठगी का भंडाफोड़ हुआ। बताया जाता है कि आरोपी ने राज्य के कई जिलों के सैकड़ों लोगों से 20 करोड़ों रुपये से अधिक की ठगी को अंजाम दिया है। राजेश लकड़ा उर्फ राजेश उरांव द्वारा ग्रेट इंडिया परिवार मिशनरी संस्थान के नाम से लोहरदगा सहित लातेहार, रांची, गुमला, खूंटी चतरा सहित अन्य राज्यों के लोगों से 15 करोड़ से ऊपर का गबन किया गया है।



#### ठग राजेश लकड़ा के शिकार हुए लोग

राजेश की गिरफ्तारी के बाद पत्रकारों से बात करते हुए ठगी के शिकार लोगों ने बताया कि लोहरदगा के कुंदगड़ी निवासी सुमन देवी से 40 लाख रुपये, शहर के अजय कुमार हिंदू से 15 लाख रुपये, उज्ज्वल लकड़ा से 8 लाख रुपये, झलजमीरा के संजुमती उरांव से 4 लाख 20 हजार रुपये, आर्या के सजीत उरांव से 2 लाख 20 हजार रुपये, वीरेंद्र उरांव से 1.5 लाख रुपये, मिलटेना टोप्पो चतरा से 10 लाख रुपये, बसंती उरांव से से 15 लाख रुपये, सुबोध उरांव चान्हो से 3 लाख रुपये, जितेंद्र उरांव से 31500 रुपये, महुआ डांड के प्रमिला टोप्पो से 45 लाख रुपये, खूंटी के मुकेश महतो से 35500 रुपये, उद्रांगी के सोनमणि देवी से 1 लाख 35 हजार रुपये, जमराहे के आशीष उरांव से 1 लाख 35 हजार रुपये, सुलेंदर उरांव आर्या से 5 लाख रुपये, देवासी मुंडू खूंटी से 5 लाख 19 हजार रुपये, रांची के अमित उरांव से 6 लाख 12 हजार रुपये, रामलाल खेरवार चाडी से 1 लाख 35 हजार, सुशीला उरांव आर्या से 7 लाख रुपये, मंजू उरांव गराडही से 1 लाख, त्रशिला उरांव जोगियारा से 25500, विनोद सिंह पंडरा से 38000 रुपये, बंधनू उरांव से 1 लाख, 85 हजार रुपये, मायार्नुस तिर्की महुवा डांड से 3 लाख, मीना उरांव से 35 हजार रुपये, तारा कुजूर महुवा डांड से 93 हजार रुपये की ठगी राजेश लकड़ा द्वारा की गयी है।

### मणिपुर में लगाया जाय राष्ट्रपति शासन : समीद

**कैरो।** मणिपुर में बीते दिनों दो आदिवासी महिलाओं के साथ हुए अमानवीय व्यवहार की कड़ी निंदा करते हुए जेएमएम के केंद्रीय समिति सदस्य समीद अंसारी ने कहा कि इस तरह की बर्बर घटना से पूरा देश स्तब्ध है कि कोई आदमी कैसे इतनी नीच और गिरी हुयी हरकत कर सकता है। कैसे एक सभ्य समाज के लोग महिलाओं को पहले तो सामूहिक बलात्कार करते हैं, बचाने गए उसके भाई की हत्या कर दी जाती, फिर दोनों महिला को निर्वस्त्र कर सरेआम घुमाया जाता है, जिसका वीडियो सामने आया है। इस दौरान भिंड में मौजूद हैवान व आदमखोर लोगों के द्वारा उनके साथ गलत व्यवहार किया जाता है। इस घटना की जितनी निंदा और आलोचना की जाए कम है, दोषियों को हर हाल में कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिये। मणिपुर में दो महीने से ज्यादा समय से हिंसा हो रही है और केंद्र सरकार क्या कर रही है कुछ पता ही नहीं चलता। देश के प्रधानमंत्री तो विदेश दौरे में मस्त हैं। मणिपुर के हालात को काबू करने में डबल इंजन की सरकार फेल है। वहां पर राष्ट्रपति शासन लगा देना चाहिये ताकि हालात पर नियंत्रध पाया जा सके।

## अवैध कनेक्शन के संपर्क में आने से किसान की मौत

**नवीन मेल संवाददाता। किस्को**

जिले के किस्को प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत अरेया के महुगांव में एक किसान की बिजली के अवैध कनेक्शन के संपर्क में आने से मौत हो गई। ग्राम महुगांव निवासी स्वर्गीय रतिया उरांव का 45 वर्षीय पुत्र बलकू उरांव व गांव के अन्य लोगों के द्वारा अवैध रूप से बिजली के अवैध नंगा कनेक्शन तार खेत में पटवन किये जाने हेतु किया गया था, जिसकी चपेट में आने से किसान की मौत हो गई। हालांकि घटना की सूचना मिलते ही परिजन उसे लोहरदगा सदर अस्पताल ले गये, जहां पर डॉक्टरों ने बलकू उरांव को मृत घोषित कर दिया। ग्रामीणों के अनुसार घटना उस वक्त हुयी जब सुबह करीब 11:00 बजे किसान बलकू उरांव अपने खेत की तरफ जा रहा था। इसी दौरान पटवन हेतु किसी अन्य लोगों के द्वारा अवैध रूप से खींचे गये बिजली के नंगे तार पर पैर पड़ने से बलकू की मौत हो गई। घटना महुगांव आदिवासी मसना के समीप की है। बता दें कि लोगों द्वारा खेतों की सिंचाई के लिए अवैध रूप से बिजली का अवैध कनेक्शन किया जाता है जिससे हर वक्त आम जनता के लिए खतरा बना रहता है। बावजूद लोग इसका विरोध करने से कतराते दिखाई देते हैं। ऐसे में अचानक कोई बिजली के अवैध कनेक्शन के संपर्क में आकर अपनी प्राण गंवा बैठता है।

## प्रखंड स्तरीय सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता शुरू



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

लोहरदगा प्रखंड स्तरीय 62वीं सुब्रतो मुखर्जी कप फुटबॉल प्रतियोगिता 2023-24 का आयोजन उत्कृष्ट प्लस टू नदिया हिंदू उच्च विद्यालय लोहरदगा के प्रांगण में किया गया। यह प्रतियोगिता 21 और 22 जुलाई तक निर्धारित है। इस प्रतियोगिता में अंडर-14 बालक वर्ग और अंडर-17 बालक एवं बालिका वर्ग की कुल 18 विद्यालयों की टीमें भाग लेंगी, जिसमें प्लस टू नदिया हिंदू उच्च विद्यालय, प्लस टू चुन्नीलाल उच्च विद्यालय, प्लस टू कस्तूरबा बालिका उच्च विद्यालय लोहरदगा, प्लस टू प्रोजेक्ट हाई स्कूल इरगांव लोहरदगा, उत्क्रमित उच्च विद्यालय कुजरा लोहरदगा, उत्क्रमित उच्च विद्यालय रामपुर लोहरदगा, राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय बसरी नगड़ा लोहरदगा, उत्क्रमित उच्च विद्यालय अरकोसा लोहरदगा, राजकीयकृत मध्य विद्यालय लोहरदगा, उत्क्रमित मध्य विद्यालय शांति आश्रम, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय कुजरा लोहरदगा, लूथरन हाई स्कूल लोहरदगा, उसुर्लाइन कॉन्वेंट गर्ल्स हाई स्कूल लो, कैथोलिक मिडिल स्कूल लोहरदगा, राजकीयकृत मिडिल स्कूल बाघा, नेताजी सुभाष चंद्र बोस समर्थ विद्यालय हिरही, राजकीयकृत मिडिल स्कूल पालमेरगंज और एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय कुजरा की टीमें शामिल हैं। कार्यक्रम में अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी अम्बुज्या पांडेय, सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी अशोक पांडेय, प्रखंड शिक्षा प्रसार अधिकारी रामजीवन नायक,बीपीओ मंजू कुमारी समेत अन्य उपस्थित थे।

### फुटबॉल प्रतियोगिता में खेले गए 16 मैच

**सेन्हा।** खेलो झारखंड के तहत सेन्हा प्रखंड मुख्यालय स्थित बेसिक स्कूल खेल मैदान में अंतर विद्यालय सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता हुयी। सेन्हा प्रखंड के उत्क्रमित बुनियादी उच्च विद्यालय खेल मैदान में बालकों के14 वर्ष आयु वर्ग में 9 टीम तथा 17 वर्ष आयु वर्ग में 9 टीमों ने भाग लिया। वहीं बालिकाओं के 17 वर्ष आयु वर्ग में प्रखंड क्षेत्र के 11 विद्यालयों की टीमों ने भाग लिया। खेल के दूसरे दिन कुल 16 मैच कराये गये। इसमें 14 वर्ष आयु वर्ग में बेसिक उच्च विद्यालय सेन्हा और उत्क्रमित उच्च विद्यालय शाहबुटी की टीम ने फाइनल में जगह बनायी है।

**धर्म-कर्म**

### लोहरदगा से 30 किमी पैदल यात्रा कर घाघरा देवाकी बाबाधाम में करेंगे जलार्पण

# 24 को निकलेगी भव्य भक्ति जागरण संग विशाल कांवड़ यात्रा



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

श्रावण मास के तीसरी सोमवारी पर कांवड़िया संघ, बरवाटोली, लोहरदगा के द्वारा भव्य भक्ति जागरण के साथ देवाकी बाबा धाम मंदिर, घाघरा में जलार्पण के लिए विशाल कांवड़ यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। यात्रा में शामिल शिवभक्तों की टोली लोहरदगा से 30 किमी पैदल यात्रा कर घाघरा देवाकी बाबाधाम में स्थित भगवान शिव पर जलार्पण करेंगे। इस कांवड़ यात्रा में सभी लोहरदगा वासियों को सादर आमंत्रित किया गया है। इसके लिए निमंत्रण पत्र भी लोगों को भेजने की प्रक्रिया लगभग पूरी कर ली गयी है।

वहीं कांवड़ यात्रियों के लिए सुल्तानगंज से गंगा जल की व्यवस्था की जा रही है। इस निमित गुरुवार की रात को शिवभक्तों की टोली सुल्तानगंज के लिए रवाना हुई। एक पिकअप व दो कार में कुल 13 लोग रवाना हुए हैं। शिवभक्त अपने साथ पानी पंप और दो हजार लीटर का टंकी और 20 लीटर वाला 25 पीस जार ले गए हैं। रवानगी से पूर्व मां दुर्गा मंदिर में पूजा अर्चना की गई और शिवभक्तों के वाहनों को भगवा झंडा दिखाकर रवाना किया गया। रवाना होने वाले शिवभक्तों में सुनील अग्रवाल, संतोष महतो, नवीन सोनी, अनुप अग्रवाल, दीपक कुमार महतो, जगेशर साहू राहुल मेहता, टिंकू कुशवाह, दाता सिंह, संजय वर्मा, प्रमोद प्रजापति, महेंद्र प्रजापति, दीपक कुमार शामिल है। गौरतलब है कि कांवड़ यात्रा मनोकामना सिद्धि दुर्गा मंदिर बरवाटोली से सोमवार 24 जुलाई को प्रातः 7.00 बजे से प्रारंभ होगी, जिसका उद्घाटन उपायुक्त डा. बाघमारे प्रसाद कृष्ण, पुलिस अधीक्षक आर. रामकुमार, एस.डी.ओ. अरविंद कुमार लाल, एस.डी.पी.ओ. वशिष्ठ नारायण सिंह संयुक्त रूप से करेंगे, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में गौरव आर.पी.अग्रवाल होंगे। जबकि विशिष्ट अतिथि अजातशत्रु, अमन सिंह, सन्नी सिंह, राजीव रंजन, विजय प्रजापति, सन्नी यादव, रोहित साहू, संतोष लकड़ा होंगे। मौके पर अध्यक्ष गौरव अग्रवाल (लड्डू), कोषाध्यक्ष शुभम अग्रवाल, सचिव आलोक अग्रवाल (निखिल), उपाध्यक्ष विक्रम सिंह, मीडिया प्रभारी राहुल कौशल, प्रचार मंत्री पीयूष अग्रवाल, सम्भव तमेड़ा, दिव्यांशु तमेड़ा, कौशल मेहता, यात्रा प्रभारी राम सिंह, मनीष अग्रवाल, महेंद्र प्रताप देव, राहुल साहु, अमित यादव समेत अन्य मौजूद थे।

कांवड़िया संघ बरवाटोली के आजीवन संरक्षक समाजसेवी सुनील अग्रवाल ने बताया कि कांवड़ियों के लिए सुल्तानगंज से गंगाजल की व्यवस्था मंदिर परिसर में ही किया जाना है। इसको लेकर आज हमलोग सुल्तानगंज के लिए रवाना हो रहे हैं। कांवड़ यात्रा में शामिल सभी श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की कोई परेशानी नहीं हो इसका ध्यान कमेटी रखेगी।

'जन्म के बाद मृत्यु उतनी ही निश्चित है जितनी की मृत्यु के बाद फिर जन्म इसलिये जो अनिवार्य है उस पर शोक नहीं करना चाहिए।' - भगवत गीता



# हाय महंगाई, तू कहां से आई

***देश*** में खाने व पीने के सामानों में अप्रत्याशित वृद्धि ने आम आदमी का जीना दुश्वार कर दिया है। अभी टमाटर की महंगाई का शोर थमा नहीं है कि गरम मसालों की महंगाई ने रसोई में आग लगा दी है। भोजन पकाने में हर दिन इस्तेमाल होने वाले मसालों का भाव आसमान पर है। अगर हाल यही रहा तो वह दिन दूर नहीं जब गरीबों की थाल में उबली हुई सब्जी ही बच जायेगी। बिना छौंके की दाल ही नसीब हो पायेगी। घर की रसोई से दाल के छौंका और सब्जी के मसालों की उठने वाली सुगंध के लिए भी तरसना पड़ सकता है। इस बाबत पलामू के एक खुदरा किराना दुकानदार प्रमोद कुमार कश्यप ने जो बताया उसके अनुसार जीरा का खुदरा भाव इन दिनों 650 से 720 रुपए प्रति किलो पर पहुंच गया है। एक दो माह पहले इसका भाव 300 से 350 रुपए था। इसी तरह भोजन का जायका बढ़ाने वाली काली मिर्च (मरीच) के भाव भी 560से 600रुपए प्रति किलो की दर पर आ गया है। जबकि धनिया 120, बड़ी इलाइची 1000एवं छोटी इलाइची 1600 रुपए प्रति किलो बिक रही है। अब हल्दी पीछे कइसे रहता उसने भी दाल और सब्जियों का रंग बदरंग करने की ठान ली है सो उसके भाव भी चढ़कर 110 से 150 रुपए किलो पर पहुंच गये हैं। लहसुन 100 से 150 रुपए खुदरा मिल रहा है। लाल और काली मिर्च के भाव बिना खाये ही मुँह में कड़वाहट बना दे रहे हैं। लाल मिर्च 260 रुपए तो हरी मिर्च 210 रुपए प्रति किलो मिल रही है। एमडीएम, मीट मसाला समेत अन्य उपयोगी मसाले भी महंगाई की चपेट में आ गये हैं। खुदरा दुकानदार प्रमोद बताते हैं कि ग्रामीण इलाकों में रहने वाले गरीब परिवार के लोग दस -बीस रुपए लेकर गर्म मसाला खरीदने आते हैं। यह उनकी रोजमर्रा में शामिल है, लेकिन आसमान छूते गरम मसालों के दाम को देखते हुए गरीबों को गरम मसाला देना महंगा पड़ रहा है। बहरहाल टमाटर तो गरीबों की थाली से दूर है ही। अन्य सब्जियों की महंगाई ने पहले ही गरीब व मध्यम वर्गीय परिवार की भोजन की थाल से संख्या और मात्रा कम कर रखी है और अब मसालों के बढ़े भाव ने तो थाल की बची खुची सब्जियों का स्वाद भी बिगाड़ना शुरू कर दिया है। दूसरी तरफ सब्जी मंडी में लोग टमाटर का दाम सुनते ही लोगों के मुंह से यही निकल रहा है, अरे इतना महंगा। वजह गर्मी के इस मौसम में टमाटर का भाव भी गर्म हो गया हैं। इन दिनों टमाटर के भाव 120 रुपए से 150 रूपये किलो हो गया हैं। लोग आश्चर्यचकित इसलिए हो रहे क्योंकि अचानक टमाटर के भाव में इजाफा हुआ हैं। पलामू में टमाटर की कीमत में काफी इजाफा देखने को मिल रहा है। अचानक टमाटर के दामों में हुई इस बढ़ोत्तरी ने आम लोगों को हिला कर रख दिया है। टमाटर हर घर की किचन का एक अहम हिस्सा है। खाने की हर थाली में टमाटर होता ही होता है। अचानक दामों में हुए इस इजाफे ने लोगों के घर का बजट तक बिगाड़ दिया है। अचानक टमाटर के भाव में बढ़ोतरी की वजह पलामू समेत देश भर में मानसून आ गया है। बारिश पड़ना शुरू हो गई है। ऐसे में टमाटर समेत कई तरह की फसलें खराब हो गई हैं। इसका असर टमाटर पर पड़ा है। इसके दामों में अचानक इजाफा हुआ है। वहीं कुछ लोगों का मानना है कि इस बार गर्मी बहुत ज्यादा हुआ जिसके वजह से पैदावार भी बहुत कम हुई। सिर्फ टमाटर ही नहीं अन्य सब्जियों के दामों में भी इजाफा हुआ है। जिससे घर का खर्च चलाना काफी मुश्किल हो गया है। सब्जी की दुकान लगाने वाले आरिफ ने कहा कि पिछले 3 से 4 दिनों में टमाटर के दाम में इजाफा हुआ है मौजूदा समय में टमाटर 120 रुपए किलो बिक रहा है।

**लहसुन 100 से 150 रुपए खुदरा मिल रहा है। लाल और काली मिर्च के भाव बिना खाये ही मुँह में कड़वाहट बना दे रहे हैं। लाल मिर्च 260 रुपए तो हरी मिर्च 210 रुपए प्रति किलो मिल रही है।**

# मित्रता के आकाश पर राफेल की ऊंची उड़ान





डॉ. दिलीप अग्निहोत्री

***भारतीय*** वायुसेना ने यूपीए सरकार के समय ही राफेल विमानों की खरीदा को अपरिहार्य बताया था। यह भी कहा गया था कि फ्रांस के साथ यह सौदा बिना समय गंवाए करना चाहिए। चीन की रक्षा तैयारियों के दृष्टिगत भारत को देर नहीं करनी चाहिए। लेकिन यूपीए सरकार इस पर कोई निर्णय नहीं कर सकी। नरेन्द्र मोदी सरकार ने वायुसेना और रक्षा विशेषज्ञों के सुझाव को गंभीरता से लिया। राफेल सौदे को पूरा किया गया। लेकिन इस पूरी प्रक्रिया के दौरान कांग्रेस का हंगामा हैरान करने वाला रहा। चीन हमारा शत्रु है। वह नहीं चाहता था कि भारत को राफेल मिले। उसे पता था कि इससे भारतीय वायुसेना की ताकत बढ़ जायेगी। कांग्रेस ने भी राफेल सौदे पर निशाना लगाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। लेकिन नरेन्द्र मोदी राष्ट्रहित में जो उचित समझते हैं, वही करते हैं। ऐसे विषयों पर विपक्षी हंगामे को वह नजरअंदाज करते हैं। राफेल सौदा भी सम्पन्न हुआ। तब भारत को छत्तीस राफेल मिले थे। उस अवसर पर रक्षामंत्री राजनाथ सिंह फ्रांस गये थे। उन्होंने भारतीय परम्परा के अनुरूप राफेल विमान का पूजन किया था। उस पर स्वास्तिक बनाया था। वैसे भारत की विपक्षी पार्टियों को यह भी पसन्द नहीं आया था। अब फिर राफेल की उड़ान आगे बढ़ी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की फ्रांस यात्रा सामरिक दृष्टि से भी बहुत उपयोगी रही। फ्रांस के साथ भारत के नब्बे हजार करोड़ रुपये के रक्षा सौदे हुए। चीन और पाकिस्तान पहले की तरह फिर परेशान हुए। इस समझौते के अंतर्गत भारत को 26 राफेल लड़ाकू विमान मिलेंगे। इसके अलावा तीन स्कॉर्पीन श्रेणी की पनडुब्बियों को भारत में बनाने पर सहमति बनी। इंडो-पैसेफिक क्षेत्र में चीन की गतिविधियों को देखते हुए भारत को भी रक्षा जरूरतों को पूरा करना था। भारतीय नौसेना ने आईएनएस विक्रांत पर तैनाती के लिए 26 राफेल समुद्री लड़ाकू विमान खरीदने की सिफारिश की थी। नरेन्द्र मोदी की यात्रा से भारत और फ्रांस के बीच रणनीतिक और राजनीतिक सम्बन्ध सुदृढ़ हुए हैं। हिंद प्रशांत क्षेत्र और आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत और फ्रांस समान हित हैं। दोनों इस क्षेत्र में साझा रणनीति पर अमल के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस प्रतिबद्धता के चलते भारत के विरोधी देशों को फ्रांस कोई हथियार नहीं देता है। इतना ही नहीं वह भारत विरोधियों के साथ मंच भी साझा नहीं करता है। प्रधानमंत्री मोदी की फ्रांस यात्रा और 26 राफेल की चर्चा ने पुराना प्रसंग ताजा कर दिया। तब कांग्रेस के रुख से साफ था कि वह राफेल सौदे को पूरा नहीं होने देगी। कांग्रेस लगातार बाधा पैदा कर रही थी। चौकीदार चोर के नारे लगवाये जा रहे थे। निराधार सवाल पूछे जा रहे थे। सरकार सभी का तथ्यों के आधार पर जबाब दे रही थी। लेकिन कांग्रेस का मकसद तो हंगामा करना था। तब राफेल डील में एचएएल से निर्मित होने वाले लड़ाकू विमान की गारंटी लेने से मना कर दिया था। इस ऑफसेट पार्टनर नीति को पूर्व की यूपीए सरकार ने 2013 में बनाया था। राहुल अपनी सरकार के निष्फल दाम बता कर बहुत खुश होते हैं। लेकिन खरीदने में नाकाम क्यों रहे, इस सवाल का कोई जबाब नहीं देते। कांग्रेस सरकार पहले ही दस वर्ष की देर कर चुकी थी, इसलिए नरेन्द्र मोदी सरकार को इन पर तेजी से कार्य करना पड़ा। वर्ष 2016 में जो सौदा हुआ, उसके आधार पर बेयर एयर क्राफ्ट अर्थात युद्धक प्रणालियों से विहीन विमान का दाम यूपीए की कीमत से नौ प्रतिशत कम था और हथियारों से युक्त विमान यूपीए की तुलना में भी बिल प्रतिशत सस्ता था। कहा गया कि कांग्रेस को आफसेट के बारे में भी पता नहीं है। आफसेट का मतलब है कि किसी विदेशी से सौदा करते हैं तो कुछ सामान अपने देश में खरीदना होता है। राफेल में तीस से पचास प्रतिशत सामान भारत में खरीदने की बात है। कुल आफसेट उनतीस हजार करोड़ रुपये का है जबकि, राहुल एक लाख तीस करोड़ होने का आरोप लगा रहे है। आफसेट तय करने का काम विमान तैयार करने वाली कंपनी का है। राहुल गांधी राफेल खरीद प्रक्रिया जानने को बेताब थे। उसका भी जवाब मिल चुका था राफेल की खरीद के दौरान पूरी प्रक्रिया का पालन किया गया। अनुबंधन वार्ता समिति, कीमत वार्ता समिति आदि की चौहत्तर बार बैठकें हुई। सुप्रीम कोर्ट को इसकी जानकारी दी गई। इसके बाद यह रक्षा खरीद परिषद में गया और फिर सुरक्षा संबंधी मंत्रिमंडल समिति की मंजूरी ली गई। यूपीए के रक्षामंत्री ने पूरी प्रक्रिया के बाद कहा था कि इस पर पुर्नविचार की आवश्यकता है। इसका जबाब राहुल को देना चाहिए था। सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के बाद राहुल के सभी सवाल बेमानी हो गये थे। सुप्रीम कोर्ट के अनुसार सरकार ने उसे विमानों के दाम सीलबंद लिफाफे में दिये थे। उसने इन्हें देखा और वह संतुष्ट है। कोर्ट ने फैसला दिया इस मामले में हस्तक्षेप की जरूरत नहीं है। राहुल गांधी ने राफेल पर जितने भी सवाल उठाये थे, उनका अनेक बार जबाब आ चुका था। फ्रांस सरकार ने उनकी बात को झूठा बताया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि राफेल डील में कुछ भी गलत नहीं हुआ है। सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के बाद राहुल गांधी से सच्चाई स्वीकार करने की अपेक्षा थी। राहुल चिल्ला रहे थे कि चौकीदार चोर है। लेकिन वह यह नहीं बता रहे थे कि नेशनल हेराल्ड,अगस्ता वेस्टलैंड से संबंधित लोगों को क्या कहा जाय। कुछ भी हो नरेन्द्र मोदी सरकार ने तब संकल्प से सिद्धि का प्रमाण दिया। पहले छत्तीस विमान भारतीय वायुसेना में शामिल हुए थे। अब छब्बीस विमान और शामिल होंगे। भारत और फ्रांस ने साझा बयान में कहा कि अफ्रीका, हिंद महासागर क्षेत्र, दक्षिण एशिया और दक्षिण-पूर्वी एशिया के देशों में विकास के लिए दोनों देश मिलकर काम करना जारी रखेंगे। दोनों देश स्वतंत्र, मुक्त, समावेशी और सुरक्षित हिंद-प्रशांत क्षेत्र के अस्तित्व में विश्वास करते हैं।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की फ्रांस यात्रा सामरिक दृष्टि से भी बहुत उपयोगी रही। फ्रांस के साथ भारत के नब्बे हजार करोड़ रुपये के रक्षा सौदे हुए। चीन और पाकिस्तान पहले की तरह फिर परेशान हुए।**

इन दिनों

## बोधि वृक्ष

### *आइये सुने कथा शिव पुराण की*

***शिव का अर्थ है*** कल्याण। शिव के महात्मय से ओत-प्रोत से यह पुराण शिव पुराण कथा के नाम से प्रसिद्ध है। 18 पुराणों में कहीं शिव पुराण तो कहीं वायु पुराण का वर्णन आता है। शिव पुराण का सम्बन्ध शैव मत से है। इस पुराण में प्रमुख रूप से शिव-भक्ति और शिव-महिमा का प्रचार-प्रसार किया गया है। शिव सहज ही प्रसन्न हो जाने वाले एवं मनोवांछित फल देने वाले हैं। किन्तु 'शिव पुराण' में शिव के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए उनके रहन-सहन, विवाह और उनके पुत्रों की उत्पत्ति के विषय में विशेष रूप से बताया गया है।

**शिव महिमा :** भगवान शिव सदैव लोकोपकारी और हितकारी हैं। त्रिदेवों में इन्हें संहार का देवता भी माना गया है। अन्य देवताओं की पूजा-अर्चना की तुलना में शिवोपासना को अत्यन्त सरल माना गया है। अन्य देवताओं की भांति को सुगंधित पुष्पमालाओं और मीठे पकवानों की आवश्यकता नहीं पड़ती। शिव तो स्वच्छ जल, बिल्व पत्र, कंटीले और न खाये जाने वाले पौधों के फल यथा-धूतरा आदि से ही प्रसन्न हो जाते हैं। शिव को मनोरम वेशभूषा और अलंकारों की आवश्यकता भी नहीं है। वे तो औघड़ बाबा हैं। जटाजूट धारी, गले में लिपटे नाग और रुद्राक्ष की मालाएं, शरीर पर बाघम्बर, चिता की भस्म लगाये एवं हाथ में त्रिशूल पकड़े हुए वे सारे विश्व को अपनी पद्चाप तथा डमरू की कर्णभेदी ध्वनि से नचाते रहते हैं। इसीलिए उन्हें नटराज की संज्ञा भी दी गई है। उनकी वेशभूषा से 'जीवन' और 'मृत्यु' का बोध होता है। शीश पर गंगा और चन्द्र - जीवन एवं कला के द्योतम हैं। शरीर पर चिता की भस्म मृत्यु की प्रतीक है। यह जीवन गंगा की धारा की भांति चलते हुए अन्त में मृत्यु सागर में लीन हो जाता है।

*(क्रमशः)*

# टमाटर से सबक ले मार्केट इंटरवेंशन को तैयार रहना जरुरी



डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

***लगभग*** हर साल अन्नदाता को रुलाने वाले टमाटर ने इस बार आम नागरिकों खासकर गृहणियों को बुरी तरह से झकझोर के रख दिया है। अब तक अनुभव यही रहा है कि प्याज आम उपभोक्ताओं को रुलाता रहा है तो सरकार बनने-बनाने में भी प्याज की अहम भूमिका रही है। संभवतः यह पहला मौका होगा जब टमाटर ने भाव दिखाये हैं और यहां तक कि देश के अधिकांश हिस्सों में टमाटर के भाव डेढ़ सौ से दो सौ रुपये तक को छूने व कई स्थानों पर तो इससे अधिक आसमान छूने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। हालात यहां तक देखने को मिले हैं कि मंडियों से टमाटर चोरी हुआ। सुरक्षा के लिए बॉक्सर्स की सेवाएं ली गईं। हालांकि अब टमाटर के भावों में उतार का दौर शुरू हो गया है। केन्द्र सरकार भी एनसीसीएफ और नैफेड के माध्यम से आगे आई है। संभवतः अदरक के भाव भी चार सौ रुपये के आसपास जाने का यह पहला रिकॉर्ड होगा पर टमाटर ने सीधे-सीधे आम आदमी को प्रभावित किया है। पिछले दिनों ब्रिटेन में एकाएक भाव बढ़ने वाली वस्तुओं को कुछ समय तक नहीं खरीदने की सलाह सरकार द्वारा जारी की गई पर मजे की बात यह है कि हमारे देश में हालिया एक सर्वे के अनुसार टमाटर द्वारा लाल-नीली आंखें दिखाने के बावजूद केवल 15 प्रतिशत लोगों ने टमाटर को कुछ समय के लिए रसोई से बाहर रखने यानी की नहीं खरीदने का निर्णय किया, वहीं 82 फीसदी लोगों ने भले ही महंगा रहा हो पर टमाटर की खरीद से परहेज नहीं किया। दरअसल अब तक का अनुभव यह रहा है कि सीजन में एक समय ऐसा आता है जब टमाटर के मंडियों में भाव लागत तो छोड़ो मंडी में लाने ले जाने की लागत भी पड़ता नहीं खाती और हाइवे के किनारों पर टमाटर के ढ़ेर के ढ़ेर बिखरे हुए देखे जाते रहे हैं। हालांकि करीब-करीब इस समय टमाटर के भाव बढ़ते हैं पर इतने अधिक भावों में तेजी पहले लगभग नहीं ही देखी गई है। वैसे तो टमाटर की खेती समूचे देश में होती है पर आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, तमिलनाडु, ओडिशा, गुजरात, पश्चिमी बंगाल आदि प्रमुख टमाटर उत्पादक प्रदेश हैं। दुनिया में टमाटर के उत्पादन में चीन शीर्ष पर है और एक मोटे अनुमान के अनुसार चीन में टमाटर का 5 करोड़ 64 लाख टन से अधिक सालाना उत्पादन होता है। चीन के बाद भारत टमाटर का सबसे अधिक यानी की दूसरे नंबर का प्रमुख उत्पादक प्रदेश है। मोटे अनुमान के अनुसार देश में करीब चार लाख टन टमाटर का सालाना उत्पादन होता है। यदि कुछ दिनों को छोड़ दिया जाय तो टमाटर के भावों को लेकर इतनी मारामारी नहीं रहती है। पर इस साल तो टमाटर ने सारे रिकार्ड तोड़ दिये हैं। टमाटर दक्षिण अमेरिका के एंडीज और मैक्सिको से स्पेनिस कॉलोनीज होते हुए दुनिया के देशों में पहुंचा है। बदलते समय में कम से कम हमारे देश में छाछ, केरी, अमचूर, काचरी आदि परंपरागत खटाई की जगह सभी सब्जियों में टमाटर ने बना ली है। टमाटर के बिना सब्जी के स्वाद की कल्पना लगभग नहीं के बराबर रह गई है तो दूसरी और टमाटर कैचअप, प्यूरी और शॉश का अपना बड़ा बाजार विकसित हो चुका हैं। दरअसल औषधीय गुण के कारण भी टमाटर की मांग बढ़ी हैं। टमाटर में विटामिन सी, बी, के के साथ ही कोलिन आदि प्रचुर मात्रा में हैं। इसलिए स्वास्थ्य की दृष्टि से भी टमाटर की अपनी अहमियत है। प्याज-टमाटर ऐसे हैं जो आलू आदि दूसरी सब्जियों के साथ तो काम आते ही हैं केवल और केवल टमाटर और प्याज ही ऐसे हैं जो गरीब से गरीब की थाली में लगावन का काम करता है तो अमीर से अमीर की रसोई भी इनके बिना अधूरी है।


**केन्द्र सरकार भी एनसीसीएफ और नैफेड के माध्यम से आगे आई है। संभवतः अदरक के भाव भी चार सौ रुपये के आसपास जाने का यह पहला रिकॉर्ड होगा पर टमाटर ने सीधे-सीधे आम आदमी को प्रभावित किया है।**

मंहगाई

## फोटो की दुनिया



फेसबुक वॉल से




# नौकरीशाही पर सत्तापक्षी होने का आरोप



ललित गर्ग

***लोकतंत्र*** के प्रमुख स्तंभों में से एक कार्यपालिका लगातार प्रश्नों के घेरों में रहती रही है, आजादी के अमृतकाल में भी कार्यपालिका के भ्रष्ट, लापरवाह एवं गैरजिम्मेदार होना नये भारत-सशक्त भारत की सबसे बड़ी बाधा है। नेताओं और नौकरशाहों के भ्रष्टाचार की आए दिन आने वाली खबरें यही बताती हैं कि केंद्रीय एजेंसियां डाल-डाल हैं तो भ्रष्टता का जाल पात-पात। विडम्बना तो यह है कि नेतृत्व करने वाली ताकतें भ्रष्टाचार में लिप्त है। मद्रास हाईकोर्ट की हाल ही में की गयी टिप्पणी नौकरशाहों की उस प्रवृत्ति को उजागर करने वाली है जिसमें वे सत्ताधारी दलों का पिछल्लगू बनकर काम करते हैं। तमिलनाडु के पूर्व सीएम एके पलानीस्वामी के खिलाफ हाईवे निविदा के मामले में नये सिरे से जांच के सरकार के आदेश को रद्द करते हुए हाईकोर्ट ने कहा कि संविधान लागू होने के 73 साल बाद कड़वी हकीकत यह है कि कार्यपालिका ने अपनी स्वतंत्रता लगभग खो दी है। सत्ता बदलाव के साथ ही कार्यपालिका की कार्यप्रणाली में बदलाव का यह उदाहरण अकेला नहीं है। कमोबेश सभी राज्यों में यह देखने में आता है कि सरकारी कार्यालयों में बदले की भावना से पूर्व सरकारों के कामकाज से जुड़े मामलों की जांच की फाइलें फिर से खंगालने का काम शुरू हो जाता है। न्यायपालिका की यह टिप्पणी जाहिर करती है कि सरकारें मौके-बेमौके अपने विरोधियों को सबक सिखाने के लिए जांच एजेंसियों का हथियार के रूप में इस्तेमाल कर रही हैं। नौकरशाही को यों तो विधायिका की आंख, नाक व कान की संज्ञा दी जाती है। लेकिन हकीकत यह है कि सत्ता में बैठे लोग कार्यपालिका से जो काम कराना चाहते हैं उसी फाइल पर पंख लगते हैं। भले ही वह काम जायज हो या नाजायज। ऐसे में कार्यपालिका से जुड़े ज्यादातर लोग सरकारों के राजनीतिक एजेंडे के अनुरूप काम करने लगते हैं। राष्ट्र के संचालन, सुरक्षा, कानून और व्यवस्था को बनाए रखने के लिए कार्यपालिका महत्वपूर्ण स्तम्भ हैं जबकि नियमों की पालना व आम जनता को सुविधा देने में अफसरशाही ने लाल फीतों की बाधाएं बना रखी हैं। प्रशासकों की चादर इतनी मैली है कि लोगों ने उसका रंग ही काला मान लिया है। अगर कहीं कोई एक प्रतिशत ईमानदारी दिखती है तो आश्चर्य होता है कि यह कौन है? पर हल्दी की एक गांठ लेकर थोक व्यापार नहीं किया जा सकता है। नौकरशाह की सोच बन गई है कि सरकारी तनख्वाह तो केवल टेबल-कुर्सी पर बैठने के लिए मिलती है, काम के लिए तो और चाहिए। इसके लिये वे सत्ताधारी नेताओं एवं मंत्रियों के इशारों पर नाचते हैं। पदोन्नति, मलाईदार पदों पर नियुक्ति और अन्य तरीकों से दिया जाने वाला प्रलोभन प्रशासन तंत्र को सत्ता के पक्ष में करने के लिए काफी है, जबकि लोकतंत्र में लोकसेवकों से निष्पक्षता, ईमानदारी एवं कार्यदक्षता के आधार पर फैसले की उम्मीद की जाती है। नौकरशाह यदि सत्ताधारी दल के एजेंट के रूप में काम करते हुए दिखेंगे तो जाहिर है कार्यपालिका से जनता का भरोसा टूटेगा ही। ऐसे में कार्यपालिका के लिए अपनी स्वतंत्र पहचान बनाए रखना जरूरी है। इसी कारण प्रवर्तन निदेशालय (ई.डी.) के मौजूदा निदेशक संजय कुमार मिश्रा के कार्यकाल विस्तार को सर्वोच्च न्यायालय ने अवैध ठहराया है क्योंकि उनको 3 बार जो सेवा विस्तार दिया गया, इस तरह लगातार सेवा विस्तार देने का उद्देश्य क्या था? जबकि संजय कुमार मिश्रा की भ्रष्टाचारमुक्त कार्यप्रणाली के बावजूद उन पर लगातार उंगलियां उठती रही हैं।

**मद्रास हाईकोर्ट की हाल ही में की गयी टिप्पणी नौकरशाहों की उस प्रवृत्ति को उजागर करने वाली है जिसमें वे सत्ताधारी दलों का पिछल्लगू बनकर काम करते हैं।**

राजनीति

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25-एलएफ, तानसेन मार्ग, नई दिल्ली-1, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लातेहार कार्यालय : रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार -829206, फोन : 9128656020, 7763034341, लोहरदगा कार्यालय : रिलायंस पेट्रोल पंप के बगल में, आशा कॅम्प्लेक्स लोहरदगा- फोन : 7903891779, 8271983099, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

दवना हत्याकांड : नक्सली कमांडर समेत 12 पर प्राथमिकी, लोगों से मिलने पहुंचे आईजी-एसपी, कहा

# पुलिस हर सुख दुख में ग्रामीणों के साथ

**नवीन मेल संवाददाता। महुआडांड़**
नेतरहाट थाना क्षेत्र अंतर्गत दवना गांव में बुधवार की रात नक्सलियों के द्वारा ग्रामीण की पीट-पीटकर की गई हत्या के मामले में पुलिस ने 12 नक्सलियों पर नामजद प्राथमिकी दर्ज की है। इन नक्सलियों में माओवादी रीजनल कमांडर छोटू खरवार, जोनल कमांडर मनीष, सब जोनल कमांडर उज्जवल सब जोनल कमांडर प्रदीप आदि के नाम शामिल हैं। इनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस द्वारा सघन छापामारी अभियान चलाया जा रहा है।



इधर घटना के बाद शुक्रवार को आईजी राजकुमार लकड़ा और एसपी अंजनी अंजन दवना गांव पहुंचे और ग्रामीणों से मिले। हालांकि पुलिस अधिकारियों के गांव में पहुंचने के बाद पहले तो ग्रामीणों द्वारा नाराजगी जताई गई, परंतु बाद में पुलिस के अधिकारियों ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि पुलिस हर कदम पर उनके साथ है। पुलिस के अधिकारियों ने ग्रामीणों को कहा कि नक्सलियों का मात्र एक ही उद्देश्य है कि गांव का विकास ना हो और ग्रामीण हमेशा विकास से वंचित रहे।

पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि पुलिस हर सुख दुख में ग्रामीणों के साथ है। मौके पर ग्रामीणों ने गांव की समस्याओं से भी पुलिस अधिकारियों को रूबरू कराया। इस पर अधिकारियों ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि गांव की समस्याओं के समाधान के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। मौके पर महुआडांड़ डीएसपी राजेश कुजूर, महुआडांड़ थाना प्रभारी रतन टुडू, बारेसाढ़ थाना प्रभारी रंजीत यादव सहित जिला बल के जवान उपस्थित थे।

# दोहरे हत्याकांड में चार हथियार के साथ दबोचे

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**
बरवाडीह थाना क्षेत्र के अमडीहा गांव में डबल मर्डर काण्ड का पुलिस ने उद्भेदन कर लिया है। पुलिस ने घटना में संलिप्त चार अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है। घटना में प्रत्युक्त हथियार एवं अन्य सामग्री बरामद किया गया है।

मामले पर जानकारी देते हुए मुख्यालय डीएसपी कैलाश करमाली ने बताया कि विगत 17 जुलाई की घटना को लेकर पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर टीम गठित कर गयी। इस टीम द्वारा तकनीकी शाखा की मदद से घटना में संलिप्त निरंजन सिंह, चंदन सिंह, गोपाल सिंह व सुरेश सिंह को अरेस्ट कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि पूछताछ में अभियुक्तों द्वारा बुजुर्ग दंपती की डायन बिसाही मामले में हत्या की बात कबूल की गयी है।



इधर घटना में प्रयुक्त हथियार समेत अन्य सामग्री भी पुलिस ने जब्त कर ली है। बताते चलें कि घटना के दिन ही मृतक के परिजनों ने डायन बिसाही को लेकर गांव के दो लोगों पर शक जाहिर किया था, किंतु पुलिस अनुसंधान के बाद कुछ बता पाने की बात कहते रही थी। यह भी बताते चलें कि पूरा मामला मनिका विधायक रामचंद्र सिंह के पैत्रिक गांव से जुड़ा था।

# एनटीपीसी को मिड-साइज ऑर्गेनाइजेशन का प्रमाणपत्र

**नवीन मेल संवाददाता। टंडवा (चतरा)**



टंडवा प्रखंड में संचालित एनटीपीसी नॉर्थ करणपुरा को सामाजिक दायित्व निर्वहन में उत्कृष्ट सेवाओं के लिए अमेजिंग वर्कप्लेस ने शुक्रवार को मिड-साइज ऑर्गनाइजेशन श्रेणी का प्रमाण पत्र सौंपा। उक्त पुरस्कार गुरुग्राम के होटल डबलट्री बाय हिल्टन में आयोजित एक कार्यक्रम में दी गई।

ज्ञात हो कि अमेजिंग वर्कप्लेस सर्टिफिकेशन एक सकारात्मक कार्य संस्कृति और कर्मचारी कल्याण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से संगठन के प्रति समर्पण को लेकर दिया जाता है। नॉर्थ करनपुरा के परियोजना प्रमुख तजिंदर गुप्ता ने कहा कि एक सकारात्मक कार्यस्थल न केवल कर्मचारियों के मनोबल और उत्पादकता को बढ़ाता है, बल्कि शीर्ष प्रतिभा को भी आकर्षित करता है। जिससे दीर्घकालिक प्रतिधारण को बढ़ावा मिलता है। अमेजिंग वर्कप्लेस सर्टिफिकेशन उन संगठनों को मान्यता देता है जो कर्मचारी कल्याण, जुड़ाव और विकास की संस्कृति को बढ़ावा देने में अग्रसर होते हैं।300 से अधिक संगठनों ने ऑनलाइन सर्वेक्षण और सर्वेक्षण ऑडिट के माध्यम से कठोर मूल्यांकन के दौरान उक्त प्रमाणन प्रक्रिया में सक्रिय रूप से भाग लिया। नॉर्थ करणपुरा के लिए उक्त पुरस्कार एक महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। नॉर्थ करनपुरा परियोजना की ओर से यह पुरस्कार अनिल कुमार चावला, एजीएम (एचआर) एवं जीत सिंह संधू कार्यकारी (सीएसआर) अधिकारियों द्वारा संयुक्त रूप से प्राप्त किया गया।

## ग्यारहवें थाना प्रभारी के रूप में संजय सिंह ने किया पदभार ग्रहण



**मयूरहंड(चतरा)।** जिले के मयूरहंड थाना के ग्यारहवें थाना प्रभारी के रुप में संजय कुमार सिंह ने शुक्रवार को पदभार ग्रहण किया। 2012 बैच के पुलिस अवर निरीक्षक श्री सिंह ने निवर्तमान थाना प्रभारी रामवृक्ष राम से प्रभार लिया। सिंह ने कहा की थाना क्षेत्र में भूमि विवाद मामले बहुत हैं इसे विधि सम्मत कम करने की पहली प्राथमिकता होगी। क्षेत्र में विधि व्यवथा कायम रखने के साथ बेहतर पुलिंसिग बहाल करने का हर संभव प्रयास किया जाएगा। इस कार्य में क्षेत्र वासियों से सहयोग की अपील नए थाना प्रभारी ने की है। मौके पर सहायक अवर निरीक्षक शशि कांत ठाकुर के अन्य कर्मी उपस्थित थे।

# जंगली हाथियों का उत्पात जारी, दहशत में ग्रामीण

**नवीन मेल संवाददाता। बारियातु**
प्रखंड अंतर्गत शिबला पंचायत के ग्राम झिरमतकोमा स्थित चपारी टोला में बीते रात जंगली हाथियों ने मजदूर किसान नरेश ठाकुर पिता देवकी ठाकुर के घर के आंगन की चहारदीवारी को तोड़ते हुए घर में रखे अनाज को खाकर चट दिया। नरेश ठाकुर ने बताया कि हम सभी परिवार प्रत्येक दिन की भांति बीती रात भी सोए हुए थे कि अचानक जंगली हाथी अर्धरात्रि में आ धमके और आंगन की चहारदीवारी को तोड़ते हुए घर का दरवाजा तोड़कर घर में रखे अनाज को खा लिया। जब घर का दरवाजा टूटने की आवाज सुनाई दी, तो देखा कि जंगली हाथी घर में प्रवेश कर चावल खा रहे हैं। हम सभी हाथी को घर के अंदर देखते ही डर से भयभीत हो गए। फोन से बात कर गांव वालों को जानकारी दी। जब ग्रामीण इकट्ठा हुए और हाथियों को कुछ दूर जंगल की ओर भगाया। ग्रामीण ने वन विभाग से मुआवजा के साथ जंगली हाथियों को इस क्षेत्र से अविलंब हटाने का मांग की।



## इस्लामिक विद्वान डॉ. इकबाल नैयर की याद में कार्यक्रम कल

**बालूमाथ।** अंजुमन फरोग उर्दू के तत्वाधान में प्रख्यात इस्लामिक विद्वान डॉ. इकबाल नैयर काशमी की याद में करियर काउंसलिंग सह पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन होटल कजारिया में 23 जुलाई को किया जाएगा। अंजुमन फरोग उर्दू के कन्वीनर मौलाना अब्दुल वाजिद चतुर्वेदी ने बताया कि बालूमाथ की धरती पुत्र डॉक्टर इकबाल नैयर कासमी ने दीनी व तालिमी क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर अपनी एक अलग छाप छोड़ी है। दीनी तालीम व उर्दू जुबान के प्रसार को बदस्तूर जारी रखने के लिए अंजुमन फरोग उर्दू ने बालूमाथ एवं आसपास के क्षेत्र के छात्रों को दसवीं एवं 12वीं के बाद की शिक्षा के संबंध में करियर काउंसलिंग करेगी। दसवीं व 12वीं में उर्दू जुबान में 75 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले छात्र एवं छात्राओं को अंजुमन फरोग उर्दू द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा।

# एसपी ने की शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा/इटखोरी**
इटखोरी थाना क्षेत्र के परसौनी में दो पक्षों के बीच हुए झड़प के बाद शुक्रवार को इटखोरी थाना परिसर में शांति समिति की बैठक एसपी राकेश रंजन के उपस्थिति में हुई। जिसमें विशेष रुप से एसडीओ मुमताज अंसारी, डीएसपी केदार राम, एसडीपीओ अविनाश कुमार, डीटीओ संतोष कुमार सिंह, बीडीओ अन्वेषा ओना, सीओ राम विनय शर्मा, थाना प्रभारी बिनोद कुमार यादव समेत इटखोरी प्रखंड क्षेत्र के दोनों समुदाय की ओर से कई प्रबुद्ध लोग मौजूद थे।

बैठक में मौजूद लोगों ने सबसे पहले परसौनी में हुई घटना की निंदा करते हुए कहा कि समाज में अशांति फैलाने वाले शरारती तत्वों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। वहीं कहा गया कि पुलिस अधीक्षक के आदेशानुसार अशांति फैलाने वालों लोगों को चिह्नित किया जा रहा है। वैसे लोगों पर सख्ती से कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा थाना क्षेत्र में आगे भी आपसी भाईचारा बनाए रखने की बात कही गई। साथ ही क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाएं रखने के लिए प्रशासन को सहयोग करने की अपील की गई। इसके अलावे कहा गया कि यदि क्षेत्र में कोई किसी तरह की अफवाह फैलाते हैं तो उसकी सूचना प्रशासन को दें। मामले को संज्ञान में लेकर त्वरित कार्रवाई की जाएगी।

साथ ही परसौनी गांव में भी दो समुदाय के बीच व्याप्त तनाव को लेकर पुलिस और प्रशासनिक पदाधिकारियों और दोनों पक्ष के लोगों की बैठक हुई। जिसमें आपसी सहमति बनी कि गांव के लोग प्रेम और भाईचारे के साथ रहेंगे। मारपीट जैसी घटना फिर कभी नहीं घटे इस पर सहमति जताई। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए एसडीओ ने कहा कि प्रेम व भाईचारे के साथ जीयें। अगर कोई भी व्यक्ति अपराध करेगा उसके ऊपर पुलिस कार्रवाई करेगी। अपराध करें ही नहीं, तो पुलिस क्यों आएगी। पुलिस के काम में कोई भी व्यक्ति बाधा न डालें।

## संवेदनशील स्थानों पर मजिस्ट्रेट व पुलिस बल की तैनाती

**इटखोरी(चतरा)।** साम्प्रदायिक विवाद को देखते हुए अप्रिय घटना से निपटने के लिए जिला व पुलिस प्रशासन पूरी तरह तैयार है। इटखोरी सहित जिले के प्रमुख संवेदनशील स्थानों पर पुलिस बल और मजिस्ट्रेटों की तैनाती की गई है। घटना स्थल और इसके आसपास के क्षेत्रों में भारी संख्या में पुलिस फोर्स की तैनाती की गई है। इस दौरान आने-जाने वाले हर लोगों पर पुलिस अपनी पैनी नजर रख रही है। हालांकि स्थिति पूरी तरह से पुलिस के नियंत्रण में है। दुसरी ओर उपायुक्त अबु इमरान व पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन ने इटखोरी में साम्प्रदायिक घटना के आलोक में विधि व्यवस्था सुदृढ़ करने हेतु बीते देर रात ऑनलाइन बैठक कर एसडीओ सदर और एसडीपीओ अविनाश कुमार से क्षेत्र की शांति व्यवस्था की जानकारी लेते हुए साम्प्रदायिक घटना को रोकने और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने उक्त घटना को लेकर जिले के सभी प्रखंड को हाई अलर्ट में रहने का निर्देश दिया तथा कहा कि इस तरह की घटना को रोकने के लिए हर संभव कदम उठाए जाएं। उन्होंने दोषियों को चिन्हित कर अविलंब ग्रिफ्तार करने का निर्देश दिया तथा कहा कि नामजद और प्राथमिक अभियुक्त अविलंब सरेंडर करें अन्यथा उनके खिलाफ कुर्की जब्ती की कार्रवाई की जाएगी।

# कभी भी धर्म का त्याग नहीं करना चाहिए : मधुसुदन

**नवीन मेल संवाददाता। बारियातु**
प्रखंड के सिबला पंचायत अंतर्गत भाटचतरा स्कूल के समीप दुर्गा मंडप में चतुर्मास व्रत प्रवास संध्या कालीन कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, जहां प्रत्येक दिन सैकड़ों की संख्या मे श्रदालू भाग लेते हैं। लगातार चार माह तक कार्यक्रम किया जायेगा। चतुर्वास व्रत प्रवास संध्याकालीन भागवत कथा प्रवचन के लिए बिहार के बक्सर त्रिदंकी सेवा आश्रम से आये स्वामी मधु सुदन चार्य ने कहा कि धर्म को हमें कभी भी परित्याग नहीं करना चाहिए। दया धर्म के मूल सूत्र इसलिए है कि कभी भी धर्म को त्याग नहीं करना चाहिए। सौभाग्य की बात यह है कि झारखंड



में मात्र दो स्थानों पर चातुर्मास कार्यक्रम किया जा रहा है. कार्यक्रम 27 नवंबर तक लगातार संध्या 7:30 से 930 तक श्रीमद भागवत कथा चलेगा। साथ ही लक्ष्मी नारायण महायज्ञ सह विविध अनुष्ठान के बाद धर्म सम्मलेन के साथ संपन्न होगा। कार्यक्रम मे मूल रूप से भाटचतरा, मकरा, कुशमाहा, बेसरा, सिबला व बिश्रामपुर, झीरमतकोमा के ग्रामीण मुख्य भूमिका निभा रहे हैं।

## भाजपाइयों ने किया आजीवन सहयोग निधि कार्यक्रम

**बालूमाथ।** प्रखंड मुख्यालय में भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा की अध्यक्षता में आजीवन सहयोग निधि के जिला संयोजक राजधानी यादव के नेतृत्व में कूपन बांटा गया और सहयोग राशि ली गयी। मौके पर भाजपा पूर्व जिला अध्यक्ष एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजधानी यादव, मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा, जिला मंत्री ध्रुव पांडे, भाजयुमो प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मुकेश पांडेय, एससी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अमित कुमार, ओबीसी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष गोविंद प्रसाद, रामकुमार गुप्ता, रामजी सिंह, विजय यादव, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष गंगेश्वर यादव, रघुनंदन सोनी, शैलेश सिंह आदि मौजूद रहे।

# महिलाओं के साथ छेड़छाड़ मारपीट का लगाया आरोप

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**
सदर थाना क्षेत्र के गुरूगु ग्राम निवासी गुंजन यादव ने उनके घर की महिलाओं के साथ छेड़छाड़ व मारपीट करने का आरोप लगाया है। इस संबंध में उन्होंने पुलिस अधीक्षक, लातेहार को एक आवेदन सौंपा है। अपने आवेदन में उन्होंने कहा है कि गत 14 जुलाई की सुबह तकरीबन छह बजे गांव के चितामन यादव, प्रमिला देवी, अनिता देवी उसके घर पहुंचे और उसके घोरान (झाड़ियों की चहारदिवारी) को तोड़ दिया और कहने लगे कि यह जमीन उसकी है। जब वे लोग मना करने लगे तो उन लोगों ने पत्थरबाजी शुरू कर दी। इसके बाद दोनो तरफ से पत्थरबाजी हुई। दोंनो पक्ष के लोग घायल हुए और प्राथमिक इलाज कर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराने के लिए पहुंचे। जब हम लोग थाना में थे, उसी समय उनके घर की महिलायें सुनीता देवी, बबिता देवी व सुबंती देवी घर से गोबर ले कर खेतों में फेंक कर वापस घर आ रही थी। इसी दौरान अनिल यादव, रमेश यादव, अखिलेश यादव व दीपक यादव ने महिलाओं के साथ मारपीट की और उनके साथ छेड़खानी की। जब उन्होंने वहां ग्रामीणों को आते देखा तो उन्हें छोड़ कर भाग गये। उन्होंने इसकी शिकायत महिला थाने को दी है।

# श्रमदान कर बन रही सड़क में मुखिया ने किया सहयोग

**नवीन मेल संवाददाता। कुंदा**
विभागीय उदासीनता के कारण आजादी के इतने वर्ष बीत जाने के बावजूद भी कुंदा प्रखंड क्षेत्र के धरतीमाड़र गांव में निवास करने वाले बैगा बिरहोर परिवारों को पक्की सड़क नसीब नहीं हुआ। ज्ञात हो कि प्रत्येक वर्ष बैगा बिरहोर परिवार श्रमदान कर सड़क का निर्माण करते हैं, लेकिन कच्ची सड़क होने की वजह से बारिश होने के बाद सड़क गढ्ढा युक्त हो जाती है। वहीं इस बार भी ग्रामीण लगभग 4 दिनों से श्रमदान कर सड़क का निर्माण कर रहे थे, जिसकी सूचना पंचायत के मुखिया मनोज कुमार साहू को हुई तो



उन्होंने तुरंत अपने निजी खर्च से लगभग 16 घंटा जेसीबी चलवाकर उक्त सड़क को आवागमन योग्य बनवाने में सहयोग किया। मुखिया द्वारा निजी खर्च से लगभग एक किलोमीटर सड़क बनाए जाने पर स्थानीय बैगा बिरहोर परिवार ने आभार जताया है। जबकि ग्रामीणों ने विभाग द्वारा पुनः सड़क बनाए जाने का आग्रह किया है।

## ड्राइवरी करने सऊदी अरब गए युवक की हुई मौत

**गिद्धौर (चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड के मंझगांवा पंचायत स्थित घटेरी गांव के उद्दीन मियां के पुत्र मो. एहसान 58 वर्ष की मौत सऊदी अरब में हो गई। एहसान की मौत पिछले 15 जुलाई को ही हृदय गति रुक जाने के कारण हो गई है। बताया जाता है कि एहसान सऊदी अरब में पिछले 10 से 12 वर्ष से सऊदी में चालक का काम कर रहा था। एहसान की मौत की खबर के बाद घटेरी गांव में मातम पसरा हुआ है। वहीं परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है व शव अपने मुल्क आने का इंतजार कर रहे हैं। दूसरी तरफ मृतक घर का इकलौता कमाऊ व्यक्ति था।

पहल | उपायुक्त की अध्यक्षता में डीएमएफटी न्यास परिषद की हुई बैठक

# ग्राम सभा कर योजनाओं का चयन करें : विधायक राम

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**
समाहरणालय सभागार में लातेहार के विधायक वैद्यनाथ राम, मनिका के विधायक रामचंद्र सिंह की उपस्थिति में उपायुक्त सह अध्यक्ष भोर सिंह यादव की अध्यक्षता में जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट (डीएमएफटी) न्यास परिषद की बैठक हुई।




इस दौरान न्यास परिषद के सदस्यों के समक्ष बैठक का एजेंडा प्रस्तुत किया गया। विधायक वैद्यनाथ राम ने अपने संबोधन में कहा कि यह बैठक जिले के पंचायतों के विकास के लिए है। अपने-अपने पंचायत क्षेत्रों के विकास को लेकर ग्राम सभा का आयोजन कर योजनाओं का चयन करें। क्रमवार सभी योजनाओं को लिया जाएगा। आप सभी विकास में सहयोग करें। राज्य सरकार सभी क्षेत्र में विकास को लेकर अग्रसर है। इस दौरान उपायुक्त ने न्यास परिषद से अनुमोदन हेतु विभिन्न योजनाओं के संबंध में सभी को विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वर्तमान में डीएमएफटी अंतर्गत लगभग 203 करोड़ रुपये की राशि उपलब्ध है, जिसे कल्याणकारी योजनाओं में खर्च किया जाना है एवं पूर्व में डीएमएफटी के तहत जो योजनाएं चल रही हैं उसमें खर्च किया जाना है। उच्च प्राथमिकताओं में धर्मपुर के पुराना पुलिस लाइन में डिजिटल लाइब्रेरी, चहारदीवारी, मॉर्निंग वॉक पथ का निर्माण, चिल्ड्रन पार्क, ओपन जिम, बहुउद्देशीय भवन का जीर्णोद्धार एवं उसे इनडोर स्टेडियम के रूप में विकसित करना, पार्किंग स्थल, लातेहार जिला में बाजार टांड़ में बाजार शेड का निर्माण, झरिया डैम का जीर्णोद्धार एवं कीनामाड में मॉर्निंग वॉकर पथ का निर्माण, कीनामाड़ में प्रस्तावित क्रिटिकल केयर यूनिट सेंटर का चाहरदीवारी एवं मॉर्निंग वॉकर पथ का निर्माण, आयुष्मान हॉस्पिटल, लातेहार शहरी क्षेत्र में बस स्टैंड एवं ऑटो स्टैंड का नवनिर्माण, महुआडांड़ के अक्सी पंचायत में हॉकी स्टेडिम एवं लातेहार के भुसुर पंचायत में खेल मैदान निर्माण प्रस्तावित है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में 24 करोड़ कि योजना ली गई है। इसमें सरकारी विद्यालय की चहारदीवारी, आंगनबाड़ी केंद्र आदि का निर्माण किया जाना है।

बैठक के दौरान उपायुक्त ने सभी जनप्रतिनिधियों को डीएमएफटी के तहत स्वास्थ्य, शिक्षा, आजीविका सहित सभी क्षेत्रों से योजनाओं को चयन कर एवं उन्हें अनुशंसा हेतु भेजने की अपील की। साथ ही उपायुक्त ने सभी जनप्रतिनिधियों से अनुरोध करते हुए कहा कि ऐसे संस्थान जो पीसीसी से कनेक्ट कर रहे हो उसका प्रस्ताव भेजें। अगली बैठक में पीसीसी, पुलिया निर्माण योजनाएं ली जाएंगी। उपायुक्त ने उच्च प्राथमिकताओं में स्वास्थ्य, शिक्षा, वृद्ध-दिव्यांग, कौशल विकास, स्वच्छता आदि से संबंधित योजनाओं एवं निम्न प्राथमिकता में आधारभूत संरचना, सड़क, पुल/पुलिया, सिंचाई आदि से संबंधित योजनाओं को लेने की बात कही। डिजिटल लाइब्रेरी, चाहरदीवारी, मॉर्निंग वॉक पथ का निर्माण, चिल्ड्रन पार्क, ओपन जिम, स्कूल के चहारदीवारी निर्माण, खेल मैदान, लाइब्रेरी निर्माण आदि से संबंधित कुल 779 प्राप्त प्रस्तावों को सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया। बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी रोशन कुमार, उप विकास आयुक्त आलोक शिकारी कच्छप, जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी, जिला स्तरीय पदाधिकारी एवं प्रमुख/उप प्रमुख, मुखिया उपस्थित थे।

# ‘जिले को फाइलेरिया मुक्त बनाने में सहयोग अपेक्षित’

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**
समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में शुक्रवार को फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर बैठक की गई। इसमें बताया गया कि इस कार्यक्रम में 2 साल से कम उम्र के बच्चे, गर्भवती महिला तथा अत्यधिक बीमार व्यक्तियों को छोड़ कर सभी दवा का सेवन करेंगे। चतरा जिले में एमडीए प्रोग्राम 10 अगस्त से 25 अगस्त तक चलेगा। इसमें पहले दिन कैंप का आयोजन किया जाएगा। इसके बाद 11 से 25 अगस्त तक डीए टीम घर-घर जाकर लोगो को दवा का सेवन कराएगी। इस बार ट्रिपल डोज थेरेपी हैं, जिसमे तीन तरह की दवा उम्र और ऊंचाई के हिसाब से खिलाई जाएंगी। बैठक में उपस्थित बिल एंड मिलिंडा गेट्स फाउंडेशन के विशाल डोगरा ने फाइलेरिया कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर दूसरे राज्य में चल



रहे कार्यों के बारे में जानकारी दी। इसे लेकर उपायुक्त ने आश्वस्त किया कि जिले के अधिकारियों के साथ प्रखंड स्तर के भी अधिकारी कार्यक्रम को सफल बनाने में पूर्ण सहयोग करेंगे। उन्होंने जिले वासियों से अपील करते हुए कहा कि उक्त कार्यक्रम के दौरान फाइलेरिया विलोपन की दवा का सेवन करके सम्पूर्ण चतरा जिले को फाइलेरिया मुक्त जिला बनाया जाए। बैठक में पीसीआई एसपीएम मिथलेश कुमार सिंह, वीबीडीसी अभिमन्यु कुमार तथा पीसीआई डीएमसी अभिषेक कात्यायन उपस्थित थे।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
" Smiles & More"
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
छात्र-छात्राओं के लिए
50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

## NEWS इन ब्रीफ

### एससी ने मंत्री सेंथिल बालाजी मामले में ईडी को नोटिस जारी किया

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को तमिलनाडु के गिरफ्तार मंत्री वी. सेंथिल बालाजी और उनकी पत्नी द्वारा मद्रास हाईकोर्ट के उस फैसले के खिलाफ दायर याचिकाओं पर नोटिस जारी किया है, जिसमें नौकरियों के लिए कथित नकदी घोटाले के सिलसिले में द्रमुक नेता को हिरासत में लेने के ईडी के अधिकार को बरकरार रखा गया था। न्यायमूर्ति एएस बोपन्ना और न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश की पीठ मामले की जांच करने के लिए सहमत हुई और याचिकाओं पर ईडी से जवाब मांगा। ईडी की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि केंद्रीय जांच एजेंसी धन शोधन निवारण अधिनियम, 2002 के प्रावधानों के तहत गिरफ्तारी कर सकती है। सुप्रीम कोर्ट ने ईडी को नोटिस जारी किया और मामले पर अगली सुनवाई के लिए 26 जुलाई की तारीख तय की।

### छग : झीरम हमले में शामिल 3 नक्सलियों ने किया समर्पण

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में आज तीन नक्सलियों ने आत्म समर्पण कर दिया। तीनों नक्सली झीरम घाटी हमले में शामिल थे। पुलिस सूत्रों के अनुसार पुलिस अधीक्षक के सामने तीनों नक्सलियों ने सरेंडर किया है। तीनों पर एक-एक लाख रुपए का इनाम घोषित था। झीरम घाटी में 25 मई 2013 को छत्तीसगढ़ का सबसे बड़ा नक्सली हमला हुआ था। इस हमले में नक्सलियों ने 32 लोगों की बर्बरता से हत्या कर दी थी।

### दिल्ली हाईकोर्ट रद्द किया आलोक कुमार के खिलाफ ट्रायल कोर्ट का आदेश

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को ट्रायल कोर्ट के उस आदेश को रद्द कर दिया, जिसमें दिल्ली पुलिस को विश्व हिंदू परिषद (वीएचपी) नेता आलोक कुमार के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का निर्देश दिया था। 2019 में वीएचपी रैली के दौरान कथित तौर पर नफरत भरा भाषण देने के लिए एक सामाजिक कार्यकर्ता हर्ष मंदर ने शिकायत दर्ज कराई थी। न्यायमूर्ति योगेश खन्ना ने 20 मार्च, 2020 को ट्रायल कोर्ट के आदेश पर रोक लगा दी थी, जब वीएचपी नेता आलोक कुमार ने अदालत से इसे रद्द करने की मांग की थी।

### जी20 श्रम व रोजगार मंत्रियों की बैठक में पीएम मोदी बोले

# टेक्नोलॉजी पर फोकस करने की जरूरत है



**एजेंसी। नई दिल्ली**

मध्य प्रदेश के इंदौर में हो रही जी20 सम्मेलन के तहत श्रम और रोजगार मंत्रियों की बैठक को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संबोधित किया। जी20 श्रम मंत्रियों की बैठक में अपने संबोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि यह चौथी औद्योगिक क्रांति का युग है, जहां प्रौद्योगिकी रोजगार के लिए मुख्य चालक बन गई है और रहेगी। इंदौर में आयोजित बैठक को वर्चुअली संबोधित करते हुए मोदी ने कहा, 'स्किलिंग, री-स्किलिंग और अप-स्किलिंग भविष्य के कार्यबल के लिए मंत्र हैं। भारत में दुनिया में कुशल कार्यबल के सबसे बड़े प्रदाताओं में से एक बनने की क्षमता है। हमें प्रत्येक देश की अद्वितीय आर्थिक क्षमताओं, शक्तियों और चुनौतियों पर विचार करना चाहिए। एक आकार-सभी के लिए उपयुक्त दृष्टिकोण अपनाना सामाजिक सुरक्षा के स्थायी वित्तपोषण के लिए उपयुक्त नहीं है। प्रधान मंत्री ने पिछले ऐसे प्रौद्योगिकी-आधारित परिवर्तन के दौरान अनगिनत प्रौद्योगिकी नौकरियां पैदा करने में भारत की क्षमता पर प्रकाश डाला। उन्होंने विकास के वैश्वीकरण और कौशल को सही अर्थों में साझा करने में जी20 की भूमिका पर भी जोर दिया। मोदी ने कौशल और योग्यता आवश्यकताओं के आधार पर व्यवसायों के अंतर्राष्ट्रीय संदर्भ को शुरू करने के लिए सदस्य देशों के प्रयासों की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि इसके लिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग और समन्वय के नए मॉडल और प्रवासन और गतिशीलता साझेदारी की आवश्यकता है। प्रधान मंत्री ने शुरूआत के लिए नियोक्ताओं और श्रमिकों के संबंध में आंकड़े, सूचना और डेटा साझा करने का सुझाव दिया, जो दुनिया भर के देशों को बेहतर कौशल, कार्यबल योजना और लाभकारी रोजगार के लिए साक्ष्य-आधारित नीतियां बनाने के लिए सशक्त बनाएगा। उन्होंने बताया कि भले ही लोगों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करना 2030 एजेंडा का एक प्रमुख पहलू है, अंतरराष्ट्रीय संगठनों द्वारा अपनाई गई वर्तमान रूपरेखा केवल उन लाभों के लिए है, जो कुछ संकीर्ण तरीकों से संरचित हैं, जबकि अन्य रूपों में प्रदान किए गए कई लाभ इसके अंतर्गत शामिल नहीं हैं। मोदी ने रेखांकित किया कि भारत में सामाजिक सुरक्षा कवरेज की सही तस्वीर समझने के लिए, सार्वभौमिक सार्वजनिक स्वास्थ्य, खाद्य सुरक्षा, बीमा और पेंशन कार्यक्रमों जैसे लाभों को ध्यान में रखा जाना चाहिए।

### पीएम मोदी आज रोजगार मेले में 70 हजार युवाओं को सौंपेंगे नियुक्ति पत्र

**प्रधानमंत्री** आज सुबह 10:30 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 70,000 से अधिक नवनियुक्त युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री इन व्यक्तियों को संबोधित भी करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने शुक्रवार को एक बयान जारी कर यह जानकारी दी। इसमें कहा गया है कि रोजगार मेला देशभर में 44 स्थानों पर आयोजित किया जाएगा। इस पहल का समर्थन करने वाले केंद्र सरकार के विभागों के साथ-साथ राज्य सरकारों व केंद्रशासित प्रदेशों में भर्तियां हो रही हैं। देशभर से चुने गए नए कर्मचारी राजस्व विभाग, वित्तीय सेवा विभाग, डाक विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग, उच्च शिक्षा विभाग, रक्षा मंत्रालय, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम, जल संसाधन विभाग, कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग और गृह मंत्रालय सहित सरकार के विभिन्न मंत्रालयों व विभागों में नियुक्त किये जाएंगे। प्रधानमंत्री की रोजगार सृजन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की प्रतिबद्धता को पूरा करने की दिशा में रोजगार मेला एक कदम है। आशा है कि रोजगार मेला भविष्य में रोजगार सृजन में उत्प्रेरक के रूप में कार्य करेगा और युवाओं को उनके सशक्तीकरण और राष्ट्रीय विकास में भागीदारी के लिए सार्थक अवसर प्रदान करेगा।

# श्रीलंका के साथ विकासात्मक साझेदारी को मजबूत करने के लिए भारत तत्पर : राष्ट्रपति



**एजेंसी। नई दिल्ली**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को कहा कि भारत राष्ट्रपति विक्रमसिंघे के नेतृत्व में श्रीलंका के साथ अपनी विकासात्मक साझेदारी को जारी रखने और मजबूत करने के लिए तत्पर है। श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे ने शुक्रवार को राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। श्रीलंका के राष्ट्रपति विक्रमसिंघे गुरुवार को भारत की दो दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर नई दिल्ली पहुंचे थे। भारत में राष्ट्रपति विक्रमसिंघे का स्वागत करते हुए राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि श्रीलंका भारत की 'नेबरहुड फर्स्ट' नीति और सागर (क्षेत्र में सभी की सुरक्षा और विकास) विजन में एक विशेष स्थान रखता है। पिछले एक वर्ष में श्रीलंका को उसकी आर्थिक चुनौतियों से निपटने के लिए भारत का बहु-आयामी समर्थन, श्रीलंका के साथ द्विपक्षीय संबंधों के प्रति भारत की दीर्घकालिक प्रतिबद्धता का प्रमाण है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारत जरूरत की घड़ी में हमेशा श्रीलंका के साथ खड़ा रहा है और भविष्य में भी ऐसा करना जारी रखेगा। राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि हमारी साझेदारी हमारे दोनों देशों और बड़े हिंद महासागर क्षेत्र के आम लोगों के लिए स्थायी और फायदेमंद है। दोनों नेताओं ने कहा कि भारत और श्रीलंका कई क्षेत्रों में कई प्रमुख परियोजनाओं पर काम कर रहे हैं, और भारत-श्रीलंका विकास साझेदारी ने श्रीलंकाई लोगों के जीवन को सकारात्मक तरीके से प्रभावित किया है।

## अभी और कम होंगे टमाटर के दाम : अश्विनी चौबे

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्रीय खाद्य एवं उपभोक्ता और सार्वजनिक वितरण मामलों के राज्यमंत्री अश्विनी कुमार चौबे ने कहा कि महाराष्ट्र के शहर नासिक, नारायणगांव, औरंगाबाद क्षेत्र सहित मध्य प्रदेश में टमाटर की नई फसल आने के बाद अब इसके मूल्य में गिरावट आने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि खराब मौसम और कोलार (कर्नाटक) में सफेद मक्खी की बीमारी के कारण टमाटर की उपज प्रभावित हो गई थी। इसके कारण इसके भाव चढ़ गए थे। फिलहाल आम लोगों के लिए सरकार 70 रुपये प्रति किलों में टमाटर उपलब्ध करवा रही है। चौबे से शुक्रवार को राज्यसभा




में एक प्रश्न के लिखित जवाब में कहा कि राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता महासंघ और राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन महासंघ रियायती दरों में लोगों को टमाटर उपलब्ध करवा रहे हैं। अभी दिल्ली-एनसीआर सहित अन्य जगहों पर 70 रुपये प्रति किलो में टमाटर उपलब्ध करवाया जा रह है। खपत के हिसाब से उपज न होने के कारण इसके दाम में अचानक वृद्धि हुई थी। फिलहाल अभी स्थिति पहले की तुलना में ठीक हुई है।

## सीमा हैदर ने भारत की नागरिकता दिलाने की राष्ट्रपति से लगाई गुहार

**एजेंसी। नई दिल्ली**

पबजी खेलते-खेलते भारत के सचिन के प्यार में आई पाकिस्तान की सीमा हैदर ने भारत की नागरिकता दिलाने की गुहार लगाई है। सीमा हैदर ने वकील एपी सिंह के जरिये राष्ट्रपति को अर्जी दाखिल कर भारत की नागरिकता देने की मांग की है। अर्जी में भारत की नागरिकता देने की मांग करते हुए कहा गया है कि भारत में कई अभिनेता और अभिनेत्रियों को नागरिकता दी गई है। ऐसे में जब उसने हिन्दू धर्म की रीति रिवाज से शादी कर ली है और अब वह बुलंदशहर में रह रही है तो उसे भी भारत की नागरिकता दी जाए। एपी सिंह के मुताबिक सीमा के ऊपर



तमाम आरोप लगाए जा रहे हैं। कोई उसे आतंकवादी करार दे रहा है, कोई आईएसआई का एजेंट बता रहा है तो कोई घुसपैठिया कह रहा है। उन्होंने आगे कहा कि वो अपने चार मासूम बच्चों के साथ हिन्दू धर्म अपनाने और सचिन के साथ नेपाल में हिन्दू रीति रिवाज से शादी करने के बाद भारत आई है। इसे मानवता और प्रेम के दृष्टिकोण से भी देखना चाहिए।

# जबलपुर समेत देशभर में 17 ठिकानों पर सीबीआई का छापा

### एमईएस निर्माण कार्यों में करोड़ों की गड़बड़ी का मामला

**एजेंसी। जबलपुर**

जबलपुर में सेना की एमईएस के निर्माण कार्यों में 16.24 करोड़ रुपये की गड़बड़ी के मामले में सीबीआई ने छापेमारी की है। मामले से जुड़े अधिकारियों और ठेकेदारों के ठिकानों पर शुक्रवार सुबह से छापामारी की जा रही है। छापेमारी में घोटाले से जुड़े दस्तावेज भी बरामद हुए हैं। समाचार लिखे जाने तक छापेमारी जारी है। सीबीआई के अनुसार, जबलपुर की मिलिट्री इंजीनियरिंग सर्विस में निर्माण कार्य के लिए 59 ठेके हुए थे। आरोप है कि बिना निर्माण किए ही ठेकेदारों को पूरा पैसा दे दिया गया। इसकी शिकायत पर शुक्रवार सुबह जबलपुर, दिल्ली, राजस्थान, शिलांग और उत्तर प्रदेश समेत देशभर में सेना के इंजीनियरिंग विभाग के आठ अधिकारियों के साथ नौ ठेकेदारों की फर्मों पर भी छापे की कार्रवाई की जा रही है। ये फर्म सिविल मैकेनिकल और इलेक्ट्रिकल कामों से जुड़ी हुई हैं। मामले में सीबीआई ने 17 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। इसके साथ ही गलत तरीके से भुगतान हासिल करने वाली फर्मों को भी आरोपित बनाया गया है। देशभर में 17 ठिकानों पर यह कार्रवाई की जा रही है। सीबीआई की टीमें जबलपुर, जोधपुर, प्रयागराज और शिलांग में स्थित लोक सेवकों और निजी फर्मों के 17 स्थानों पर तलाशी ले रही हैं। सीबीआई ने आरोपितों के खिलाफ आईपीसी की धारा 120-बी, 420, 465, 466, 468 और 471 के साथ-साथ 13(2) आर/डब्ल्यू 13(1)(ए) पी.सी. के तहत। अधिनियम, 1988 (2018 में संशोधित) के तहत एफआईआर दर्ज की है।




## रैंप वॉक के लिए नेटिजेंस ने एक्ट्रेस आलिया भट्ट को किया ट्रोल



**करण जौहर** के निर्देशन में बनी फिल्म 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' की इस समय खूब चर्चा हो रही है। रणवीर सिंह और आलिया भट्ट फिलहाल फिल्म के प्रमोशन में बिजी हैं। हाल ही में दोनों मनीष मल्होत्रा के रैंप वॉक शो में शामिल हुए। मनीष मल्होत्रा के 'ब्राइडल कॉउचर शो' रैंप वॉक का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। इसमें रणवीर सिंह के कॉन्फिडेंस की तो सभी ने सराहना की, लेकिन आलिया भट्ट को बड़ा ब्लिंग लहंगा पहनने को लेकर ट्रोल किया जा रहा है। मनीष मल्होत्रा के शो में रणवीर सिंह सफेद और क्रीम शेरवानी में नजर आए, जबकि आलिया भट्ट ने ग्रे और सिल्वर लहंगा पहनी थी। वॉक के दौरान दोनों ने कैमरे के सामने पोज भी दिए, लेकिन आलिया भट्ट अपनी ड्रेस उठाते हुए बेहद सावधानी से चलती नजर आईं।

## 'द ट्रायल' : नोयोनिका पर काजोल ने कहा- एक महिला सब कुछ अकेले नहीं संभाल सकती



**वेब-सीरीज** 'द ट्रायल' में अभिनेत्री काजोल का किरदार 'नोयोनिका' हर महिला को अपेक्षाओं से गुजरने का उदाहरण देता है, जो जीवन को संतुलित करने में आने वाली चुनौतियों से मेल खाता है। आज के समाज में महिलाओं पर अक्सर भारी सामाजिक दबाव डालकर कई भूमिकाओं में उत्कृष्टता हासिल करने की उम्मीद रखी जाती है। महिलाओं को हमेशा पालन-पोषण करने वाली मां और समर्पित साझेदार बनने से लेकर अपने करियर में सफलता हासिल करने और घरेलू जिम्मेदारियों को निभाते हुए पाया गया है। सीरीज में 'नोयोनिका' की यात्रा इन महिलाओं के अनुभव को दशार्ती है। इस बारे में बात करते हुए काजोल ने कहा, ₹नोयोनिका के बारे में सबसे अच्छी बात यह है कि हर महिला खुद को उससे पहचानती है। जीवन के हर बिंदु पर महिलाओं को अच्छी मां, एक अच्छी पत्नी और अच्छा इंसान बनने की भूमिकाओं को पूरी तरह से निभाना सिखाया जाता है। काजोल ने कहा,₹यही वह पल था जहां नोयोनिका को लगा कि वह हर चीज में परफेक्ट है और उसी समय उसकी दुनिया ढह गई। तब उसे एहसास हुआ कि वह हर चीज में अच्छी नहीं हो सकती, वह एक अच्छी पत्नी, एक अच्छी मां नहीं बन सकती।

### मुद्दा | मणिपुर हिंसाः कांग्रेस सहित विपक्षी दलों का भारी हंगामा

# लोस कार्यवाही 24 जुलाई तक स्थगित

**एजेंसी। नई दिल्ली**

लोकसभा में मणिपुर में हिंसा को लेकर कांग्रेस सहित विपक्षी दलों का भारी हंगामा शुक्रवार को भी जारी रहा, जिसके कारण सदन में कोई कामकाज नहीं हो पाया और सदन की कार्यवाही 24 जुलाई तक स्थगित कर दी गई। पीठासीन अधिकारी राजेंद्र अग्रवाल ने एक बार के स्थगन के बाद 12 बजे जैसे ही सदन की कार्यवाही शुरू की विपक्षी सदस्य हंगामा करते हुए एवं नारे लगाते हुए सदन के बीचो-बीच आ गये। अग्रवाल ने जरूरी कागजात सदन के पटल पर रखवाए, लेकिन इस दौरान भी सदस्यों का हंगामा जारी रहा। हंगामे के बीच संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने दोहराया कि सरकार मणिपुर मुद्दे पर चर्चा चाहती, लेकिन विपक्ष इसके लिए तैयार नहीं है। उनका कहना था कि सरकार लगातार स्पष्ट कर रही है कि वह इस मुद्दे पर चर्चा करने को तैयार है। पीठासीन अधिकारी ने सदस्यों को शांत रहने, लोकहित के मुद्दों पर चर्चा करने और अपनी सीटों पर बैठने का आग्रह किया, लेकिन हंगामा कर रहे सदस्यों ने उनकी एक नहीं सुनी। हंगामा बढ़ता गया इसे देखते हुए श्री अग्रवाल ने सदन की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित कर दी। इससे पहले सुबह 11 बजे अध्यक्ष ओम बिरला ने जैसे ही प्रश्नकाल शुरू किया, विपक्षी सदस्य तख्तियां लेकर नारेबाजी और हंगामा करने लगे। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने हंगामे के बीच सदन को आश्वस्त किया कि सरकार विपक्ष की मांग के अनुसार मणिपुर मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार है।

### विपक्ष संसद में चर्चा से भाग रहा है, कार्यवाही नहीं चलने दे रहा : अनुराग

केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने शुक्रवार को कांग्रेस नीत विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि सरकार मणिपुर हिंसा के मुद्दे पर चर्चा कराना चाहती है और चर्चा में भाग भी लेना चाहती है, लेकिन विपक्ष चर्चा से भाग रहा और संसद की कार्यवाही नहीं चलने दे रहा। सूचना प्रसारण मंत्री ठाकुर ने संसद भवन परिसर में संवाददाताओं से कहा कि संसद के पिछले कुछ सत्रों का उदाहरण देखें तो यह स्पष्ट होता है कि विपक्ष कोई न कोई बहाना बनाकर यह प्रयास करता है कि चर्चा न हो, संसद न चले। लोकसभा की सदस्यता से अयोग्य ठहराये गए कांग्रेस नेता राहुल गांधी के परोक्ष संदर्भ में ठाकुर ने कहा कि कुछ लोग सदन के सदस्य नहीं रहे हैं, ऐसे में उनकी मंशा तो यह है कि इसके बाद सदन चले ही नहीं। उन्होंने कहा, सरकार चर्चा के लिए तैयार होती है तब भी सदन नहीं चलने दिया जाता। आखिर विपक्ष चर्चा से क्यों भाग रहा है। भाजपा के वरिष्ठ नेता ने कहा कि देश की जनता संसद सत्र को काफी उम्मीद की नजरों से देखती है, लेकिन जब विपक्षी दल मुद्दों को नहीं उठाने देते, चर्चा नहीं होने देते हैं तब उनकी (विपक्ष की) भूमिका पर स्वयं सवाल उठते हैं।

## वरुण-जान्हवी की परफॉर्मेंस देख फैंस भी बोले 'बवाल' हो गया

**बॉलीवुड** एक्टर वरुण धवन और एक्ट्रेस जान्हवी कपूर की फिल्म 'बवाल' ओटीटी प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो पर रिलीज हो गई है। फिल्म में जान्हवी कपूर भी मुख्य भूमिका में हैं। रिलीज होते ही यह फिल्म इंटरनेट की दुनिया में ट्रेंड करने लगी। इस फिल्म में वरुण धवन और जान्हवी कपूर की परफॉर्मेंस ने सभी का ध्यान खींचा है। दोनों पहली बार किसी फिल्म में साथ काम कर रहे हैं। वरुण और जान्हवी की 'बवाल' को ट्विटर पर अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है। एक्टर वरुण धवन और एक्ट्रेस जान्हवी कपूर की फिल्म 'बवाल' ने ओटीटी पर खूब धमाल मचाया है। इस फिल्म में वरुण और जान्हवी पति-पत्नी की भूमिका में नजर आ रहे हैं। पूरी फिल्म में प्यार, तकरार और रिश्तों में तकरार देखने को मिलती है।



## अमिताभ बच्चन ने गुजराती फिल्म 'ट्रॉन एक्का' का ट्रेलर जारी किया

**मेगास्टार** अमिताभ बच्चन ने शुक्रवार को आनंद पंडित की अगली गुजराती फिल्म 'ट्रॉन एक्का' का ट्रेलर जारी किया। 'ट्रॉन एक्का' की घोषणा के बाद से ही प्रशंसक यह देखने का इंतजार कर रहे हैं कि यश सोनी मल्हार ठाकर और मित्रा गढ़वी का जादुई संयोजन इस बार क्या कमाल दिखाएगा। अब ट्रेलर की झलक देखकर फिल्म को लेकर प्रशंसकों की उम्मीदें और बढ़ गई है। ट्रेलर को सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए बिग बी ने लिखा, "भयानक तिकड़ी एक बार फिर गुदगुदा देने वाली कॉमेडी के साथ वापस आ रही है। अपना दिमाग चकराने के लिए तैयार हो जाइए। मेरे प्रिय मित्र आनंद पंडित को सफलता की ढेर सारी शुभकामनाएं। कहानी तीन अनजान युवाओं के इर्द-गिर्द घूमती है जो एक साधारण-मध्यम वर्गीय घर को गुप्त जुए के अड्डे में बदलकर पैसा कमाने की कोशिश कर रहे हैं। यह एक सिचुएशनल कॉमेडी है और ट्रेलर भी कहानी की मजेदार और अराजक ऊर्जा को प्रदर्शित करता है।



### उपन्यास शरशय्या का भीष्म पितामह' पर आधारित महाकाव्य का हुआ लोकार्पण

# उपन्यासकार ने जिस तर्कशक्ति कलात्मकता का उपयोग किया है वह अप्रतिम है : केदार

**नवीन मेल संवाददाता। रांची** महाभारत अनेक कथाओं और उपकथाओं का महाकाव्य है, जिनसे आज भी लोग सीख लेते हैं। महाभारत की कथा पर आधारित भवेशचंद्र मिश्र 'शिवांशु' का मैथिली उपन्यास शरशय्या पर पितामह इस महाकाव्य के एक प्रमुख नायक भीष्म पितामह पर केंद्रित है। लेकिन उपन्यासकार ने उन घटनाओं एवं उपकथाओं का तत्वान्वेषण किया है, जो साधारण लोगों को नहीं मालूम है। ये बातें शुक्रवार को रांची के हरमू स्थित झारखंड मैथिली मंच के विद्यापति दलान पर लोकार्पण समारोह की अध्यक्षता करते हुए प्राध्यापक डॉ नरेंद्र कुमार झा ने कहीं। मैथिली साहित्यकार कृष्णमोहन झा मोहन ने कहा कि महाभारत की कथाओं पर दुनिया भर की भाषाओं में अनेक पुस्तकें लिखी गई हैं, शिवांशु के इस उपन्यास को उसी श्रृंखला की अगली कड़ी माना जा सकता है। लेकिन उपन्यासकार ने जिस तर्कशक्ति और कलात्मकता का इसमें उपयोग किया है, वह अप्रतिम है। भारती मंडन पत्रिका के संपादक केदार कानन ने कहा कि शिवांशु जी के पास कहानी कहने की जो विशिष्ट शैली है, उसने इस उपन्यास को जीवंत बना दिया है और जिस कुशलता से उन्होंने इसके कथा-पात्रों का चित्र पाठकों के समक्ष खड़ा किया है, वह बिल्कुल सटीक और रोचक बन पड़ा है। यह उनके बारीक चित्रण और शोधपूर्ण दृष्टि का परिणाम है कि इस उपन्यास में संक्षिप्त में महाभारत की कथा को बारीक ढंग से समेटा जा सका है, लेकिन कहीं से भी नहीं लगता है कि कोई महत्वपूर्ण प्रसंग छूट गया है। रांची दूरदर्शन ने पूर्व निदेशक प्रमोद कुमार झा ने कहा कि इस उपन्यास की सबसे खास बात यह है कि भीष्म जैसे विरल चरित्र को चित्रित करने में उपन्यासकार ने उच्चतर मानवीय मूल्य को सुस्थापित करने का लक्ष्य रखा है, और उसे सफलतापूर्वक निभाया भी है। बेशक यह उपन्यास ऐतिहासिक उपख्यान पर आधारित है, लेकिन यह समकालीन जीवन मूल्यों और प्रश्नों से भी मुठभेड़ करता है। लोकार्पण समारोह में कथा लेखिका सुस्मिता पाठक, अमरनाथ झा, कृष्ण कुमार झा एवं झारखंड मैथिली मंच के महासचिव वैद्यनाथ झा सहित अनेक गणमान्य साहित्यकार एवं साहित्य प्रेमी उपस्थित थे।




## आदिवासी संगठनों ने दी भारत बंद की चेतावनी

**रांची।** झारखंड के आदिवासी संगठनों ने मणिपुर की घटना को लेकर भारत बंद की चेतावनी दी है। शुक्रवार को मणिपुर में महिलाओं को निर्वस्त्र कर घुमाने, मारपीट और दुष्कर्म के विरोध में आक्रोश रैली निकाली गयी। आदिवासी जनपरिषद के अध्यक्ष प्रेम शाही मुंडा ने कहा कि बीजेपी के शासन काल में आदिवासी सुरक्षित नहीं है। आदिवासी समाज पर अत्याचार बढ़ रहा है। आदिवासी समाज पर हो रहा हमला नहीं रोका गया, तो भारत बंद आह्वान कर सड़क पर उतरेंगे। इससे पहले जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम में सैकड़ों की संख्या में आदिवासी संगठनों के लोग जुटे। फिर आक्रोश मार्च करते हुए अल्बर्ट एक्का चौक पर प्रधानमंत्री मोदी और मणिपुर के सीएम बिरेन सिंह का पुतला जलाया। आदिवासी समन्वय समिति के संयोजक लक्ष्मी नारायण मुंडा ने कहा कि मणिपुर हिंसा घृणित राजनीति की महत्वाकांक्षा है। क्योंकि मैतेई समुदाय का वोट बैंक पक्का करने के लिए उन्हें लड़ाया गया है।

## प्रधानमंत्री वय वंदना योजना के अवसर पर स्कूल में प्रतियोगिता का आयोजन




**नवीन मेल संवाददाता। रांची** केंद्रीय संचार ब्यूरो, सूचना और प्रसारण मंत्रालय के प्रादेशिक कार्यालय रांची द्वारा विश्व जनसंख्या माह और प्रधानमंत्री वय वंदना योजना के अवसर पर शुक्रवार को एसएस हाई स्कूल ओरमांझी और एसएस प्लस टू हाई स्कूल ओरमंझी में दो दिवसीय कार्यक्रम के दौरान लेख प्रतियोगिता, पेंटिंग प्रतियोगिता , फुटबॉल मैच आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। आयोजन में मुख्य रूप से स्कूल के विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। मुख्य अतिथि लोकसभा पूर्व सांसद राम टहल चौधरी, विशिष्ट अतिथि जिला परिषद रीता देवी , स्कूल सचिव, प्रधानाध्यापक आदि द्वारा विजयी प्रतिभागी को शनिवार को पुरस्कृत व सम्मानित होंगे। प्रतियोगिताओं के आयोजन के दौरान केंद्रीय संचार ब्यूरो के कार्यक्रम संचालक शफीक आलम, दोनों स्कूल के प्रधानाध्यापक व अन्य शिक्षक गण उपस्थित रहे।


### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा
### ई0 निविदा आमंत्रण सूचना

ई0 निविदा संख्या– WRD/MIDIV GARHWA/ 03-F2/2023-24

पत्रांक – 593 गढ़वा/दिनांक – 19.07.2023

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | कर्री मध्यम सिंचाई योजना का जीर्णोद्वार कार्य, प्रखण्ड– रंका, जिला– गढ़वा |
| 2 | प्राक्कलित राशि | 65,73,283.55/– (पैसंठ लाख तिहत्तर हजार दो सौ तिरासी रू0 पच्चन पैसा) मात्र |
| 3 | परिमाण विपत्र की राशि | 10,000.00 (दस हजार रू0) मात्र |
| 4 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 24 माह |
| 5 | ई0 निविदा वेबसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि | 27.07.2023 12:00 PM |
| 6 | ई0 निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 11.08.2023 12:00 PM |
| 7 | ई0 निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 12.08.2023 04:00 PM |
| 8 | अग्रधन व हार्डकॉपी जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 12.08.2023 01:00 PM |
| 9 | (क) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता<br>(ख) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का फोन नं0 | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा।<br>मो0– 9931162912 eemidgarh-cemr-jhr@nic.in |
| 10 | ई0 निविदा हार्ड कॉपी जमा करने का कार्यालय। | 1. कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा।<br>2. अधीक्षण अभियंता, लघु सिंचाई अंचल, मेदिनीनगर।<br>3. कार्यलपालक अभियंता, लघु सिंचाई, रूपांकण प्रमण्डल, रांची। |
| 11 | ई0 प्रोक्योमेन्ट सेल एवं हेल्पलाईन संख्या | 0651–2214784 |

नोटः– केवल ई0 निविदा ही स्वीकार की जायेगी।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट– jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।
प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है। वेबसाईट पर अपलोडेड राशि प्रभावी मानी जायेगी।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा।

PR 302888 Minor Irrigation(23-24)D


## नाबालिग के साथ गैंगरेप को लेकर एनएसयूआई ने किया पुतला दहन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
शुक्रवार को एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष आमिर हाशमी की उपस्थिति में रांची जिला एनएसयूआई के द्वारा रांची विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार पर एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन कर एबीवीपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष का पुतला दहन किया। जोधपुर में 16 जुलाई को एबीवीपी कार्यकर्ताओं के द्वारा नाबालिग के साथ गैंगरेप किया गया उसी को लेकर विरोध प्रदर्शन किया गया एवं एबीवीपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. राजशरण शाही का पुतला दहन किया गया। मुख्य रूप से उपस्थित झारखंड एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष आमिर हाशमी ने कहा जब से भाजपा सत्ता में है छात्राएं एवं महिलाओं के साथ दुष्कर्म का मामला बढ़ गया है। गुनहगारों के सर पर भाजपा का हाथ उसके सर पर है। दरिंदगी करने वाले ऐसे गुनहगारों को फांसी की सजा होनी चाहिए। जिलाध्यक्ष अमन अहमद ने कहा की छात्र हितैषी होने का ढोंग करने वाली अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) का असली चेहरा सामने आ गया है, हर बार शिक्षा के मंदिर को कलंकित करने का काम करने वाले छात्र संगठन के छात्र नेताओं ने नाबालिग के साथ बलात्कार कर छात्राओं में डर भय का माहौल बना दिया है। भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) सरकार से मांग करती है कि जल्द से जल्द बलात्कारियों को फांसी की सजा दी जाए और देश की बहन बेटियों को इंसाफ दिया जाए।



# रिम्स में दो गुटों में मारपीट के बाद खाली कराया गया हॉस्टल

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
रिम्स हॉस्टल में देर रात पार्टी करने और आपस में मारपीट करने की घटना के बाद रिम्स प्रबंधन ने छात्रों से हॉस्टल खाली करा लिया है। करीब 900 एमबीबीएस छात्रों से हॉस्टल खाली कराया गया है। प्रबंधन ने बुधवार की रात नोटिस जारी किया था। सप्लीमेंट्री परीक्षा देने वाले कुछ छात्रों को परीक्षा तक हॉस्टल में रहने की अनुमति मिली है। छात्रों से हॉस्टल के रूम की चाबी भी जमा करा ली गई है। प्रबंधन के आदेश के बाद एमबीबीएस के विभिन्न बैच के छात्र निर्णय को लेकर निदेशक का घेराव करने पहुंचे थे। इसके बाद भी प्रबंधन अपने आदेश पर अड़ा रहा। प्रबंधन ने कहा कि छात्रों के सुरक्षा को देखते हुए ही निर्णय लिया गया है। अब छात्रों को माता-पिता के साथ आने को कहा गया है। इसके बाद ही उन्हें हॉस्टल आवंटित किया जायेगा। रिम्स के पीआरओ डॉ राजीव रंजन ने शुक्रवार को बताया कि रिम्स के हॉस्टल परिसर में लगातार उपद्रव और छात्रों के बीच मारपीट की घटना हो रही है। कुछ अनहोनी न हो इसलिए प्रबंधन ने गहन चिंतन के बाद क्लासेस बंद किये गये हैं और हॉस्टल खाली कराया है। एहतियात के तौर पर ऐसा निर्णय लिया गया है। रिम्स जूनियर डॉक्टर्स एसोसिएशन ने भी प्रबंधन के फैसले का समर्थन किया है। जेडीए के प्रेसिडेंट डॉ जयदीप चौधरी ने बताया कि दो बैचों 2021 और 2022 में झड़प हुई थी। झगड़े में दो सीनियर बैच 2019 और 2020 भी आ गये। इसी में और मामला बढ़ा, जिसके बाद कुछ छात्र उग्र होकर निदेशक आवास में भी घुस गये थे। सभी को एक-एक कर समझाना मुश्किल होता। ऐसे में कुछ दिन कक्षाएं सस्पेंड रखा जायेगा और हॉस्टल को खाली कराया गया है। प्रबंधन का निर्णय छात्रहित में है। इसलिए प्रबंधन के फैसले का समर्थन किया जा रहा है। रिम्स प्रबंधन का कहना है कि स्टूडेंट्स लगातार मारपीट और देर रात पार्टी कर रिम्स की छवि को धूमिल कर रहे हैं। इस घटना के बाद कमेटी की आपात बैठक बुलायी गयी थी, जिसमें हॉस्टल खाली कराने पर निर्णय लिया गया है। नये सिरे से हॉस्टल के कमरा का आवंटन किया जायेगा, जिसमें 15-15 दिन की प्रक्रिया पूरी की जायेगी।





### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,लघु सिंचाई प्रमण्डल,गढ़वा
### ई0 निविदा आमंत्रण सूचना

ई0 निविदा संख्या– WRD/MIDIV GARHWA/ 05-F2/2023-24

पत्रांक – 595 गढ़वा/दिनांक – 19.07.2023

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | मझिगांव मध्यम सिंचाई योजना का जीर्णोद्वार कार्य, प्रखण्ड– रंका, जिला– गढ़वा |
| 2 | प्राक्कलित राशि | 98,23,042.12/– (अन्ठानबे लाख तेईस हजार बेयालीस रू0 बारह पैसा) मात्र |
| 3 | परिमाण विपत्र की राशि | 10,000.00 (दस हजार रू0) मात्र |
| 4 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 24 माह |
| 5 | ई0 निविदा वेबसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि | 27.07.2023 12:00 PM |
| 6 | ई0 निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 11.08.2023 12:00 PM |
| 7 | ई0 निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 12.08.2023 04:00 PM |
| 8 | अग्रधन व हार्डकॉपी जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 12.08.2023 01:00 PM |
| 9 | (क) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता<br>(ख) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का फोन नं0 | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा।<br>मो0– 9931162912<br>eemidgarh-cemr-jhr@nic.in |
| 10 | ई0 निविदा हार्ड कॉपी जमा करने का कार्यालय। | 1. कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा।<br>2. अधीक्षण अभियंता, लघु सिंचाई अंचल, मेदिनीनगर।<br>3. कार्यलपालक अभियंता, लघु सिंचाई,रूपांकण प्रमण्डल, रांची। |
| 11 | ई0 प्रोक्योमेन्ट सेल एवं हेल्पलाईन संख्या | 0651–2214784 |

नोटः– केवल ई0 निविदा ही स्वीकार की जायेगी।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट– jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।
प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है। वेबसाईट पर अपलोडेड राशि प्रभावी मानी जायेगी।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल,गढ़वा

PR 302882 Minor Irrigation(23-24).D


## पृष्ठ एक के शेष

**राज्य के 10 हजार गांव में खेलन मैदान...** संबंधी किसी प्रकार की कोई कार्यवाही अभी तक नहीं की गई है, इस पर मुख्यमंत्री ने चिंता व्यक्त करते हुए ग्रामीण विकास मंत्री श्री आलमगीर आलम से आग्रह किया कि इस संबंध में वे दिल्ली जाकर केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री से मुलाकात कर उनके समक्ष राज्य के वंचित 8 लाख लाभुकों को पीएम आवास आवंटन की दिशा में केंद्र सरकार द्वारा शीघ्र निर्णय लेने का अनुरोध करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में लक्ष्य के अनुरूप 2024 तक पात्र लाभुकों को पीएम आवास से आच्छादित करने की दिशा में कार्य करें।

**बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत अब 50 हजार एकड़ भूमि पर होगा वृक्षारोपण :** मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों के कल्याण एवं उनकी आय में वृद्धि करने के लिए राज्य सरकार द्वारा बिरसा हरित ग्राम योजना संचालित की जा रही है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि बिरसा हरित ग्राम योजना के लक्ष्य को बढ़ाकर अब 50 हजार एकड़ भूमि पर वृक्षारोपण कार्य सुनिश्चित करें। बिरसा हरित ग्राम योजना के लाभुकों को उनके उपयोगिता और इच्छा के अनुसार पौधे प्रदान करें ताकि उनके आई में वृद्धि हो सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना के तहत सरकार हर पंचायत में खेल मैदान बना रही है। इस योजना के तहत ग्रामीण युवक-युवतियों के अंदर की खेल प्रतिभा को निखारने का कार्य राज्य सरकार कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह एक बहुत ही महत्वपूर्ण योजना है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि राज्य के गांव-गांव में खेल मैदान बनाए जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के 10 हजार विभिन्न ग्रामों में वीर शहीद पोटो हो योजना के तहत खेल मैदान बनाए जाने के लक्ष्य के साथ आगे बढ़े।

**नवंबर 2024 तक एक लाख कूप निर्माण का लक्ष्य रखें :** मुख्यमंत्री ने बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना के तहत नवंबर माह 2024 तक राज्य में एक लाख सिंचाई कूप निर्माण किए जाने का लक्ष्य के साथ कार्य किए जाने निर्देश अधिकारियों को दिया। बैठक में मुख्यमंत्री के समक्ष बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना की सामग्री मद में भुगतान की अद्यतन स्थिति की जानकारी रखी गई। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि अब मनरेगा अंतर्गत बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना के सामग्री मद में राज्य सरकार द्वारा 50 हजार की राशि आवंटित की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि सिंचाई कूप के निर्माण होने से किसानों को सालों भर फसल उत्पादन के लिए पानी की कमी नहीं होगी। हमारी सरकार का संकल्प है कि राज्य के किसानों की आय में अधिक से अधिक वृद्धि की जा सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से झारखंड में फूलो झानो आशीर्वाद योजना की शुरूआत की गई है। इस योजना के माध्यम से राज्य के गरीब एवं आर्थिक रूप से कमजोर आय वर्ग परिवार की महिलाएं जो अपने परिवार का गुजारा करने के लिए हड़िया, दारू के निर्माण या बिक्री से जुड़ी हुई है, उन्हें इन कार्यों से मुक्त कर रोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में प्रतिबद्धता के साथ कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि अभियान चलाकर सड़क किनारे या पेड़ के नीचे हड़िया, दारु बेचने के कार्य से जुड़ी महिलाओं को रोजगार के मुख्यधारा में लाने का कार्य करें। आने वाले समय में कोई भी महिला सड़क किनारे हड़िया, दारू बेचती हुई न देखें यह सुनिश्चित करें। फूलो झानो योजना के लाभार्थियों को योजनाओं से जोड़ने के साथ-साथ लैंड होल्डिंग का लाभ दें एवं हर 2 महीने में उनका फॉलोअप करें। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी (जेएसएलपीएस), दीदी बाड़ी योजना, पलाश मार्ट, मनरेगा अंतर्गत संचालित अन्य योजना सहित ग्रामीण विकास से संबंधित योजनाओं की समीक्षा की एवं अधिकारियों को कई महत्त्वपूर्ण दिशा-निर्देश भी दिए। इस अवसर पर ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम, राज्य के मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव वंदना दादेल, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, ग्रामीण विकास विभाग के सचिव चंद्रशेखर, मनरेगा आयुक्त राजेश्वरी बी. सहित अन्य वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

**अपराध पर हर हाल में लगायें...** संधारण को धत्ता बताते हुए कई जघन्य अपराध को अंजाम देने का काम किया है। किसी भी हाल में ऐसे अपराध स्वीकार्य नही है। वर्तमान समय में हो रही अपराधिक घटनाएं राज्य के लिए चिंता का विषय है। अपराधिक घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो इस निमित्त पुलिस बिना किसी दबाव के अपराधियों पर कड़ी कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। मौके पर राज्य के डीजीपी अजय कुमार सिंह, एडीजी ऑपरेशन संजय आनंद राव लाटकर, आईजी ऑपरेशन अमोल वेणुकांत होमकर, एसपी एटीएस सुरेंद्र झा सहित अन्य वरीय पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने डीजीपी अजय कुमार सिंह को साफ लहजे में कहा कि आपको अपराध पर नियंत्रण के लिए मेरे द्वारा खुली छूट दी हुई है परंतु अपराध नियंत्रण पर सफलता क्यों नहीं मिल रहा है? मौके पर मुख्यमंत्री ने पुलिस विभाग के वरीय अधिकारियों से वर्तमान समय में राज्य के भीतर हो रही अपराधिक घटनाओं एवं अपराध नियंत्रण हेतु कानून व्यवस्था की स्थिति की पूरी जानकारी ली और अपराध नियंत्रण को लेकर पुलिस अधिकारियों को कई महत्त्वपूर्ण दिशा-निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले कुछ दिनों में राज्य के अंदर अपराध के चेहरे हर दिन बदल रहे हैं। नए-नए अपराध को अंजाम दिया जा रहा है। कई अपराध सुनियोजित तरीके से किए जा रहे हैं। कुछ लोग राज्य सरकार की छवि को धूमिल करने की पूरी कोशिश कर रहे हैं। पुलिस विभाग राज्य में सुनियोजित अपराधिक गतिविधियों एवं नए-नए अपराधों पर शिकंजा क्यों नहीं कस पा रही है, इस पर मुख्यमंत्री ने नाराजगी जताई साथ ही मुख्यमंत्री ने पुलिस अधिकारियों को सूचना तंत्र को मजबूत करने का कड़ा निर्देश दिया।

**अपराध नियंत्रण में कोताही बर्दाश्त नहीं**

बैठक में मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने पुलिस अधिकारियों से कहा कि राज्य में विधि व्यवस्था का संधारण हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। अपराध नियंत्रण में किसी भी प्रकार की कोताही नहीं बरती जानी चाहिए, कोताही किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि पुलिस प्रशासन के समक्ष नई-नई चुनौतियां आ रही हैं। पुलिस विभाग इन चुनौतियों से निपटने में किसी तरह की लापरवाही न बरतें, अपराधी कितना भी बड़ा क्यों न हो, अपराधियों पर किसी भी बड़े समूह का आश्रय क्यों न प्राप्त हुआ हो, पुलिस बिना किसी दबाव के कार्रवाई करना सुनिश्चित करे। किसी भी हाल में राज्य में अपराध का ग्राफ ऊपर नहीं जाना चाहिए। अपराधियों का मनोबल तोड़ने का काम पुलिस विभाग अवश्य करे। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि आपकी सूझबूझ, आपकी कार्यशैली, आपका सूचना तंत्र, आपकी क्रिएटिविटी एवं सतर्कता से अपराधिक घटनाओं पर तत्काल लगाम लगाया जा सकता है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि हो सकता है कि आने वाले समय में सुनियोजित अपराध की घटनाएं बढ़ेंगी, आपके सामने कई चुनौतियां भी आ सकती हैं, वर्तमान चुनौतियों से निपटने के साथ-साथ भविष्य की चुनौतियों से निपटने की रणनीति भी पुलिस विभाग तैयार करे। मौके पर राज्य के मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, अपर मुख्य सचिव गृह विभाग अविनाश कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

**ज्ञानवापी आदेश से हिन्दू पक्ष करे...** में दाखिल सभी सिविल सूट की डीटेल भी मांगी है। सर्वोच्च न्यायालय ने कहा, 'हम समझते हैं कि उच्च न्यायालय रजिस्ट्रार के लिए ये उचित होगा कि वह तमाम सूट से जुड़े डिटेल हमें भेजे। इस मामले में हिंदू पक्ष ने शाही ईदगाह मस्जिद को हटाने की मांग की है। पूरा मामला मथुरा के श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह मस्जिद से जुड़ा है। हिंदू पक्ष का दावा है कि मस्जिद श्रीकृष्ण जन्मभूमि स्थान पर बना है ,इसलिए उसे वहां से हटाया जाए। 30 सितंबर 2020 मथुरा के एक सिविल कोर्ट ने हिंदू पक्ष की इस याचिका को ये कहकर खारिज कर दी थी कि प्लेसेज ऑफ वर्शिप एक्ट, 1991 के तहत इस केस की सुनवाई नहीं हो सकती। हिंदू पक्ष ने इसके खिलाफ जिला न्यायालय में अपील की। मई 2022 में मथुरा कोर्ट ने सिविल कोर्ट के फैसले को पलटते हुए कहा कि ये मामला सुनवाई योग्य है। मामला अभी ट्रायल कोर्ट में चल ही रहा था कि हिंदू पक्ष उच्च न्यायालय चला गया और मामले को उच्च न्यायालय में ट्रांसफर करने की मांग की। हिंदू पक्ष ने दलील दी कि मामला भगवान कृष्ण के करोड़ों भक्तों से जुड़ा है और राष्ट्रीय महत्व का है। इस वर्ष फरवरी में इलाहाबाद उच्च न्यायालय के ट्रांसफर की याचिका को सुनवाई के लिए स्वीकार कर लिया और मई में मामले को उच्च न्यायालय में ट्रांसफर करने की मंजूरी दे दी।


### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा
(rdsd.lohardaga@rediffmail.com)

### ई-निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा सूचना संख्या– RDD/SD/LOHARDAGA/E-08/2023-24

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| क्रम संख्या | कार्य का नाम | परिमाण विपत्र की राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मुल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | लोहरदगा जिला के कैरो प्रखण्ड में ग्राम गितिलगढ़ से टाटी खरता जाने वाले पथ में स्थित कोयल नदी पर उच्च स्तरीय पुल निर्माण। | 5,40,82,100.00 | 10,81,700.00 | 10,000.00 | 24 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– 28.07.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– दिनांक 28.07.2023 से दिनांक 17.08.2023 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समयः– दिनांक 18.08.2023 (शुक्रवार) अपराह्न 5:00 बजे तक।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने का स्थान :–
   i) जिला नियंत्रण कक्ष, लोहरदगा।
   ii) जिला नियंत्रण कक्ष, राँची।
   iii) e-Procurement Cell, मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रक्षेत्र, एफ०एफ०पी० भवन, धुर्वा, राँची
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की तिथि को यदि राज्य में सरकारी अवकाश घोशित होता है, तो उक्त तिथि एवं समय अगले कार्यदिवस तक स्वतः विस्तारित समझी जायेगी।
7. निविदा खोलने का स्थान :– कार्यपालक अभियंता, कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लोहरदगा।
8. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 19.08.2023 अपराह्न 2:00 बजे
9. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,लोहरदगा।
10. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दुरभाष संख्या :– 9934523795
11. निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत/अन्य अनुसूचित बैंक द्वारा निर्गत ड्राफ्ट जो, कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा के पदनाम से देय हो देना होगा।
12. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाइट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा।

PR 302956 (Lohardaga) 23-24 (D)



### GOVT.OF. JHARKHAND OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
### Drinking Water & Sanitation Mechanical Division, Gumla

### Very Short E-Quotation No. 07/2023-24 (2nd call)


Rates through e-quotations are invited for Materiel category for (A) repairing and maintenance of 10 HP C/F motor pump set , 17.5 HP VT pump set, S/F Control panel etc. and other allied works at Rural W/S scheme NADIYA (B) Estimate for repairing and maintenance of 50 HP C/F motor pump set No-2, 10 HP VT pump set No-1, FASD starter etc. and other allied works at Rural W/S scheme Kuru (C)Estimate for complete repairing and rewinding of 10 HP and 7.5 HP Submersible motor and pump sets, its panel and other allied works for Raw water supply scheme Senha (D) Estimate for repairing and maintenance of 40 HP VT pump set no-1, 30 HP C/F pump set No-1, ,FASD starter etc. and other allied work at Rural W/S scheme Kairo(E) Estimate for supplying fitting and commissioning 7.5 HP submersible pump motor set and other allied works at Rural W/S scheme Hesal Government of Jharkhand, to be used in different Pumping Plant replacement operation maintenance works shall be submitted online in the website http://jharkhandtenders.gov.in . Details and list of materials are available on the above e-tender Portal. The Quotationer may download the documents from the website and quote their firm item rate excluding taxes for the Materials online from 24.07.2023 at 3.30 hrs. to 31.07.2023 at 2.00 hrs. The quotation will be opened on 01.08.2023 at 3.30pm Hours

The quotation is invited to ascertain and assess the Rate of Materials at par with lowest market rate for framing of Estimates under D. W. &.S. Mech. Division, Gumla.

Executive Engineer,
D.W. & S. Mechanical Division,
Gumla

PR 302969 Water Resource(23-24)D

# भुवनेश्वर में एफआईएच प्रो लीग अभियान की होगी शुरूआत



**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय महिला हॉकी टीम एफआईएच प्रो लीग 2023-2024 सत्र के अपने अभियान का आगाज भुवनेश्वर में चीन के खिलाफ करेगी जबकि पुरूष टीम का सामना स्पेन से होगा। अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ ने बृहस्पतिवार को पांचवें प्रो लीग के कार्यक्रम की घोषणा की। भारतीय खिलाड़ियों का मानना है कि इस टूर्नामेंट से उन्हें पेरिस ओलंपिक की तैयारी में मदद मिलेगी। दोनों टीमें अपने अभियान की शुरूआत भुवनेश्वर के कलिंगा स्टेडियम और राउरकेला के बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम पर करेंगी। एफआईएच नेशंस लीग चैम्पियन भारतीय महिला टीम छह फरवरी को चीन के खिलाफ भुवनेश्वर में खेलेगी। इसके बाद उसे नीदरलैंड, आस्ट्रेलिया और अमेरिका से खेलना है। राउरकेला में उसका सामना चीन, नीदरलैंड, आस्ट्रेलिया और अमेरिका से फिर होगा। घरेलू मैचों के बाद भारतीय महिला टीम बेल्जियम और ब्रिटेन में अर्जेंटीना, बेल्जियम, जर्मनी और ब्रिटेन का सामना करेगी। वहीं पुरूष टीम 10 फरवरी को कलिंगा स्टेडियम पर पहले मैच में स्पेन से खेलेगी। पिछले सत्र में भारत चौथे स्थान पर रहा था और इस बार नजरें पोडियम पर रहेंगी। भारत घरेलू मैचों में स्पेन, नीदरलैंड, ऑस्ट्रेलिया और आयरलैंड से खेलने के बाद बेल्जियम, जर्मनी और ब्रिटेन में अर्जेंटीना और बेल्जियम से खेलेगा।

## महिला फुटबॉल विश्व कप में न्यूजीलैंड की पहली जीत के बाद जश्न का माहौल



**आकलैंड।** सह मेजबान न्यूजीलैंड की महिला फुटबॉल टीम ने विश्व कप में पहली जीत दर्ज करते हुए ग्रुप ए में नॉर्वे जैसी मजबूत टीम को 1 . 0 से हराया और इसके बाद पूरे देश में मानों जश्न का माहौल है। अभी तक कीवी टीम महिला विश्व कप फुटबॉल में एक भी जीत दर्ज नहीं कर सकी थी। अब जीत के साथ आगाज करके उसने नॉकआउट में प्रवेश का मार्ग प्रशस्त कर लिया है। रग्बी के लिये अपनी दीवानगी के लिए मशहूर न्यूजीलैंड में पहली बार एक फुटबॉल मैच देखने के लिए 42000 से अधिक दर्शक स्टेडियम में पहुंचे। प्रधानमंत्री क्रिस हिपकिंस ने लॉकर रूम में जाकर खिलाड़ियों को बधाई दी। इअ न्यूजीलैंड को मंगलवार को वेलिंगटन में फिलीपीन के खिलाफ खेलना है जबकि नॉर्वे की टीम हैमिल्टन में स्विटजरलैंड से खेलेगी। न्यूजीलैड के लिए विजयी गोल दूसरे हाफ की शुरूआत में हन्ना विलकिंसन ने किया।

## NEWS इन ब्रीफ

### कोरिया ओपन के सेमीफाइनल में सात्विक और चिराग



**योसु :** सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय पुरुष युगल जोड़ी ने शुक्रवार को जापान के युगो कोबायाशी और ताकुरो होकी को हराकर टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बना ली। सात्विक-चिराग ने अपने जापानी प्रतिद्वंदियों को 21-14, 21-17 से हराने के लिए सिर्फ 40 मिनट का समय लिया। सेमीफाइनल में विश्व नंबर तीन भारतीय जोड़ी विश्व नंबर दो चीन के लियांग वेंग किंग और वांग चैंग से भिड़ेगी। यह कोबायाशी और होकी के विरुद्ध सात्विक-चिराग की तीसरी जीत थी जिसके लिए उन्हें जरा भी मशक्कत नहीं करनी पड़ी। इस मुकाबले का मुख्य आकर्षण सात्विक का आक्रामक रवैया रहा जिन्होंने एक बार फिर 500 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से स्मैश मारा।

### अदिति-पजारी की टीम ने ग्रेट लेक्स आमंत्रण टूर्नामेंट में कट हासिल किया



**मिडलैंड (अमेरिका)।** भारतीय गोल्फर अदिति अशोक और उनकी जोड़ीदार पजारी अन्नारूकर्ण ने एलपीजीए के एकमात्र टीम टूर्नामेंट ग्रेट लेक्स आमंत्रण में कट में प्रवेश किया। अदिति और पजारी दोनों ने मिलकर 70-66 के कार्ड खेले जिससे वे संयुक्त 29वें स्थान पर चल रही हैं। शीर्ष 34 टीमें कट में जगह बनाएंगी। अदिति का एलपीजीए में अच्छा सत्र रहा है जिसमें वह एक बार उप विजेता रहीं और एलईटी में भी एक बार जीत दर्ज करने में सफल रही थीं। ग्रेट लेक्स आमंत्रण टूर्नामेंट के बाद अदिति इवियन चैम्पियनशिप और महिला ओपन में मेजर्स टूर्नामेंट खेलेंगी।

# कोहली ने लगाया 29वां टेस्ट शतक

## चार साल से अधिक समय से चले आ रहे इंतजार को किया खत्म



**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान विराट कोहली, जिन्होंने अपना आखिरी विदेशी शतक दिसंबर 2018 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ लगाया था, ने आखिरकार अपना 29वां टेस्ट शतक पूरा कर लंबे समय से चले आ रहे इंतजार को खत्म किया। यह शतक वेस्टइंडीज में दूसरे टेस्ट की पहली पारी में आया। कुल मिलाकर, यह सभी प्रारूपों में उनका 76वां शतक है। कोहली ने वनडे में 46, टेस्ट में 29 और टी20क में 1 शतक लगाया है। दाएं हाथ के बल्लेबाज कोहली ने पहले मैच में 76 रन बनाए थे, लेकिन इसे तीन अंकों के स्कोर में नहीं बदल सके। हालाँकि, वह दूसरे टेस्ट मैच में कहीं अधिक संयमित दिखे और पहले दिन 87 रन बनाकर नाबाद रहे। समाचार लिखे जाने तक कोहली 109 रन बनाकर खेल रहे हैं, वहीं रवींद्र जडेजा ने भी अपना अर्धशतक पूरा किया।दोनों के बीच पांचवें विकेट के लिए 142 रनों की साझेदारी हो चुकी है। भारत ने 92 ओवर में 4 विकेट पर 324 रन बना लिए हैं। भारत पहला मैच पारी और 141 रन से जीतकर दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला में 1-0 से आगे है।

### रोहित-जायसवाल ने हासिल की ऐतिहासिक उपलब्धि

# दो शतकीय साझेदारी करने वाली चौथी जोड़ी बनी



**एजेंसी। पोर्ट ऑफ स्पेन**

कप्तान रोहित शर्मा और यशस्वी जायसवाल की नई भारतीय सलामी जोड़ी ने गुरुवार को एक खास उपलब्धि हासिल कर ली है। यह जोड़ी विदेशी टेस्ट मैचों में दो शतकीय साझेदारी पूरी करने वाली चौथी जोड़ी बन गई है। जायसवाल-रोहित ने पोर्ट ऑफ स्पेन में वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट के दौरान यह उपलब्धि हासिल की। पहले टेस्ट में दोहरी शतकीय साझेदारी के बाद,जायसवाल-रोहित ने दूसरे टेस्ट में अपना अच्छा फॉर्म जारी रखा और 139 रनों की ओपनिंग साझेदारी की।

किसी विदेशी श्रृंखला में दो शतकीय साझेदारी पूरी करने वाली पहली सलामी जोड़ी 1979 में इंग्लैंड के खिलाफ सुनील गावस्कर और चेतन चौहान की थी। इसके बाद 2004 में ऑस्ट्रेलिया में वीरेंद्र सहवाग और आकाश चोपड़ा और 2006 में वेस्टइंडीज के खिलाफ सहवाग और वसीम जाफर ने यह कारनामा किया था।

लगातार शतकीय साझेदारी करने वाली भारतीय जोड़ी सहवाग और मुरली विजय की है, जिन्होंने साल 2008 से 2009 तक यह कारनामा किया था। उनके बाद गावस्कर और फारुख इंजीनियर (1973-74), गावस्कर और अंशुमन गायकवाड़ (1976), गावस्कर और अरुण लाल (1982) और सदगोप्पन रमेश और देवांग गांधी (1999) की जोड़ियां हैं। मैच की बात करें तो भारत ने यहां क्वीन्स पार्क ओवल में वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के पहले दिन 4 विकेट पर 288 रन बना लिए हैं। दिन का खेल खत्म होने पर विराट कोहली 87 और रवींद्र जडेजा 36 रन बनाकर खेल रहे हैं।

## पाक के मुख्य चयनकर्ता बनने की दौड़ में मोहम्मद हफीज आगे

**एजेंसी। कराची**

पाकिस्तान के पूर्व कप्तान और आल राउंडर मोहम्मद हफीज राष्ट्रीय टीम के मुख्य चयनकर्ता बनने की दौड़ में सबसे आगे चल रहे हैं। श्रीलंका के मौजूदा दौरे के समाप्त होने के बाद उन्हें मुख्य चयनकर्ता नियुक्त किया जा सकता है। सूत्रों की मानें तो हफीज पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड की क्रिकेट प्रबंधन समिति के नये चेयरमैन जका अशरफ ने उन्हें मुख्य चयनकर्ता नियुक्त करना चाहते हैं, यह पद जून से खाली पड़ा है। सूत्र ने पीटीआई से कहा, जका ने पूर्व कप्तान राशिद लतीफ और हफीज से मुलाकात की और उनसे मुख्य चनकर्ता बनने के बारे में बात की। राशिद इस पद पर काबिज होने के इच्छुक नहीं थे लेकिन हफीज ने इस पद के लिए अपनी उपलब्धता जाहिर की थी। "

## आयरलैंड सीरीज के लिए भारत को मिलेगा नया टी20 कप्तान

### हार्दिक पांड्या को मिलेगा आराम



**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय टीम 18 अगस्त से शुरू होने वाली तीन मैचों की टी20 श्रृंखला के लिए आयरलैंड का सामना करने के लिए पूरी तरह तैयार है। आयरलैंड का दौरा करने के लिए भारत की दूसरी पंक्ति की टीम उतारने की उम्मीद है। स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या को तीन मैचों की श्रृंखला के लिए टीम का नेतृत्व करने की उम्मीद थी। हालांकि हालिया रिपोर्टों से पता चला है कि पांड्या को आराम दिया जा सकता है, इसके पीछे उनका कार्यभार मुख्य कारण है।

पांड्या का कार्यभार प्रबंधन भारतीय टीम के लिए बहुत महत्वपूर्ण हो सकता है, क्योंकि वह आगामी विश्व कप टीम और एशिया कप 2023 का भी अभिन्न हिस्सा हो सकते हैं। इस मामले की जानकारी रखने वाले बीसीसीआई के एक सूत्र ने कहा कि अभी तक कुछ भी तय नहीं हुआ है और सब कुछ इस बात पर निर्भर करेगा कि वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे और टी20 सीरीज के बाद पांड्या कैसा महसूस कर रहे हैं। रिपोर्ट में बीसीसीआई सूत्र के हवाले से कहा गया, 'अभी तक कुछ भी तय नहीं हुआ है और यह इस बात पर भी निर्भर करेगा कि वेस्टइंडीज में वनडे और टी20 के बाद हार्दिक कैसा महसूस कर रहे हैं। इसमें यात्रा शामिल है और फ्लोरिडा से डबलिन के लिए उड़ान भरने से पहले केवल तीन दिनों का एक छोटा सा बदलाव होगा। विश्व कप प्राथमिक महत्व का है, इसलिए किसी को अपने कार्यभार को ध्यान में रखना होगा। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि वह विश्व कप में रोहित के उप-कप्तान होंगे।'

# पीकेएल ने कबड्डी खिलाड़ियों की जिंदगी बदल दी है : मंजीत छिल्लर

**एजेंसी। नई दिल्ली**

जैसे-जैसे प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) के अगले संस्करण की नीलामी का समय नजदीक आ रहा है, खिलाड़ी लीग के 10वें सीजन का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं, जिसने कबडडी के खेल को एक नई पहचान दी है। प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) इस साल अपने ऐतिहासिक दसवें सीजन को पूरा करने के कगार पर है, कबड्डी सर्किट में सबसे प्रभावशाली शख्सियतों में से एक और सीजन 2 में एमवीपी विजेता - मंजीत छिल्लर, जिन्होंने प्रो कबड्डी लीग का उदय सीजन 1 से 9 तक देखा है , से इस बारे में बात की गई कि कैसे पीकेएल ने उनके जीवन को बदल दिया है। जब छिल्लर से



सीजन 10 के प्रति उनके उत्साह के बारे में पूछा गया तो वह अपनी भावनाओं पर काबू नहीं रख सके। आयोजकों ने छिल्लर के हवाले से कहा, ₹यह बहुत अच्छा एहसास है। मैं पहले सीजन से ही प्रो कबड्डी लीग का हिस्सा रहा हूं। मैंने यह भी सपना देखा था कि मुझे 10वें सीजन में भाग लेने का मौका मिलेगा, लेकिन दुर्भाग्य से, आठवें सीजन के बाद मुझे संन्यास लेना पड़ा। यह लीग में भाग लेने वाले सभी कबड्डी खिलाड़ियों के लिए भावनात्मक क्षण है।" पीकेएल के दूसरे सीजन में 67 रेड पॉइंट और 40 टैकल पॉइंट हासिल करने वाले ऑलराउंडर ने भी प्रो कबड्डी लीग की अपनी सबसे अच्छी यादों के बारे में बात की। उन्होंने कहा, ₹मुझे लगता है कि प्रो कबड्डी में मेरा सबसे अच्छा पल आठवें सीजन में दबंग दिल्ली के.सी. के साथ लीग जीतना था। उस समय तक, मेरे पास प्रो कबड्डी लीग खिताब को छोड़कर सभी प्रकार के पदक थे। यह लंबे समय से मेरा लक्ष्य था।" पीकेएल सितंबर में एक भव्य पीकेएल सीजन 10 नीलामी के माध्यम से ऐतिहासिक दसवें सीजन की मेजबानी की दिशा में अपना पहला कदम उठाएगा। 'पहली बार पीकेएल नीलामी का हिस्सा बनने के अपने अनुभव को याद करते हुए छिल्लर ने कहा, मैंने हमेशा नाम कमाने के लिए कबड्डी खेली है, और जब पहला सीजन शुरू होने वाला था, तो मैं बस इसका हिस्सा बनना चाहता था। नीलामी तब हुई जब हम बेंगलुरु में भारतीय टीम के प्रशिक्षण शिविर का हिस्सा थे और पूरी टीम एक साथ बैठी थी।

### महाराजा ट्रॉफी केएससीए टी20 | खिलाड़ियों की नीलामी 22 जुलाई को

# 700 से अधिक खिलाड़ियों की लगेगी बोली

**एजेंसी। बेंगलुरु**

फैनकोड द्वारा संचालित बहुप्रतीक्षित श्रीराम कैपिटल महाराजा ट्रॉफी केएससीए टी20 के दूसरे संस्करण की शुरूआत 13 अगस्त से हो रही है। इस साल टूर्नामेंट के फ्रेंचाइजी-आधारित मॉडल पर लौटने के साथ ही खिलाड़ियों की नीलामी 22 जुलाई को बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम में आयोजित की जाएगी। प्रतिष्ठित ट्रॉफी के लिए प्रतिस्पर्धा में गत चैंपियन गुलबर्गा मिस्टिक्स, पिछले साल की उपविजेता बेंगलुरु ब्लास्टर्स, मैसूर वॉरियर्स और हुबली टाइगर्स होंगे। इस वर्ष दो नई फ्रेंचाइजी भी शामिल होंगी, जिनका नाम मंगलुरु ड्रैगन्स और शिवमोग्गा लायंस है।

प्रत्येक टीम के प्रतिनिधि खिलाड़ियों की कड़ी प्रतिस्पर्धा वाली नीलामी में भविष्य की प्रतिभाओं को उजागर करते हुए कर्नाटक के कुछ सबसे प्रमुख क्रिकेटरों के पीछे जाने के लिए उत्सुक होंगे। चैंपियनशिप टीम



बनाने के लिए प्रत्येक फ्रेंचाइजी के पास 50 लाख का पर्स होगा।

खिलाड़ियों को चार श्रेणियों में बांटा जाएगा। श्रेणी ए में भारत और आईपीएल के खिलाड़ी शामिल होंगे, श्रेणी बी में सभी वरिष्ठ खिलाड़ी शामिल होंगे जिन्होंने विजय हजारे ट्रॉफी, रणजी ट्रॉफी और सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी जैसे बीसीसीआई राज्य टूर्नामेंट खेले हैं, जबकि श्रेणी सी में अन्य सभी बीसीसीआई टूर्नामेंट के खिलाड़ी शामिल होंगे। श्रेणी डी केएससीए के सभी पंजीकृत खिलाड़ियों के लिए आरक्षित है। नीलामी में यह निर्धारित किया गया है कि प्रत्येक टीम में अपने संबंधित क्षेत्र के दो खिलाड़ियों के अलावा कम से कम 16 खिलाड़ी और 18 से अधिक खिलाड़ी नहीं होने चाहिए। नीलामी में कर्नाटक के कुछ बेहतरीन खिलाड़ी शामिल होंगे, जिनमें अपन्ना केपी, अभिनव मनोहर, करिअप्पा केसी, देवदत्त पडिक्कल, कृष्णप्पा गौतम, करुण नायर, मनीष पांडे, मयंक अग्रवाल, अभिमन्यु मिथुन, प्रवीण दुबे, रोनित मोरे, श्रेयस गोपाल, सुचित जे, विशाक विजय कुमार शामिल हैं। नीलामी से पहले, महाराजा ट्रॉफी के आयुक्त और केएससीए के उपाध्यक्ष बीके संपत कुमार ने कहा, "पिछला संस्करण जबरदस्त सफल रहा था, हमने देखा कि कई युवा खिलाड़ियों ने मौके का फायदा उठाया। यह टूर्नामेंट का मुख्य उद्देश्य है; हम कर्नाटक के और अधिक युवाओं को अपनी क्षमता का प्रदर्शन करते देखना चाहते हैं।" उन्होंने आगे कहा, "इस साल हमने सुनिश्चित किया है कि नीलामी सबसे पेशेवर तरीके से आयोजित की जाएगी, जिसमें 700 से अधिक खिलाड़ी नीलामी में शामिल होंगे।"

## अग्रवाल, पडीक्कल व पांडे की लगेगी बोली, 14 अगस्त से शुरू होगा टूर्नामेंट

**कर्नाटक** के बड़े खिलाड़ी जैसे मयंक अग्रवाल, देवदत्त पडीक्कल और मनीष पांडे उन 700 क्रिकेटरों में शामिल हैं जिनमें से छह टीमें महाराजा ट्रॉफी केएससीए टी20 से पहले शनिवार को यहां होने वाली नीलामी में खिलाड़ियों को चुनेंगी। इस साल का टूर्नामेंट 14 से 30 अगस्त तक एक ही स्थल एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेला जायेगा। मेंगलुरु ड्रैगन्स और शिवामोग्गा लायंस दो टीमों को टूनार्मेंट में शामिल किया गया है जिससे प्रतिभागी टीमों की संख्या छह तक पहुंच गयी है। इसमें गत चैम्पियन गुलबर्गा मिस्टिक्स, उप विजेता बेंगलुरु ब्लास्टर्स, मैसुरू वारियर्स और हुबली टाइगर्स पहले से खेल रही थीं।

प्रत्येक फ्रेंचाइजी के पास 50 लाख रुपये की



राशि होगी और उन्हें कम से कम 16 खिलाड़ियों को खरीदना होगा और टीम 18 से ज्यादा खिलाड़ियों की नहीं होगी। चार वर्ग ए, बी, सी और डी में खिलाड़ियों को बांटा गया है।

